10 MAR DNS PAGES_page dummy final.qxd 12-03-2026 03:45 Page 1


# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 12 मार्च, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-25 ■ पृष्ठ -13 ■ मूल्य : 01 ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## बिहार में हो रहे विकास के कार्य, प्रदेश अब और आगे बढ़ेगा : नीतीश कुमार

### अररिया और किशनगंज पहुंचे मुख्यमंत्री, योजनाओं का लिया जायजा

**समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण**



**पटना/अररिया (एनएसबी)।:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बुधवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में अररिया और किशनगंज जिले में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान अररिया और किशनगंज जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक भी की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें। सात निश्चय-2 के तहत जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत जो योजनाएं निर्धारित की गई हैं उस पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इशारों-इशारों में राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि 2005 से पहले वाली सरकार ने कुछ काम नहीं किया। बिहार में विकास के कार्य हो रहे हैं। अब बिहार और आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण किया गया। पहले हम लोगों का लक्ष्य सुदूरवर्ती इलाके से पटना पहुंचने के लिए छह घंटे का था, जिसे पूरा कर लिया गया। इसके बाद आज प्रदेश के किसी भी इलाके से लोग पांच घंटे में पटना पहुंच रहे हैं। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले की सरकार ने महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किया था, लेकिन आज महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए कर दी गई है, जिससे 1.14 करोड़ लोगों को फायदा हो रहा है। सीएम नीतीश ने कहा कि वर्ष 2023 में जाति आधारित गणना कराई गई जिसमें लोगों की आर्थिक स्थिति की भी जानकारी ली गई है। इसमें 94 लाख गरीब परिवार पाए गए, जिनमें अपर कास्ट, पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महादलित एवं मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हैं। इनके रोजगार के लिए दो लाख रुपए की दर से सहायता देना शुरू किया गया और इस सहायता को पांच वर्षों में सभी लोगों को देना था। हम लोगों ने अब तय कर दिया है कि इन सभी 94 लाख गरीब परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार योजनाओं से जोड़कर राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई। अब तक चार चुनाव हो चुके हैं। हम लोगों ने वर्ष 2013 से पुलिस में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया। अब बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या देश में सबसे अधिक है। वर्ष 2016 से महिलाओं को सभी सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत कम थी। नीतीश कुमार ने कहा कि 20 नवंबर 2025 को राज्य में नई सरकार के गठन के कुछ ही दिनों बाद हम लोगों ने राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने हेतु सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को लागू किया है।

### सीएम ने किशनगंज जिले को दी 235 करोड़ की 122 योजनाओं की सौगात

**किशनगंज।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में किशनगंज जिले में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने ठाकुरगंज प्रखंड के चूरली में बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा नवनिर्मित 220/132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रिड उपकेंद्र के नियंत्रण कक्ष का जायजा लिया। चूरली ग्रिड उपकेंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर किशनगंज जिले के लिए 133 करोड रुपये की लागत से 73 योजनाओं का शिलान्यास एवं 102 करोड़ रुपये की लागत से 49 योजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर जीविका दीदियों द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कार्यों एवं उत्पादों की जानकारी ली। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने 13,375 जीविका स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज से आर्थिक सहयोग के तहत 2 अरब 42 करोड़ 64 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, 2,556 जीविका स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक निवेश निधि के अंतर्गत 21 करोड़ 23 लाख 20 हजार का सांकेतिक चेक, 256 सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को आर्थिक सहयोग हेतु 2 करोड़ 22 लाख 30 हजार रुपए का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव बुधवार को खारिज हो गया। सदन में ध्वनिमत से स्पीकर के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संबोधन के बाद 'स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव' को ध्वनिमत से खारिज किया गया। हालांकि, संख्या बल को देखते हुए ये पहले से ही तय था कि ये अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो जाएगा। बता दें कि करीब चार दशक के बाद लोकसभा अध्यक्ष के सामने अविश्वास प्रस्ताव आया था।

जानकारी के अनुसार, अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 घंटे तय हुए थे, लेकिन समय से ज्यादा चर्चा हुई। लगभग 13 घंटे तक सदन में पक्ष और विपक्ष की तरफ से चर्चा हुई और इसमें 42 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया। बीते महीने फरवरी में विपक्ष द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और निर्णय होने तक सदन की कार्यवाही में शामिल न होने का फैसला किया था। बता दें कि विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सदन की कार्यवाही का संचालन निष्पक्ष तरीके से नहीं कर रहे हैं और सत्ता पक्ष के पक्ष में झुकाव दिखा रहे हैं। विपक्षी दलों ने संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपा था। इस प्रस्ताव पर विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर थे। कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) समेत कई विपक्षी दलों ने इसका समर्थन किया था, जो अब ध्वनिमत से खारिज हो चुका है। अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया था कि लोकसभा अध्यक्ष ने बार-बार उन्हें सदन में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने का अवसर नहीं दिया जाता है, जिस वजह उन्हें अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने जैसा कदम उठाना पड़ा।

### स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संसदीय परंपराओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है। करीब चार दशक बाद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, जो संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के इतिहास के अनुसार सदन की कार्यवाही आपसी विश्वास के आधार पर चलती है। अध्यक्ष एक निष्पक्ष संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं, जो सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसी उद्देश्य से सदन ने नियम बनाए हैं, जिनके आधार पर अध्यक्ष सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं।अमित शाह ने कहा कि यह सदन कोई बाजार नहीं है, बल्कि यहां सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार अपनी बात रखें और चर्चा में भाग लें। उन्होंने कहा कि कोई भी सदस्य अपने अधिकारों की बात कर सकता है, लेकिन सदन के नियमों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता।

## संक्षिप्त खबरें

### शाहजहांपुर में बस और कार की जोर जोरदार टक्कर, 3 लोगों की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में बुधवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब एक कार और रोडवेज बस की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह भीषण सड़क हादसा अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के सुगसुगी गांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### फुआ को बचाने गए तीन युवकों की डूबने से मौत

**भागलपुर।** जिले के घोघा थाना क्षेत्र के गोल सड़क गंगा घाट पर बुधवार को गंगा स्नान के दौरान एक महिला को बचाने के प्रयास में तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर फैल गई है। बताया जा रहा है कि गंगा स्नान के दौरान एक महिला अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। महिला को बचाने के लिए तीन युवक तुरंत गंगा में कूद पड़े। बताया जाता है कि नया टोला ओलपुरा निवासी नंदलाल साह के 26 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार, शालिग्राम साह के 24 वर्षीय पुत्र सनी कुमार और 26 वर्षीय बॉबी कुमार अपनी फुआ रुकमनी देवी को बचाने के लिए गंगा में उतरे थे। लेकिन गंगा की तेज धारा के कारण तीनों युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।

### ईरान के साथ जंग बेहतरीन तरीके से चल रही, जल्द खत्म होने की उम्मीद :ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को लेकर आश्वस्त बयान दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध बेहतरीन तरीके से चल रहा है और जल्द ही इसका अंत हो सकता है। ट्रम्प ने अमेरिकी मीडिया प्लेटफॉर्म एक्सिओस को दिए गए फोन इंटरव्यू में कहा, अमेरिकी सेना ने ईरान को उम्मीद से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। अब ईरान में निशाना बनाने के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह भी कहा कि सैन्य अभियान निर्धारित समय से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अनुमानित छह हफ्ते के ऑपरेशन की तुलना में अमेरिकी बल पहले ही अपेक्षित क्षति से अधिक नुकसान पहुंचा चुके हैं।

## राज्यसभा चुनाव में एआईएमआईएम करेगा राजद उम्मीदवार का समर्थन



**पटना (एनएसबी)।** बिहार में राज्यसभा की 5 सीटों के लिए होने वाले चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज है। एनडीए ने सभी पांचों सीटों पर जीत का दावा किया है। वहीं राजद ने भी अपने एक उम्मीदवार अमरेन्द्र धारी सिंह को मैदान में उतारा है।

इसको लेकर राजद महागठबंधन के सभी विधायकों को एकजुट करने की कोशिश में जुटी है। इसी बीच एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान और प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की बैठक हुई। बैठक खत्म होने के बाद अख्तरूल ईमाम ने राजद प्रत्याशी को समर्थन करने वाले सवाल के जवाब में कहा कि तेजस्वी यादव से पॉजिटिव बात हुई है, पॉजिटिव ही समझिए। हम ओवैसी साहब से इसे लेकर बात करेंगे। उम्मीदवार का मामला 5 मार्च को ही स्पष्ट हो गया था। दोनों पार्टी के हित में, बिहार की जनता के हित में फैसला लेना चाहिए। इसलिए हम मिलने आए हैं। चोट दोनों को लगी है, इसलिए दोनों को संभलकर रहना चाहिए। हम लोगों ने तेजस्वी साहब को 15 मार्च को इफ्तार में आने का न्योता दिया है। वहीं, तेजस्वी यादव ने कहा कि सकारात्मक बात हुई है। 15 तारीख को इफ्तार पार्टी है। उन लोगों ने हमें न्योता भी दिया है। हम लोगों की पॉजिटिव बातचीत हुई है। हम इफ्तार में भी जाएंगे और चुनाव भी जीतेंगे।

## पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग की कोशिश

**जम्मू (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर जम्मू में बुधवार देर शाम फायरिंग की कोशिश की गई है। अधिकारियों के मुताबिक अब्दुल्ला ग्रेटर कैलाश इलाके में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ जम्मू-कश्मीर के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी मौजूद थे। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि जब फारूक अब्दुल्ला शादी से जा रहे थे तभी हमलावर कमल सिंह जामवाल ने पीछे से आकर अब्दुल्ला के सिर पर बंदूक तान दी और गोली चलाने की कोशिश की। हालांकि उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बचा लिया और हमलावर को पकड़ लिया। अधिकारियों ने बताया कि फारूक अब्दुल्ला और सुरिंदर चौधरी सुरक्षित हैं।

## हमारा मकसद है जनता की सेवा करना : निशात कुमार

**पटना (एनएसबी)।** बिहार की राजनीति में एंट्री लेने के बाद जदयू नेता निशांत कुमार बुधवार को पटना स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने जदयू के युवा विधायकों के साथ बैठक की। सभी से बिहार के विकास के बारे में उनकी राय ली। इस दौरान सभी युवा विधायकों ने बिहार के विकास को लेकर अपना-अपना विजन पेश किया। बैठक के बाद निशांत कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे कार्यकताओं, नेताओं और सांसदों को मिलकर लोगों के लिए काम करना चाहिए। हमारा मकसद है जनता की सेवा करना। निशांत कुमार के पार्टी कार्यालय आने पर कुछ जदयू नेताओं के साथ आईएएनएस ने बातचीत की। जदयू नेता चेतन आनंद ने कहा कि जदयू ऑफिस ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, और वे खुद आए और पूछा कि बिहार कैसे आगे बढ़ सकता है।




जदयू कार्यालय पहुंचे निशांत, कार्यकताओं ने फूल-माला से किया स्वागत


युवा नेताओं की एक टीम मौजूद थी, और चर्चा इस बात पर फोकस थी कि बिहार को कैसे आगे बढ़ाया जाए और सुधार के लिए एरिया की पहचान की जाए। उन्होंने बताया कि निशांत कुमार कई जिलों की यात्रा पर निकलने वाले हैं, हालांकि अभी रूट निर्धारित नहीं किया गया है। लेकिन, संभावना है कि बहुत जल्द निशांत कुमार यात्रा पर निकलेंगे।

## फतुआ में पुलिस मुठभेड़ में एक अपराधी घायल

**पटना (एनएसबी)।** पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में बुधवार को पटना के फतुहा थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक अपराधी घायल हो गया। घायल अपराधी को इलाज के लिए स्थानीय एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपराधी के पास से बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि फतुहा थानांतर्गत एक अंतरजिला अपराधी गिरोह द्वारा भारी मात्रा में कारतूसों की सप्लाई की जा रही है तथा अवैध हथियारों की डील होने वाली है। उक्त सूचना के आधार पर एक टीम गठित की गई और सूचना के आधार पर बताए गए स्थल पर पहुंचकर सत्यापन किया गया।



## लालू की याचिका पर सीबीआई को नोटिस



**दिल्ली हाईकोर्ट ने रेलवे जमीन-बदले नौकरी का मामले**

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को सीबीआई को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस लालू प्रसाद यादव की उस याचिका पर जारी किया गया है, जिसमें उन्होंने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ चार्ज फ्रेम करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट की सिंगल जज बेंच जस्टिस मनोज जैन ने मामले की संक्षिप्त सुनवाई के बाद सीबीआई से जवाब मांगा और याचिका की अगली सुनवाई 17 मार्च के लिए तय की। याचिका में लालू प्रसाद यादव ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें उनके खिलाफ और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट से राहत की मांग की है। इस मामले में जनवरी में स्पेशल जज विशाल गोगने ने लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के कई सदस्यों के खिलाफ चार्ज फ्रेम किए थे। अदालत ने पाया कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के पर्याप्त सबूत हैं। आरोपियों में उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, और बेटियां मीसा भारती और हेमा यादव भी शामिल हैं।

## 36.38 करोड़ से होगा बीरपुर एयरपोर्ट विकास टेंडर जारी : सम्राट



**पटना (एनएसबी)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सुपौल जिला के बीरपुर एयरपोर्ट के विकास और उन्नयन के लिए टेंडर जारी किया है। कोड-2बी श्रेणी के विमानों के संचालन के लिए प्री-फैब्रिकेटेड स्टील स्ट्रक्चर टर्मिनल भवन, प्री-इंजीनियर्ड एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टावर, प्री-इंजीनियर्ड फायर स्टेशन तथा एयरपोर्ट से जुड़े अन्य भवनों का निर्माण किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 36.38 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। और इसे पूरा करने के लिए 15 माह की समयावधि तय की गई है।

## पश्चिम एशिया संकट पर कांग्रेस राजनीति कर रही, अफवाहों से सतर्क रहें : पीएम



**एनार्कुलम (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को केरल के एनार्कुलम में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और वामदलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट जैसे वैश्विक मुद्दे पर भी कांग्रेस राजनीति कर रही है और अफवाहें फैलाकर देश में डर का माहौल बनाने की कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को लेकर लोगों की चिंता स्वाभाविक है क्योंकि लाखों भारतीय वहां काम करते हैं। लेकिन देश को भरोसा रखना चाहिए कि भाजपा-एनडीए सरकार अपने नागरिकों को संकट में कभी अकेला नहीं छोड़ती। उन्होंने कहा कि चाहे ईराक में नर्सों को बचाने का मामला हो या यमन में आतंकवादियों के कब्जे से फादर टॉम को छुड़ाने की घटना, भारत ने हमेशा अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी ताकत लगाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान संकट के दौरान भी सरकार भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि खाड़ी देशों की सरकारें भी भारतीय नागरिकों का ध्यान रख रही हैं और वहां स्थित भारतीय दूतावास 24 घंटे सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिसमें भोजन, चिकित्सा और कानूनी मदद शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने बड़े वैश्विक संकट के समय भी कांग्रेस उकसाने वाले और गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रही है, जिससे हालात बिगड़ सकते हैं और विदेशों में रह रहे भारतीयों के लिए मुश्किलें पैदा हो सकती हैं।

### प्रधानमंत्री ने कोच्चि में 11 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया

**कोच्चि (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोच्चि में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पेट्रोलियम सेक्टर का विस्तार बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोच्चि रिफाइनरी में पॉलीप्रोपाइलीन यूनिट की स्थापना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस यूनिट से हर वर्ष करीब चार लाख टन पॉलीप्रोपाइलीन का उत्पादन होगा, जो पैकेजिंग, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, मेडिकल डिवाइस सहित अनेक उद्योगों को समर्थन देगा।

## खबरें : एक नजर में

### राज्य में घरेलू गैस सिलेंडरों का है पर्याप्त भंडार, न घबराएं उपभोक्ता, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा घरेलू गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की हो रही है लगातार निगरानी

**पटना (एनएसबी)।** पेट्रोलियम एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि राज्य में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। ऐसे में आम उपभोक्ताओं को घबराने या गैस एजेंसियों के पास अनावश्यक रूप से भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं की सुविधा तथा गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वर्तमान में यह व्यवस्था लागू की गई है कि किसी भी घरेलू उपभोक्ता को अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नये गैस सिलेंडर की बुकिंग (नंबर लगाने की) करने की अनुमति है। बुकिंग दर्ज होने के पश्चात 2 से 3 दिनों के भीतर घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा घरेलू गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके। विभाग द्वारा आम जनता के हित में घरेलू गैस वितरण प्रणाली को सुचारु और पारदर्शी बनाए रखने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे धैर्य बनाए रखें तथा अनावश्यक रूप से गैस वितरकों के यहां भीड न लगाएं साथ ही भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें।


घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध।

### किस मुंह से एआईएमआईएम से वोट मांग रहे तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

**पटना (एनएसबी)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जोरदार तंज कसा और कहा कि तेजस्वी यादव चाहे जितना कसरत कर लें , एआईएमआईएम और बसपा के विधायक को कोई भी प्रलोभन दें, उनके प्रलोभन में कोई नहीं फंसनेवाला। राज्यसभा चुनाव में महागठबंधन के उम्मीदवार की करारी हार तय है। श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एआईएमआईएम के शीर्ष नेता पिछली घटना को नहीं भूले होंगे, जब तेजस्वी यादव ने एआईएमआईएम के पांच में से चार विधायकों को अपनी पार्टी में मिला लिया था। फिर आज किस मुंह से एआईएमआईएम से वोट मांग रहे हैं। एक कहावत है कि दूध का चला मट्ठा भी फूंक-फूंककर पीता है, एआईएमआईएम इस बार पूरी तरह सावधान है, वह किसी भी सूरत में महागठबंधन के उम्मीदवार को अपना वोट नहीं देगा। श्री मिश्र ने कहा कि मंगलवार को हुई बैठक में एआईएमआईएम और बसपा के विधायक शामिल नहीं हुए। इससे साफ हो गया है कि इन दोनों दलों के विधायक महागठबंधन के उम्मीदवार को वोट नहीं करने जा रहे। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी के जाल में अब कोई नहीं फंसनेवाला वाला। तेजस्वी पूरी तरह एक्सपोज हो चुके हैं। राजनीति में अब न इनकी कोई विश्वसनीयता बची है और न कोई साख रही है।

### पटना में महिलाओं के लिए लगेगा दो दिवसीय मेगा जब फेयर, ज्ञान भवन में 16 और 17 मार्च को होगा आयोजन

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में नौकरी तलाश रहीं महिलाओं के लिए बिहार सरकार बड़ा अवसर मुहैया कराने जा रही है। कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के तहत पटना के ज्ञान भवन परीसर में 16 और 17 मार्च को महिला मेगा जब फेयर 2026 का आयोजन होने जा रहा है। इस दो दिवसीय जब फेयर में 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां हिस्सा लेगी। इनमें करीब 2000 से अधिक महिलाओं को नौकरी मिलने की संभावना है।

कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास निगम की तरफ से किया जा रहा है। इसमें निगम के अंतर्गत संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण और बिहार कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित महिलाओं को भी राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

**'ऑन-स्पॉट इंटरव्यू और नौकरी का मौका :** इस रोजगार मेले की सबसे बड़ी खासियत हिस्सा लेने वाली महिलाओं को सीधे कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलने और मौके पर ही इनका चयन कर लिया जाएगा। इस दौरान कंपनियां उम्मीदवारों के कौशल, अनुभव और योग्यता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी देंगी। जब फेयर में आईटी, रिटेल, हेल्थकेयर, बैंकिंग, कस्टमर सर्विस, विनिर्माण और सर्विस सेक्टर समेत कई क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होंगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जब फेयर में भाग लेने के लिए सीटें सीमित हैं। इच्छुक महिला उम्मीदवार जल्द से जल्द महिला एवं बाल विकास निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर निशुल्क पंजीकरण कर सकतीं हैं।

**महिला उम्मीदवार की पात्रता :** यह जब मेला सभी वर्गो की महिलाओं के लिए खुला है। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं से शुरू होकर 12वीं, स्नातक, तकनीकी डिग्री या आईटीआई तक रखी गई है। इसके लिए उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। इंटरव्यू के दौरान जरूरी दस्तावेज के तौर पर आधार कार्ड, बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की कपी और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

### जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**पटना (एनएसबी)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन, पटना द्वारा जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुण्डलिक खांडेकर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर उप विकास आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर सरकार विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 का प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## सेकंड चांस कार्यक्रम के तहत बालिकाओं के लिए मॉक टेस्ट का सफल आयोजन



**पटना (एनएसबी)।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित सेकंड चांस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा प्राप्त कर रही बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए दिनांक 09 मार्च से 11 मार्च तक मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस मॉक टेस्ट में कुल 93 बालिकाओं ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन दो पालियों में किया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों को व्यवस्थित रूप से परीक्षा देने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर राज्य कार्यक्रम समन्वयक राजेश कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि सेकंड चांस कार्यक्रम उन बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए संचालित किया जा रहा है, जो विभिन्न सामाजिक, आर्थिक एवं व्यक्तिगत कारणों से पूर्व में अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख सकी थीं।

### सोनपुर मंडल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए

## महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही : डा. निधि शरण

**पटना/ सोनपुर (एनएसबी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 10-03-26 को सोनपुर मंडल द्वारा महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने एवं महिला कर्मियों में खेल भावना, उत्साह और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवे स्टेडियम, सोनपुर में अंतर विभागीय महिला कर्मचारी खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में महिला कर्मचारियों द्वारा पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभागीय क्रिकेट मैच एवं अन्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विभिन्न विभागों की महिला कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कीं।

वहीं सामुदायिक भवन सोनपुर में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला रेल कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और अन्य 250 महिला कर्मचारियों को के द्वारा उपहार दिया गया। व्याख्यान के दौरान डा शालिनी जैन के द्वारा महिलाओं के स्वास्थ पर जागरूक करने हेतु व्याख्यान दिए श्रीमती आरती सत्यवाला अधिवक्ता के द्वारा महिलाओं के कानूनी विषय में जानकारी दी गई।

उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा, महिला कल्याण संगठन, श्रीमती डा. निधि शरण ने अपने संबोधन में महिला कर्मियों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहीं कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और ऐसे आयोजनों से न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा मिलता है, बल्कि रेल कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है।

वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने अपने संबोधन में कहे कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से महिला रेल कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं और कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

पूरे आयोजन के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा और महिला कर्मियों ने खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सोनपुर मंडल द्वारा इस प्रकार के आयोजन न केवल महिला कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं, बल्कि कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का आयोजन कार्मिक विभाग एवं महिला कल्याण संगठन, सोनपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया साथ ही स्काउट एंड गाइड के सदस्यों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की गई।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला रेल कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## मानव तस्करी मामलों में संवेदनशीलता दिखाएं पुलिसकर्मी: डीजीपी

**पटना (एनएसबी)।** मानव तस्करी, अनैतिक देह व्यापार और बाल श्रम से जुड़े मामलों के निपटारे में पुलिसकर्मियों को संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है। अगर कोई बच्चा गायब हो जाता है और तीन महीने तक बरामद नहीं होता है, तो इस तरह के मामले समय बीतने के साथ ही बेहद जटिल हो जाते हैं। ये बातें डीजीपी विनय कुमार ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित कार्यशाला में कही। पुलिस महकमा के कमजोर वर्ग प्रभाग की मानव व्यापार निरोध इकाई के स्तर से पुलिसकर्मियों को इस मामले की गंभीरता को बताने के उद्देश्य से यह कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए डीजीपी ने पुलिसकर्मियों से बच्चा गुमशुा के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसमें पूरी संवेदनशीलता दिखाने की बात कही। कहा कि इस मामले ऐसे समझें कि आपका बच्चा गुम हो जाए, तो कैसे लगेगा।

उसी संवेदनशीलता के साथ खोए बच्चों की तलाश कम से कम समय में करें। वर्ष 2025 में मानव तस्करी, अनैतिक देह व्यापार और बाल श्रम से संबंधित 506 कांड दर्ज किए गए, जिसमें 1487 पीड़ितों को शोषण से मुक्त कराते हुए 437 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों को संवेदनशील होना बेहद आवश्यक है। प्रत्येक जिला में इसके लिए अलग से जिलास्तरीय मानव व्यापार निरोध इकाई (डीएल-एएचटीयू) गठित हैं। इसमें मानव बल की भी कमी नहीं है। राज्य में पुलिस और रेलवे जिला समेत सभी 44 जिलों के अलावा तीन हवाई अड्डों पटना, गया और दरभंगा में भी एएचटीयू गठित हैं।

**मानव व्यापार निरोध इकाई की तरफ से आयोजित कार्यशाला को डीजीपी ने किया संबोधित**

**राज्य के सभी जिलों और तीन हवाई अड्डों में मानव तस्करी इकाई का किया गया गठन**

**वर्ष 2025 में मानव तस्करी, अनैतिक देह व्यापार और बाल श्रम से संबंधित 506 कांड हुए दर्ज**

पूर्णिया हवाई अड्डों पर इसके गठन की प्रक्रिया चल रही है। मानव तस्करी से जुड़े मामलों में जिला पुलिस के मार्गदर्शन के लिए दो मानक कार्य प्रणाली (एसओपी) निर्धारित कर दी गई है।

इसके साथ ही मानव व्यापार निरोध इकाई के प्रभारी पुलिस निरीक्षक के कर्तव्य और दायित्वों का निर्धारण तथा लापता एवं गुमशुदा बालकों के मामलों में कांड का उद्भेदन के लिए भी मार्गदर्शिका भी कमजोर वर्ग के स्तर से जारी है। इनका पालन करते हुए इस तरह के मामलों का निपटारा जल्द से जल्द करने की कोशिश करने की आवश्यकता है।

डीजीपी ने कहा कि गुमशुी के मामलों में समय ही सबसे बड़ी पूंजी होती है। इन मामलों में जितनी तत्परता दिखाई जाएगी, उसके उद्भेदन की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि सभी जिले गुमशुी से जुड़े जटिल कांड़ों को ट्रेस कराएं।

उन्होंने मानव तस्करी और अनैतिक देह व्यापार के उन्मूलन के लिए अलग-अलग एजेंसियों को एक साथ मिलकर काम करने पर खासतौर से जोर दिया। इस मौके पर इस वर्ष 1 से 20 अप्रैल तक ऑपरेशन नया सवेरा 2.0 चलाने की घोषणा की गई।

कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता के तौर पर एनडीआरएफ के सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक डा पीएम नायर ने मानव तस्करी और बंधुआ मंजदूरी के विभिन्न पहलूओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एडीजी (कमजोर वर्ग) डा अमित कुमार जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## नशा मुक्त बिहार थीम पर 15 मार्च को होगा पटना मैराथन 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद

**पटना (एनएसबी)।** मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार तथा भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से आयोजित होने वाले पटना मैराथन 2026 के संबंध में 11 मार्च 2026 को आयुक्त, पटना प्रमंडल अनिमेष कुमार पराशर की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमंडल, पटना के प्रथम तल स्थित सभागार में एक प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुक्त, उत्पाद, मध निषेध एवं निबंधन विभाग अंशुल अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

आयुक्त, पटना प्रमंडल अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि नशा मुक्त बिहार के संदेश के साथ आयोजित होने वाला पटना मैराथन राज्य में जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मैराथन का आयोजन कुछ विलंब से हो रहा है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी स्तरों पर इसकी तैयारी पूरी तरह से सुव्यवस्थित और बेहतर तरीके से की जाए, ताकि यह आयोजन सफल और प्रभावी हो सके।

मीडिया को संबोधित करते हुए आयुक्त, उत्पाद, मध निषेध एवं निबंधन विभाग अंशुल अग्रवाल ने कहा कि पटना मैराथन अब बिहार की एक पहचान बन चुकी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले पटना मैराथन में देशभर से लगभग 10,000 प्रतिभागियों के शामिल होने का अनुमान है।

उन्होंने बताया कि यह मैराथन 15 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसमें चार श्रेणियों में दौड़ का आयोजन किया जाएगा फुल मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी), 10 किलोमीटर रन, 5 किलोमीटर रन। मैराथन की शुरुआत और समापन गांधी मैदान, पटना से होगा। दौड़ का मार्ग गंगा पथ और अटल पथ से होकर गुजरेगा, जिससे प्रतिभागियों को पटना के सुंदर रिवरफ्रंट और आधुनिक सड़कों का अनुभव प्राप्त होगा। आयुक्त श्री अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष पटना मैराथन में ओलंपिक पदक विजेता और विश्व प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, जो अपनी उपस्थिति से प्रतिभागियों को प्रेरित करेंगी।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त से लाभान्वित होंगे बिहार के 73 लाख से अधिक किसान : रामकृपाल यादव

**प्रधानमंत्री द्वारा 13 मार्च को किसानों के खातों में सीधे ट्रांसफर होगी 1467 करोड़ रुपये से अधिक की राशि**

**पटना (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 22वीं किस्त का वितरण 13 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा असम के गुवाहाटी से किया जाएगा। इसके माध्यम से देशभर के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए सहायता राशि भेजी जाएगी।

इस अवसर पर बिहार के 73.34 लाख से अधिक पात्र किसानों के बैंक खातों में लगभग 1,467 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की जाएगी। ये बातें बुधवार को राज्य के षि मंत्री राम पाल यादव ने कही।

उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है। इस योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराई जाती है।

उन्होंने कहा कि बिहार सरकार भी किसानों को इस योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। बिहार सरकार राज्य के किसानों का व्यापक स्तर पर पंजीकरण, आधार सत्यापन तथा बैंक खातों की एनपीसीआई से लिंकिंग सुनिश्चित करवा रही है। बिहार सरकार कोशिश कर रही है कि किसानों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।

कृषि मंत्री ने राज्य के सभी किसानों से अपील की है कि जो किसान अभी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से नहीं जुड़े हैं, वे शीघ्र अपना पंजीकरण कराएं और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करें, ताकि उन्हें भी इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

## बिहार में दूसरे राज्यों से आने वाले लघु खनिज वाहनों का ट्रांजिट पास अनिवार्य

**पटना (एनएसबी)।** राज्य सरकार ने दूसरे राज्यों से बालू, पत्थर, स्टोन चिप्स, मोरम, स्टोन डस्ट सहित सभी खनिजों को लेकर बिहार की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों को ट्रांजिट पास (टीपी) लेना अनिवार्य कर दिया है।

उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में लघु खनिजों के परिवहन को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए यह निर्णय लिया है, ताकि राज्य में खनिज परिवहन व्यवस्था अधिक पारदर्शी, वैधानिक और राजस्व उन्मुख बन सके।

विभाग के अनुसार यह व्यवस्था बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 (यथा संशोधित) के नियम 41 के अंतर्गत लागू की गई है। इसके तहत अन्य राज्यों से लघु खनिज लेकर आने वाले सभी वाहनों को राज्य की सीमा में प्रवेश करते समय ट्रांजिट पास प्राप्त करना होगा।

विभाग द्वारा निर्धारित विनियामक शुल्क के अनुसार, जिन राज्यों से प्राप्त खनिज के परिवहन चालान में खनिज का वजन अंकित होगा, उनके लिए 60 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से ट्रांजिट पास लेना होगा। वहीं जिन चालानों में खनिज का आयतन अंकित होगा, उनके लिए 85 रुपये प्रति घनमीटर की दर से ट्रांजिट पास अनिवार्य होगा। राज्य में अवसंरचना विकास की तेज गति के कारण पड़ोसी और अन्य राज्यों से बड़ी मात्रा में बालू, पत्थर सहित विभिन्न लघु खनिजों का आयात किया जा रहा है। अब तक इन खनिजों की मात्रा, प्रकार और परिवहन के अनुश्रवण के लिए कोई समग्र प्रणाली लागू नहीं थी। नई व्यवस्था के तहत सिस्टम इंटीग्रेटर के माध्यम से राज्य की सीमा में प्रवेश करने वाले खनिज लदे वाहनों का डिजिटल अनुश्रवण किया जाएगा।

**सीमाओं पर होगी सघन निगरानी, लगेंगे सीसीटीवी कैमरे**

**लापरवाही करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

इस निर्णय से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। साथ ही अन्य राज्यों से होने वाले अवैध खनन और अवैध परिवहन पर भी प्रभावी रोक लगेगी। एक ही चालान के आधार पर कई बार खनिज ढुलाई करने जैसी अनियमितताओं पर भी अंकुश लगेगा।

नई व्यवस्था के तहत सीमावर्ती जिलों के प्रशासन की जिम्मेदारी भी बढ़ाई गई है। खनिज लदे वाहनों की निगरानी के लिए राज्य की सीमाओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ताकि वाहनों की आवाजाही का सतत निरीक्षण किया जा सके। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पहल से खनिजों के वैध स्रोत की प्रामाणिकता सुनिश्चित होगी तथा खनन एवं परिवहन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तकनीक आधारित बनेगी।

### आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन कराने की तिथि बढ़ी, 20 मार्च तक बच्चों का नामांकन कराने का दिया आदेश

**पटना (एनएसबी)।** शिक्षा का अधिकार कानून के तहत राज्य के निजी विद्यालयों में नामांकन दाखिल कराने की तिथि बढ़ा दी गई है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान) के पास पत्र भेजकर चयनित बच्चों का 20 मार्च तक नामांकन कराने का आदेश दिया है। नामांकन में उदासीनता बरतने वाले विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा विभाग ने कहा है कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत प्रस्वीति प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 फीसदी अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के अनलाइन नामांकन हेतु 23 फरवरी को सभी जिलों में प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया था।

उसमें चयनित बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए 10 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई थी। अनलाइन नामांकन हेतु चयनित 69,193 छात्रों में से मात्र 40,626 छात्रों का नामांकन हो सका है। इसको देखते हुए 20 मार्च तक नामांकन की तिथि विस्तारित की गई है।

## बिहार को टेक्नोलॉजी और न्यू एज इकोनामी का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से आयोजित हुई एपेक्स समितियों की बैठक

**दिल्ली/ पटना (एनएसबी)।** सरकार द्वारा राज्य को नवाचार, प्रौद्योगिकी सेवाओं तथा नई अर्थव्यवस्था (न्यू एज इकोनमी) के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से गठित तीन एपेक्स (शीर्ष स्तरीय) समितियों की दूसरी बैठक 11 मार्च 2026 को नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की। बैठक में राज्य के लिए प्रौद्योगिकी आधारित विकास की दीर्घकालिक रणनीति और निवेश आकर्षित करने के उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में बिहार को पूर्वी भारत के टेक हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्तावित रोडमैप पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर मैन्युफै रिंग, वैश्विक क्षमता केंद्र, मेगा टेक सिटी तथा फिन-टेक सिटी जैसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स की संभावनाओं पर विचार किया गया।

इसके अतिरिक्तन्यू एज इकोनामी के तहत स्टार्टअप, नवाचार और युवाओं के लिए रोजगारोन्मुख अवसरों को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। बैठक में राज्य की मौजूदा नीतियों की समीक्षा करते हुए यह भी विचार किया गया कि स्टार्टअप और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए किन नए सुधारों और पहलों की आवश्यकता है।

बैठक में अगले पाँच वर्षो में बिहार को ग्लोबल बैकएंड हब और ग्लोबल वर्कप्लेस के रूप में स्थापित करने की कार्ययोजना पर भी विचार किया गया। इसके अंतर्गत कार्यान्वयन की रणनीति, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा उद्योग जगत के साथ साझेदारी को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की गई।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि बिहार सरकार का प्रमुख लक्ष्य राज्य में निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करना है, ताकि देश और विदेश के निवेशक बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए आगे आएँ। उन्होंने कहा कि बिहार में बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली युवा, तेजी से विकसित होती आधारभूत संरचना और सरकार की निवेश समर्थक नीतियाँ राज्य को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी औद्योगिक सम्मेलनों के माध्यम से राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है और इस मंच के माध्यम से वैश्विक निवेशकों तथा उद्योग जगत को बिहार में उपलब्ध अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, कुंदन कुमार ने बिहार में स्टार्टअप और न्यू एज इकोनमी से जुड़े निवेश को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य बिहार को टेक्नोलॉजी कंपनियों, स्टार्टअप्स और सेवा क्षेत्र से जुड़े उद्योगों के लिए एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी औद्योगिक सम्मेलनों के माध्यम से निवेशकों, उद्योगपतियों और वैश्विक उद्यमियों को बिहार में उपलब्ध औद्योगिक अवसरों से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने राज्य सरकार के एआई मिशन से जुड़ी पहलों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि एआई और उभरती डिजिटल तकनीकों के क्षेत्र में बिहार के पास व्यापक संभावनाएँ हैं। यदि इन क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित किया जाए तो इससे न केवल नए उद्योग स्थापित होंगे बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक शीर्ष समिति के लिए स्पष्ट और समयबद्ध एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा, ताकि प्रस्तावित पहलों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा सके। इसके तहत प्रमुख प्राथमिकताओं, आवश्यक नीतिगत हस्तक्षेपों तथा रणनीतिक पहलों की पहचान की जाएगी।

साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि राज्य सरकार, उद्योग जगत, शिक्षण संस्थानों और स्टार्टअप इकोसिस्टम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रौद्योगिकी आधारित विकास को गति दी जाए।

बैठक में बड़े निवेश (लार्ज टिकट साइज इन्वेस्टमेंट) को आकर्षित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इसके लिए तकनीक आधारित और नवाचार-आधारित क्षेत्रों में कार्यरत वैश्विक निवेशकों से संपर्क बढ़ाने तथा बिहार को एक उच्च संभावनाओं वाले निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करने पर बल दिया गया।

इसके अतिरिक्त उच्च संभावनाओं वाले स्टार्टअप्स को तेजी से विकसित कर यूनिकर्न बनने की दिशा में मार्गदर्शन देने, उन्हें बाजार, वित्तपोषण, इनक्यूबेशन और वैश्विक साझेदारियों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। विशेष रूप से एआई, डीप टेक, फिनटेक, एग्रीटेक और हेल्थटेक जैसे क्षेत्रों में उद्यमों के विस्तार को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई गई।

बैठक में अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग आनंद किशोर, प्रधान सचिव, कृषि विभाग नर्मदेश्वर लाल, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग विनय कुमार, वित्त विभाग की सचिव (व्यय) श्रीमती रचना पाटिल, उद्योग (एमएसएमई) निदेशक अमन समीर, उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता तथा कृषि विभाग के निदेशक सौरव सुमन यादव उपस्थित थे। बैठक में रुहैल रंजन (विधायक, इस्लामपुर), अभिषेक आनंद (विधायक, चेरिया-बरियारपुर) एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े अंतरराष्ट्रीय उद्यमी सुशांत पटनायक ने भी अपने विचार साझा किए। बैठक में स्टार्ट-अप और उद्यमिता से जुड़े प्रमुख उद्योग विशेषज्ञों और उद्यमियों ने भी अपने विचार साझा किए।



बिहार को टेक्नोलॉजी और न्यू एज इकोनमी का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से आयोजित हुई एपेक्स समितियो की बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की।

# दरभंगा में रसोई गैस की किल्लत, उपभोक्ता हो रहे परेशान, गैस वितरक के मोबाइल बंद

पुनीत कुमार सिन्हा



मनीगाछी मे रसोई गैस के लिए सड़क किनारे खड़े लोग ।

**दरभंगा।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति चरमरा गई है, जिसका सीधा असर भारत की रसोई पर भी पड़ा है। पिछले चार पांच दिनों से जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में भारी गिरावट आई है, वही कामर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर लगी रोक ने आमजन जीवन को अस्त-व्यस्तता कर दिया है।

घर पर गैस पहुंचाने वाले वेंडर ने मोबाइल बंद कर लिया है। गैस एजेंसी के मालिक और वितरक गैस कब मिलेगा इस पर कोई सही जवाब नहीं दे रहे है। विजिटर के कई वर्षों पहले जिस तरह उपभोक्तागण सिलेंडर के लिए सुबह से ही कतारों में खड़े होने को मजबूर होते थे, उसी तरह का माहौल फिर बन गया है। जिसका फायदा उठाकर कालाबाजारी का धंधा भी जोरों पर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दरभंगा जिले में करीब डेढ़ दर्जन गैस एजेंसी है, यह प्रत्येक माह लगभग 8 लाख सिलेंडरों की आपूर्ति करती है, जिसमें लगभग 85000 सिलेंडर कमर्शियल है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की कमी के अंदेशा और देश में 14.2 किलोग्राम घरेलू सिलेंडर के कीमतों में हाल ही में हुई 60 रुपये की वृद्धि ने उपभोक्ता पर दबाव बढ़ा दिया है, तत्काल जिला में घरेलू सिलेंडर की कीमत 1000 तक पहुंच गई है। एक गैस एजेंसी के प्रोपराइटर ने बताया कि गैस की जितनी कमी नहीं है उससे ज्यादा उसका डर है। जिन लोगों के घर में गैस की कमी भी नहीं हुई है उन लोगों को भी इस प्रोपगंडा से घबराहट हो गई है और वह भी अपना नंबर लगा रहे हैं, जिस कारण गैस नंबर लगाने वालों की संख्या अत्यधिक हो गई है। इधर तेल कंपनियों की तरफ से मंगलवार को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई नहीं होने से रेस्टोरेंट, होटल और ढाबा संचालकों की चिंता बढ़ गई है।

कमर्शियल सिलेंडर का उठाव नहीं होने के कारण और सप्लाई नहीं होने के कारण गैस से भरे ट्रक प्लांट परिसर के अंदर ही खड़े रहे, इससे बाजार में सिलेंडर का वितरण नहीं हो पाया। बताया जाता है कि एलपीजी प्लांट में पिछले दो दिनों से कमर्शियल सिलेंडर का रिफिलिंग प्रभावित है। गैस की कमी को देखते हुए सरकार ने गैस बुकिंग के नियमों में भी बड़ा बदलाव किया है।अब उपभोक्ता एक सिलेंडर लेने के कम से कम 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर बुक कर पाएंगे, जबकि पहले यह समय सीमा 21 दिन की थी। ईरान और इजरायल के बीच युद्ध की बात कहकर इस आपदा का लाभ उठाते हुए कई एजेंसी संचालकों तथा कालाबाजारियों द्वारा आपूर्ति कम होने की बात का अफवाह उड़ाकर अवैध वसूली का मामला सामने आ रहा है। लोग गैस गोदामों पर घंटे कतार में खड़े लग रहे हैं। यहां भी उनसे निर्धारित मूल्य से अधिक दाम लेने की बात कही जा रही है।

## गैस सिलेंडर के अभाव में डीएमसीएच के मरीजों को अब नहीं मिलेगी रोटी

**दरभंगा (एनएसबी)।** डीएमसीएच में गैस के अभाव में रोगी को खाना मिलना बंद हो सकता है। डीएमसीएच में रोगी के लिए खाना जीविका द्वारा बनाया जाता है।लेकिन रोटी बनाना बंद कर दिया गया है। क्योंकि चार ही सिलेंडर गैस बचा हुआ है।मैनेजर अभिषेक कुमार ने बताया कि गैस के लिए हम लोग हर जगह फोन करते हैं। लेकिन गैस उपलब्ध नहीं हो रहा है। जिसके फलस्वरुप रात में रोटी बनाना बंद कर रहा हूं।वैसे गैस के लिए जिलाधिकारी को लिखा गया है व्यवस्था होने के बाद सुचारू रूप से काम चल सकेगा। मैनेजर अभिषेक कुमार ने तत्काल कोयला चूल्हा एवं लकड़ी चूल्हा का भी व्यवस्था कर रहे हैं।यदि गैस नहीं मिलेगा तो इसी पर काम किया जाएगा। दरभंगा शहर के अलावा देहात में भी गैस मिलना बंद हो चुका है। गैस एजेंसी वाले अपना फोन तक बंद कर चुके हैं। जिसके फल स्वरुप लोगों को लकड़ी पर खाना बनाने का आदत बनाना पड़ेगा।

## आज गुललोबारा फीडर के दस ट्रांसफार्मर का लाइन रहेगा बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** 12 मार्च 2026 दिन गुरुवार को गुल्लोवारा फीडर में नाका 5 से जंफर खोल कर एच टी पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेन्द्र अर्बन से निकलने वाली 11 केवी गुल्लोवारा फीडर में 10 ट्रांसफॉर्मर का लाइन रात्रि 11 बजे से सुबह 2 बजे तक बंद रहेगा। प्रभावित होने वाले क्षेत्र है - नाका नं - 5, साहसूपन, किलाघाट, मुफ्ती मोहल्ला, टाउन थाना, बाजिदपुर, मह्दौली, तरौनी आदि है।

## गर्म रिफाइंड में गिरने से गंभीर रूप से हुआ जख्मी

**दरभंगा (एनएसबी)।** सोनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत टिका पट्टी गांव में एक शादी समारोह था।जिसमें हलवाई के साथ एक व्यक्ति काम कर रहे थे। वह शाम के 5:00 बजे बाल्टिन में पानी लेकर आ रहा था। पांव फिसलने के कारण वह गर्म बुनिया बने हुए रिफाइन में गिर गया। जिसके फलस्वरुप उनका शरीर बुरी तरह से जल चुका है।उनका पहचान सोनकी थाना क्षेत्र के सोनकी निवासी वार्ड 6 के स्वर्गीय अशर्फी मंडल के पुत्र दुखा मंडल उम्र 60 साल के रूप में की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर थाना परिसर में पुलिस कर्मियों के लिए बन रहे आवासीय भवन में घटिया सामग्री का इस्तेमाल

**थानाध्यक्ष ने भी जताई आपत्ति, निर्माण स्थल पर ना बोर्ड का पता और ना ही कोई जानकारी**

**दरभंगा (एनएसबी)।** सदर थाना परिसर में पुलिस कर्मियों के लिए लाखों की लागत से बनाई जा रही आवासीय भवन के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है। निर्माण में उपयोग किया जा रहे ईट इनके मामूली चोट लगते ही भूसे की तरह बिखर रही है। इसके अलावा मजदूर बिना किसी सेफ्टी उपकरण के काम कर रहे हैं। जिससे उनकी सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के आवास के लिए भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है पर सूचना पट् नहीं लगने के कारण यह पता नहीं चल रहा है कि किस विभाग से और कितने की लागत से भवन निर्माण हो रहा है। लेकिन भवन निर्माण में घटिया ईट ,सीमेंट ,बालू का उपयोग किया जा रहा है। वहीं कई पुलिस कर्मियों ने शिकायत की कि कार्य की देखरेख करने वाले जेई कभी मौके पर नहीं आए। वही कई पुलिस कर्मी ने कहा कि जेई को उन्होंने चेहरा तक नहीं देखा। वहीं थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने निर्माण में घटिया ईट के उपयोग पर आपत्ति जताई और उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही थी बेहद खराब गुणवत्ता की है और इस बारे में कई संबंधित कमीयी कार्य करने वाले मुंशी को ईंटों, सीमेंट, बालू वापस करने के निर्देश दिए हैं पर चोरी छुपे कार्य किया जा रहे हैं थे। वहीं बुधवार को थाना अध्यक्ष ने भवन निर्माण का कार्य को रोकते हुए कहा कि गुणवत्ता सही नहीं किया गया तो वरीय पदाधिकारी को शिकायत किया जाएगा।



### ग्रामीण विकास के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 ऐतिहासिक : डॉ. धर्मशीला



**दरभंगा (एनएसबी)।** राज्यसभा सांसद एवं बिहार भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने केंद्रीय बजट 2026-27 के अंतर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह बजट ग्रामीण भारत को विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करता है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि भारत की असली शक्ति उसके गांवों में बसती है और जब गांव मजबूत होते हैं तो देश भी मजबूत होता है। इसी सोच के साथ इस वर्ष ग्रामीण विकास मंत्रालय के लिए लगभग 1.97 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो करोड़ों ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प है।उन्होंने कहा कि इस बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नई पहल को आगे बढ़ाया गया है, जिसके लिए लगभग 95,692 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवास, बुनियादी ढांचे और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनाझ्रग्रामीण गरीबों को सम्मानजनक जीवन देने वाली ऐतिहासिक योजना बन चुकी है। इस वर्ष इसके लिए लगभग 54,900 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके माध्यम से देश के करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर मिला है, जो केवल चार दीवारें नहीं बल्कि सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य की नींव हैं। केंद्रीय बजट 2026-27 गांवों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

## महाराजाधिराज डॉ. सर कामेश्वर सिंह स्मृति द्वार का हुआ उद्घाटन

**दरभंगा (एनएसबी)।** माँ श्यामा मन्दिर न्यास समिति के संरक्षक सह विधायक संजय सरावगी ने माधवेश्वर परिसर के दक्षिण पूर्वी भाग में निर्मित डॉ सर कामेश्वर सिंह स्मृति द्वार का विधिवत उद्घाटन कर आमजनों के लिए समर्पित किया। माधवेश्वर परिसर के दक्षिण पूर्व भाग में कटहलबाड़ी मोहल्ले से बिल्कुल सटे इस द्वार से डेनवी रोड, लक्ष्मीसागर सहित दरभंगा के कतिपय पूर्वी मोहल्लों के श्यामा भक्तों को काफी राहत मिलेगी।माँ श्यामा मन्दिर न्यास समिति के सचिव सह जिलाधिकारी कौशल कुमार ने न्यास समिति द्वारा महाराजाधिराज की स्मृति में निर्मित इस द्वार के और अधिक सौन्दर्यीकरण करने की बात कही।इस अवसर पर वरीय अपर समाहर्ता सलीम अख्तर, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ.रवि रंजन,जिला कला संस्कृति पदाधिकारी चंदन कुमार सहित माँ श्यामा मन्दिर न्यास समिति के अध्यक्ष प्रो. एस.एम झा, उपाध्यक्ष द्वय कमलाकांत झा, प्रो.जयशंकर झा, सह-सचिव प्रो.श्रीपति त्रिपाठी,प्रभारी सह-सचिव मधुबाला सिन्हा,न्यासी सदस्य डॉ.संतोष कुमार पासवान,डॉ.अरुण कुमार गिरी,प्रभारी प्रबंधक रमानाथ झा,सीनेट सदस्य सचिन राम, वार्ड पार्षद नवीन सिन्हा, राजीव सिंह, धर्म कुमार, राकेश कुमार झा,उज्ज्वल कुमार, सुनील पासवान,गौरव राम आदि मौजूद थे।



उद्घाटन करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जिलाधिकारी एवं अन्य।

## नाका नम्बर-5 से सीएम आर्ट कॉलेज तक पथ को रामनवमी से पहले बनाएं मोटरेबल : डीएम

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने नाका नम्बर-5 से सीएम आर्ट कॉलेज तक पथ निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक को आगामी रामनवमी पर्व को ध्यान में रखते हुए इस पथ को पर्व से पहले मोटरेबल बनाने तथा आवश्यकतानुसार ढलाई कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने सड़क पर पड़े निर्माण सामग्री एवं मलबे को भी रामनवमी से पूर्व अतिक्रमण मुक्त कर सड़क को साफ-सुथरा करने का निर्देश दिया,ताकि आम नागरिकों एवं आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि सड़क के बीच-बीच में कहीं-कहीं बिजली के पोल स्थापित हैं, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि वे बिजली विभाग के अभियंता से समन्वय स्थापित कर इन पोलों को यथाशीघ्र सड़क के किनारे स्थानांतरित कराना सुनिश्चित करें।तत्पश्चात जिलाधिकारी ने मिलान चौक के समीप से उर्दू रोड में मिलने वाली सड़क का भी निरीक्षण किया।

बताया गया कि उक्त सड़क दरभंगा नगर निगम के अधीन है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस सड़क पर नाला निर्माण कार्य आधा-अधूरा है तथा सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित उपनगर आयुक्त को निर्देश दिया कि आगामी रामनवमी पर्व को देखते हुए इस सड़क पर आवश्यकतानुसार नाला की मरम्मति समापन कार्य शीघ्र कराते हुए सड़क को मोटरेबल बनाया जाए, ताकि स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिल सके। उन्होंने संबंधित अभियंताओं को भी कार्य में तेजी लाने तथा समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार।

## बिहार में शांति और भाईचारे के लिए दरभंगा के डॉ. इकबाल हसन 'रिशु' को मिला राज्य सम्मान

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार में शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान के लिए दरभंगा के डॉ. इकबाल हसन रिशु को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा ह्लशांति दूतह्व के रूप में प्रशस्ति पत्र और 10,000 की सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह पटना के बी एम पी 5 परिसर में आयोजित किया गया।

डॉ. इकबाल हसन रिशु को यह सम्मान दरभंगा जिले में विभिन्न मौकों पर साम्प्रदायिक तनाव को रोकने, लोगों को समझाने और शांति एवं भाईचारा कायम रखने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया। विशेष रूप से जनवरी माह में नगर थाना क्षेत्र में बिगड़ते माहौल को अपनी सूझ-बूझ और सामाजिक पहल से शांत कराने में उनकी अहम भूमिका रही, जिसकी प्रशासन ने सराहना की।इस समारोह में पूरे बिहार से कुल 11 लोगों को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा और अपराध रोकथाम जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले लोग शामिल थे।

इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। डॉ. इकबाल हसन (रिशु) को इस उपलब्धि पर दरभंगा के जिलाधिकारी कौशल कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगनाथ रेड्डी, एसपी सिटी, महापौर अंजुम आरा, एसडीओ विकास कुमार, डीएसपी सदर अरविंद कुमार, टाउन थाना के थानाध्यक्ष अमित कुमार, लहेरियासराय थाना के थानाध्यक्ष मनोज कुमार, सदर थाना के थानाध्यक्ष समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों ने बधाई दी। इसके अलावा शांति समिति के सदस्य नवीन सिन्हा, अशोक नायक, श्याम किशोर प्रधान, रीता सिंह, सरफे आलम तम्मना, दुलारे दीप, असलम साहब, नवीन खटीक, मुखिया सफदर इमाम, प्रो. जाहिद रजा, अमीरुल हक, डॉ. एम.एच. खान राजू, डॉ. जीशान, डॉ. फैसल हलीम और डॉ. सिबगतुल्लाह सहित कई सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य लोगों ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कृत होते डॉ इकबाल हसन।

## एनएच-27 सकरी से बेनीपुर कुशेश्वरस्थान पटना पूर्णिया एक्सप्रेस वे तक फोरलेन बनाने के लिए सांसद ने सदन में की चर्चा

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा पथ निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण टू लेन सड़कों को फोर लेन में उन्नयन करने से सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। एनएच 27 सकरी से धरौरा बेनीपुर बिरौल होकर कुशेश्वरस्थान तक जाने वाली सड़क को पटना पूर्णिया प्रस्तावित एक्सप्रेस वे तक जोड़ने तथा इसे फोरलेन बनाने से नेपाल तथा उत्तर बिहार का खगड़िया तथा पूर्णिया तक सीधा सड़क संपर्क जुट जाएगा जो आने वाले समय में मिथिला कोशी तथा सीमांचल को बिहार की राजधानी पटना से जुड़ाव तथा आवागमन को आसान बना देगा। इस सड़क के फोरलेन में बन जाने तथा धरौरा से दरभंगा की ओर आने वाली सड़क में दोनार तक फोरलेन में बनना यहां के लिए वरदान साबित होगा।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने लोकसभा में नियम 377 के माध्यम से इन मुद्दों पर अपनी मांगे रखते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने लोकसभा में नियम 377 के आलोक में इन सड़कों को न केवल दरभंगा वल्कि पूरे उत्तर बिहार के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकार के द्वारा प्रस्तावित पटना पूर्णिया एक्सप्रेस वे कॉरिडोर को दरभंगा के कुशेश्वरनाथ से जोड़ने से तथा कुशेश्वरस्थान तक सकरी धरौड़ा एवं धरौरा दोनार तक इसके आपसी कनेक्टिविटी से दरभंगा जिले का नेपाल की सीमावर्ती क्षेत्रों तक समय तथा संसाधन की दृष्टि से आवागमन आसान हो जाएगा।

सांसद डा ठाकुर ने लोकसभा में लोकसभा में दरभंगा जिले की पथ निर्माण विभाग से जुड़ी सड़कों का काया कल्प करने , निमार्णाधीन परियोजनाओं में तेजी लाकर शीघ्रता से पूरा किए जाने, तथा जिले से गुजरने वाली सभी एनएचएआई, एनएच तथा राज्य उच्च पथ की निमार्णाधीन परियोजनाओं को दरभंगा जिला मुख्यालय से लिंक पथ से जोड़ने के मुद्दे पर अपनी मांगे रखते हुए कहा कि बढ़ रही जनसंख्या तथा वाहनों के दबाव को कम करने के लिए टू लेन सड़कों को फोर लेन में उन्नयन किया जाना आवश्यक है। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि लोकसभा में प्रश्न किए जाने से पूर्व इस संबंध में भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल को भेंट कर तथा पत्र सौंप कर क्षेत्रहित में अपनी भावना से अवगत करा चुके हैं।



डॉ गोपाल जी ठाकुर सांसद दरभंगा ।

## भारत-बाल्टिक संसदीय मैत्री समूह के सदस्य बने सांसद डा गोपाल जी ठाकुर को कार्यकताओं ने दी बधाई

**दरभंगा (एनएसबी)।** सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा उत्तर यूरोप के लिए गठित भारत - बाल्टिक संसदीय मैत्री समूह का सदस्य बनाया गया है। इस आशय की सूचना मिलते ही दरभंगा जिले सहित मिथिला क्षेत्र में भाजपा तथा एनडीए कार्यकताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई तथा सांसद डा ठाकुर को बधाई देने बालों का तांता लग गया। भारत - बाल्टिक संसदीय मैत्री समूह के सदस्य बनाए पर सांसद डा ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि पार्टी नेतृत्व ने जिस आशा तथा भरोसे के साथ इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है उसे ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## बच्चों का स्थान स्कूल, खेल के मैदान में है ना कि किसी होटल, ढाबा, मोटर गैरेज, फैक्ट्री आदि में : राकेश रंजन

**दरभंगा (एनएसबी)।** संयुक्त श्रम भवन, आई टी आई परिसर, पंडासराय दरभंगा स्थित उप श्रम आयुक्त दरभंगा प्रमंडल के सभागार में बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास हेतु राज्य रणनीति एवं कार्य योजना, 2025 के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला/सेमिनार का आयोजन किया गया।

आयोजन का उद्घाटन संयुक्त रूप से उप श्रम आयुक्त राकेश रंजन, श्रम अधीक्षक दिनेश कुमार, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति दरभंगा एवं मधुबनी, बाल कल्याण समिति सदस्य समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी, बाल संरक्षण पदाधिकारी दरभंगा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में दरभंगा, समस्तीपुर एवं मधुबनी जिले में पदस्थापित सभी प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम के संयोजक उप श्रम आयुक्त दरभंगा प्रमंडल ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को जानकारी दी कि बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन के लिए राज्य कार्य योजना 2025 लागू किया गया है जिसमें बाल एवं किशोर श्रम से संबंधित कार्यों के लिए 18 विभागों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। राज्य कार्य योजना 2025 में दिए गए प्रावधानों एवं बाल एवं किशोर श्रम से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी सभी हितधारकों को दी गई। उप श्रमायुक्त के द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन ) अधिनियम 1986 एवं यथासंशोधित 2016 की विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों का स्थान स्कूल में है, खेल के मैदान में है ना कि किसी होटल, ढाबा, मोटर गैरेज, फैक्ट्री आदि में। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 14 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है और हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो और उनका बचपन सुरक्षित रहे ताकि वो आगे चलकर इस देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनें और देश एवं समाज के विकास में अपनी भागीदारी दें। कार्यक्रम का मंच संचालन साधना भारती, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हायाघाट द्वारा किया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बाबूबरही मधुबनी राजेश कुमार के द्वारा तकनीकी सत्र में बाल श्रमिकों की विमुक्त एवं पुनर्वास से संबंधित अधिनियम , राज्य कार्य योजना तथा आर्थिक एवं गैर आर्थिक पुनर्वास के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।



उप श्रम आयुक्त दरभंगा प्रमंडल राकेश रंजन एवं अन्य ।

## संक्षिप्त खबरें

### चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा और व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा रहेगी शीर्ष प्राथमिकता : डीएम

किया राजकीय मेला क्षेत्र का निरीक्षण

**मोरवा (एनएसबी)।** राजकीय रामनवमी मेला बाबा केवल धाम इंद्रवाड़ा में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद रहेगी। उक्त बातें कहीं डीएम रोशन कुशवाहा ने राजकीय मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए। निरीक्षण करते हुए पर्यटक भवन में



डीएम द्वारा बैठक लिया गया। बैठक में पूजा स्थल, बली स्थल,सुरक्षा चौकी, स्वास्थ्य शिविर, पेयजल, शौचालय, यातायात, ड्रॉप गेट, वाच टॉवर आदि की विशेष रूप से व्यवस्था करने और तैयारी की सारी रिपोर्ट भेजते रहने का निर्देश दिया। मनरेगा के द्वारा नदी की सफाई का निर्देश दिया गया। पीएचईडी एवं बिजली विभाग को समय से पहले सारी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी, एसडीओ दिलीप कुमार, डीएसपी संजय पांडे, पटोरी डीएसपी बी.के. मेधावी, पटोरी एसडीओ विकास पांडे, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार निराला, मनरेगा पदाधिकारी रंजीत कुमार, अंचल अधिकारी आलोक चंद्र रंजन, निशांत कुमार, थानाध्यक्ष शैलेश कुमार, सरायरंजन थानाध्यक्ष धनंजय कुमार, इंजीनियर विनय कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं मेला समिति के अध्यक्ष रामाश्रय सहनी सचिव उमेश साहनी, लक्ष्मेश्वर साहनी, राजू कुमार साहनी, पूर्व जिला पार्षद अर्जुन साहनी मौजूद थे।

### उ.म. विद्यालय हरपुर एलौथ में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार दिवस के अवसर पर प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरपुर एलौथ में किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन म वि बेला पंचरुखी के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंडाधीन विभिन्न विद्यालयों से चयनित छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। निर्णायक के रूप में शिक्षक मिंटू



कुमार, गगन कुमार, जगदीप कुमार, बलवीर कुमार, अभिषेक अभय, देवेंद्र कुमार, रंजू, प्रियंका कुमारी, सरिता कुमारी, चांदनी कुमारी, विद्यानंद कुमार आदि ने भाग लेकर इसे सफल बनाया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में वर्ग 1 से 5, 6 से 8 एवं 9 से 12 के क्विज प्रतियोगिता में क्रमशः शालिया नाज, विजय कुमार, गौरव कुमार, चित्रकला में हर्ष राज, गुलब्सा खातून, रोशनी कुमारी, गणित ओलंपियाड में आदित्य अंश, आंचल राज और अविनाश कुमार का चयन प्रथम स्थान पर किया गया। बिहार दिवस के अवसर आयोजित इस कार्यक्रम में चयनित प्रतिभागियों को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रितेश कुमार ने मेडल व प्रमाण पत्र प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए सभी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। विद्यालय के सभी बच्चे इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का साक्षी बने। मौके पर प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, कृष्ण कुमार, हर्षवर्धन सहित शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

### सीए बन कर ऋषभ ने किया क्षेत्र का नाम रोशन


**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** शहर के मेन बाजार, कालीस्थान निवासी किराना व्यवसायी रतन बरनवाल के होनहार पुत्र ऋषभ बरनवाल ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर देश की प्रतिष्ठित परीक्षा चार्टर्ड अकाउंटेंट (उअ) उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से परिवार, मित्रों और पूरे दलसिंहसराय क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ऋषभ ने अपनी माध्यमिक शिक्षा पटना स्थित एल एम सी हाई स्कूल से प्राप्त करने के बाद इसी स्कूल से आई कॉम उत्तीर्ण किया। पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेधावी रहे ऋषभ ने कोलकाता में रहकर क्र्र्डव से बी कॉम और एम कॉम उत्तीर्ण किया। इसके साथ ही कोलकाता में ही तैयारी करते



हुए कठिन मानी जाने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा को उन्होंने दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत के साथ पास कर इस उपलब्धि को हासिल किया। ऋषभ की इस सफलता पर उनके पिता के अलावे माँ सुशीला देवी, भाई रजनीश बरनवाल, बहन दीपा सहित गुरुजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऋषभ की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और वे भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित होंगे। दलसिंहसराय के लोगों ने भी ऋषभ बरनवाल की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं की सफलता से क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ता है।

### गढ़सिसई पंचवटी चौक बिजली फीडर चालू होने पर लोगो ने जताया हर्ष

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के लोगो को बिजली की सुविधा देने के लिए लाखों की लागत से विद्युत विभाग ने प्रखंड के गढ़सिसई के पंचवटी चौक पर बिजली फीडर का निर्माण किया था। जो कुछ दिन चलने के बाद बंद कर दिया गया। और पुरानी व्यवस्था से ही बिजली की सप्लाय शुरू किया। जिससे बिजली की आपूर्ति सही ढंग से नहीं होने से लोगो में परेशानी बढ़ी थी। यह फीडर दलसिंहसराय पावर स्टेशन से निकल कर केवटा, पिपरपाती, नगरगामा, विश्वासपुर होते गढ़सिसई पंचवटी तक आता है। जिस फीडर को लेकर अभी कुछ दिनों पूर्व विद्यापतिनगर उतरी भाजपा मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य द्वारा बीस सूत्री की बैठक में



आवाज उठाई गई और विद्युत विभाग के जे ई गंगा सागर से लाखों के लागत से बने बंद फीडर को पुनः चालू करने का अनुरोध किया गया था। इस मांग पर विद्युत विभाग द्वारा इस फीडर को फिर से मेंटीनेंस कराकर मंगलवार को चालू कर दिया गया है।इस फीडर को पुनः चालू होने पर लोगो में प्रसन्नता बनी है। इस क्षेत्र की जनता के साथ साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज ने विद्युत विभाग के सभी पदाधिकारी को धन्यवाद दिया है।

# डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में किसान मेले की तैयारी पूरी

- कृषि मंत्री बिहार सरकार करेंगे मेले का उद्घाटन
- विकसित कृषि-उन्नत भारत थीम पर आधारित 13 से 15 मार्च तक आयोजित है किसान मेला 2026
- 200 स्टालों से सजे मेले में 30 हजार से किसान व हितधारक होंगे शामिल

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के पूसा प्रखंड स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, में 13-15 मार्च 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेले की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जिसका थीम है "विकसित कृषि-उन्नत भारत"। इस मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों से रूबरू कराना है। किसान मेला के आयोजन सम्बन्धी विस्तृत जानकारी देने के लिए कुलपति डॉ. पुण्यव्रत सुविमलेंदु पाण्डेय ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि, इस मेले में 200 से अधिक सरकारी एवं गैर-सरकारी स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें ड्रोन तकनीक, हाइड्रोपोनिक्स, ड्रिप सिंचाई, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित खेती जैसी आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा, मेले में तकनीकी सत्र, किसान-वैज्ञानिक संवाद, और कृषि, बागवानी, पशुपालन, और मत्स्य पालन पर प्रदर्शनी जैसे कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।




संवाददाताओं से बात करते वीसी व अन्य।

**मेले के मुख्य आकर्षण:**
- 200 से अधिक तकनीकी और कृषि स्टॉल
- ड्रोन तकनीक, हाइड्रोपोनिक्स, और एआई-आधारित खेती का प्रदर्शन
- किसान-वैज्ञानिक संवाद और तकनीकी सत्र
- पशु और बागवानी प्रदर्शन
- आधुनिक कृषि उपकरणों का लाइव प्रदर्शन

**विश्वविद्यालय की पहल:**
- किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों पर प्रशिक्षण
- उन्नत बीज और पौध सामग्री का वितरण
- 'कृषि ज्ञान वाहन' के माध्यम से कृषि ज्ञान का प्रसार
- 'फार्मर साथी' पोर्टल पर लाखों किसानों का पंजीकरण

कुलपति डॉ. पांडेय ने कहा कि इस वर्ष के मेले का थीम 'विकसित कृषि-उन्नत भारत' विश्वविद्यालय के सोच को दशार्ता है कि, हम एक समृद्ध और स्थायी कृषि क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं। विश्वविद्यालय किसानों, वैज्ञानिकों, और नीति निमार्ताओं के साथ मिलकर अपने प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुसार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सतत प्रयत्नशील है। इसी क्रम में निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रत्नेश कुमार झा ने कहा कि, विश्वविद्यालय किसान मेला के दौरान किसानों को मखाना, श्री अन्न, और अन्य फसलों पर जानकारी प्रदान करेगा, साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी करेगा। डॉ. झा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ा कर कृषि को अधिक लाभकारी व्यवसाय बनाना है।" उन्होंने कहा, "विश्वविद्यालय किसानों को ड्रोन, हाइड्रोपोनिक्स, और प्रेसिजन फार्मिंग जैसी आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाना चाहते हैं, ताकि उनकी खेती अधिक उत्पादक और लाभकारी हो सके।" इस मेले में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, और अन्य राज्यों से 30,000 से अधिक किसान, उद्यमी, और हितधारकों के भाग लेने की संभावना है। तीन दिवसीय मेले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि, पहले दिन मेले का उद्घाटन बिहार सरकार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव करेंगे। वहीं, दूसरे दिन के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर होंगे, और आखिरी यानी तीसरे दिन समापन समारोह में जलशक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। इनके अलावा कल्याणपुर विधायक महेश्वर हजारी, सहित बिहार एवं देश के कई विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गणमान्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कुलपति ने कहा कि, किसान मेला पूर्वी भारत के किसानों, उद्यमियों, और हितधारकों को लाभ पहुंचाएगा और आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों को बढ़ावा देगा।

## उपभोक्ताओं को न हो कोई असुविधा इसका ध्यान रखें वितरक : एसडीओ

गैस वितरकों के साथ बैठक में दिए निर्देश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार के द्वारा मध्य पूर्व में युद्ध की स्थिति के कारण द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में संभावित बाधा को देखते हुए सभी गैस एजेंसी के संस्थापक एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर उन्हें निर्देश दिया कि, गैस आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए ताकि, उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा। एल.पी.जी वितरण में फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व की नीति का अनुपालन किया जाए। साथ ही वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमितता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।



बैठक को संबोधित करते एसडीओ व अन्य।

एसडीओ दिलीप कुमार ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी संभावित समस्या से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील की कि वे किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और घबराहट में अनावश्यक रूप से गैस का भंडारण न करें। गैस एजेंसी एवं वितरकों के द्वारा आम जनता के घर तक निर्बाध रूप से गैस सिलेंडर पूर्व की ही तरह उपलब्ध करवाई जाती रहेगी । प्रशासन की ओर से एसडीओ ने स्पष्ट किया गया कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक समन्वय बनाए रखा जाएगा।

## एचएम, रमजान व ईद के मौके पर प्रधान शिक्षक ने रसोइया दीदी को किया सम्मानित, जताया आभार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के सोठगामा पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में माह ए मुबारक रमजान और आने वाली ईद के अवसर पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक मो० मेराज ने रसोइया दीदी को वस्त्र, सेवइयां आदि से सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों और विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधान शिक्षक मो. मेराज ने कहा कि, ईद का पर्व हमें परस्पर प्रेम, एकता, भाईचारा और त्याग का संदेश देता है। साथ ही यह त्योहार समाज में आपसी समन्वय, सहकार, सद्भाव और सम्मान की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि, बच्चों के स्वस्थ की सहकार विद्यालय की रसोइया दीदी पर बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। अल्प मानदेय के बावजूद वे पूरी निष्ठा, स्नेह और समर्पण के साथ वर्षभर बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन तैयार करती हैं, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। इनके इस अप्रतिम योगदान को सम्मान देना हम सभी का दायित्व है। साड़ी और सेवइयां भेंट कर उनका सम्मान करना उनके कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास है। ईद का उपहार प्राप्त कर रसोईया दीदी ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधान शिक्षक के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर नकहत सबा, सुषमा कुमारी, मंजूर आलम, मनोज कुमार, विजय कुमार, मृत्युंजय कुमार, असगरी खातून, मो० इकराम, अरविंद कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यालय की सचिव उपस्थित थीं।



रसोइया दीदी को सम्मानित करते प्रधान शिक्षक व अन्य।

## वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा आज से शुरू

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के वारिसनगर प्रखंड के 116 विद्यालयों मे 12 मार्च से वार्षिक परीक्षा होगी, जिसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इसमें करीब 30 हजार बच्चों वार्षिक परीक्षा में शामिल होंगे। यह परीक्षा कदाचार मुक्त होगी। प्रखंड में कुल 51 मध्य विद्यालय एवं 65 प्राथमिक विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में छठी से आठवीं कक्षा के 11,766, पहली से दूसरी कक्षा के 6,310 तथा तीसरी से पांचवीं कक्षा के 11,879 छात्र-छात्राएं वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होंगे। पूर्व बीआरपी संजय रजक ने बताया कि सभी विद्यालयों को मूल्यांकन पुस्तिकाएं उपलब्ध करा दी गई है और परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गये हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दुर्गेश कुमार झा ने कहा कि वार्षिक परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में कराई जाएगी। इसके लिए निगरानी को लेकर एक विशेष टीम का भी गठन किया गया है।



## शिक्षाविद चंद्रदेव झा की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी आयोजित

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के शेरपुर ग्राम के शिबू स्मृति भवन पर स्मृति शेष साठा निवासी शिक्षाविद चंद्रदेव झा की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। तरुण सांस्कृतिक चेतना समिति मऊ शेरपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के अध्यक्षता हास्य व्यंग्य के चर्चित कवि सीताराम शेरपुरी ने किया। जबकि संचालन जाने माने कवि मिन्टू कुमार झा ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री शेरपुरी ने स्व.चंद्रदेव झा से संबंधित संस्मरण सुनाकर उनके याद को ताजा कर दिया। इस अवसर पर काव्यांजलि में कई कवियों ने अपनी अपनी कविता का पाठ कर आयोजन को यादगार बना दिया। काव्यांजलि में भाग लेने वाले कवियों में बेगूसराय से पधारे श्रीराम राय की कविता उचित लड़ाई में भी पड़ता है नुकसान उठाना, झगड़ा से परहेज करें हम ये बातें हमनें भी माना सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी । स्थानीय कवि सीताराम शेरपुरी की कविता शिक्षाविद की याद में प्रथम पुण्यतिथि आज है, समाजसेवारत ताउम्र रहे, तभी तो उन पे नाज है सुनते ही श्रोता भावुक हो गए। वही बछ्वाडा. से पधारे कवि देवनीति राय ने अपनी रचना मैया गे हमरा बगिया बनाय दे, कोठी में धान छै कुट के पिसाई दे। साहित्यकार मिन्टू ने अपनी कविता क्या सोच छोड़ संसार गये, पिता तुम स्वर्ग सिधार गए, दो पुण्य विचार संसार गये, पिता तुम स्वर्ग सिधार गये सुनाकर भावुक हो गए। कवि उमेश कुंवर ने भी अपनी रचना से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सीताराम शेरपुरी, श्रीराम राय संतोष कुमार सिंह, अजीत झा,दीपक कुमार, नितीश शेरपुरी, कौशल किशोर, संजीव झा, सुनील दत्त मिश्रा को अंगवस्त्र लेखनी प्रदान कर चंद्रदेव स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत मिन्टू कुमार झा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अमिय शेरपुरी ने किया।



कवि को सम्मानित करते मिंटू झा।

## भाकपा माले के फतेहपुर शाखा की बैठक में गैस की किल्लत सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन का निर्णय

**ताजपुर (एनएसबी)।** भाकपा माले के फतेहपुर शाखा की बैठक मंगलवार सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई।

बैठक में कार्यकताओं ने रसोई गैस किल्लत, आवास योजना में घूसखोरी, मनरेगा में लूट, आपूर्ति एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त घूसखोरी समेत विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में माले प्रखंड सचिव श्री सिंह ने कहा कि, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाल स्थिति तथा स्थानीय समस्याओं को लेकर सरकार की उदासीनता से आम लोग परेशान हैं। जनहित के मुद्दों पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। इसके तहत पहले चरण में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर धरना-प्रदर्शन और घेराव कार्यक्रम भी किया जाएगा। बैठक में पार्टी कार्यकताओं से संगठन को मजबूत करने तथा गांव-गांव में लोगों को आंदोलन से जोड़ने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर पार्टी सदस्य रंजीत कुमार सिंह, सूर्यदेव सिंह, सुलेखा कुमारी, अनील कुमार सिंह समेत कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर हसनपुर के मंगलगढ़ में करीब 1 हजार पुस्तैनी बसे भूमिहीनों को उजाड़ने के खिलाफ पुनर्वास की मांग को लेकर 12 मार्च से समस्तीपुर जिलाधिकारी के समक्ष अनिश्चितकालीन अनशन में प्रखंड से बड़ी भागीदारी दिलाने की घोषणा की गई।



बैठक में शामिल माले नेता व कार्यकर्ता।

### भोला टॉकीज गुमटी पर पुल व पहुंच पथ निर्माण को लेकर तीन माह के लिए वैकल्पिक मार्ग का करें उपयोग

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के भोला टाकीज चौक स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या-53ए पर आर.ओ.बी. एवं पहुंच पथ के निमार्ण कार्य हेतु यातायात के वैकल्पिक मार्ग का चयन किया गया है। परियोजना अभियंता बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल, दरभंगा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि, (1) ताजपुर के तरफ जाने वाले वाहन (यथा-02 पहिया, 04 पहिया, स्कूल बस) गुरगुरी चौक से शंभू पट्टी चौक, जेल चौक वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग कर सकते है। (मार्ग की चौडाई-3.50 मीटर)। (2) ताजपुर से आने वाले छोटे वाहन (यथा-02 पहिया, 04 पहिया, स्कूल बस) लेवल क्रॉसिंग संख्या- 55सी पार कर दूधपुरा चौक से डायमंड रिसॉर्ट होते हुए समस्तीपुर शहर में प्रवेश कर सकते है। यह मार्ग एक तरफा रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात पिकअप बैन की ठोक'र से बाइक सवार युवक की मौत

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी - बसैठ मुख्य मार्ग के नजर पाली के बीच पल के निकट अज्ञात पिकअप बैन ने युवक को बुधवार के दिन ठोकर मार दी! स्थानीय लोगों ने जख्मी युवक को उचार करने के लिए बसैठ ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया! स्थानीय लोगों ने आक्रोशित होकर मुख्य मार्ग को जाम लगाकर प्रशासन के खिलाफ नारे लगाने लगे! आक्रोशित लोगों का कहना था कि बेनीपट्टी पुलिस को सूचना देने के बाद भी विलंब से घटनास्थल पर पहुंचे! जानकारी के अनुसार बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के करहारा डीह टोल के राम कृपाल यादव के पुत्र सुधीर कुमार यादव के रूप में हुई है मृत'क की पहचान हुई है! स्थानीय प्रशासन ने सड़क जाम कर रहे लोगों से वार्ता करने के बाद सडक जाम हटाया गया! घटना के बाद मृतक के परिजनों के घर मातम सा बन गया!



### मिथिलांचल के प्रभारी राजद के प्रदेश महाचिव फैयाज अहमद कमाल बने

**मधुबनी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार मे संगठन को धार दार बनाने एवं मजबूत करने के लिए बिहार को चार भागो मे बाँट कर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने प्रभारी नियुक्ति किए है! उसी कर्म मे पार्टी ने मिथलाआंचल का प्रभारी दल के प्रदेश महाचिव फैया ज अहमद कमाल को बनाये है. ये जानकारी प्रदेश महाचिव हनुमान प्रसाद राउत ने प्रेस बिजप्ति जारी कर बताए है. राउत ने बताया की इनको मिथलाआंचल का प्रभारी बनाने से दल मजबूत तो होगा ही साथ ही कार्यकर्ताओ मे उत्साह भी आएगा. जिसका लाभ दल को मिलेगा. फैयाज आलम कमाल को प्रभारी बनाने पर राजद के चुलहय कामत अंजार अमहद इंदर्जित राय मनोज साह प्रदीप प्रभाकर रामकुमार यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ताओ ने कमाल साहब को बधाई देते हुवे प्रदेश अध्यक्ष मांगनीलाल मंडल के प्रति आभार वयकत किया है

### गैस की किल्लत से विद्यालय में भोजन बंद होने की स्थिति

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति बन्द हो गई है। इसका सीधा प्रभाव विद्यालयों में संचालित एमडीएम एवं होटलों पर पड़ता दिख रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति बन्द होने से काफी परेशान हैं। प्रधानाध्यापकों का कहना है कि विभाग द्वारा एलपीजी पर मध्याह्न भोजन बनाने का निदेश प्राप्त है। जबकि गैस एजेंसी द्वारा कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति नहीं की जा रही है। विभागीय निदेशानुसार एमडीएम का संचालन भी नियमित होना है। किसी भी स्थिति में किसी कार्यदिवस को एमडीएम का संचालन बन्द नहीं होना है। ऐसी स्थिति में विद्यालयों में जलावन पर ही मध्याह्न भोज बनाने की मजबूरी है। यहीं स्थिति प्रखंड क्षेत्र में संचालित होटलों की है। होटल के संचालक परेशान हैं। उन्हें कॉमर्शियल गैस सिलिंडर नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय गैस एजेंसी के प्रबंधक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति बाधित होने से परेशानी बढ़ी है। हालांकि घरेलू गैस की आपूर्ति अभी जारी है। किन्तु विभाग द्वारा आपूर्ति हेतु डीएससी नंबर अनिवार्य किये जाने से घरेलू गैस की उपलब्धता में भी दिक्कत हो रही है।

### थानाध्यक्षों की मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन

**खजौली (एनएसबी)।** पुलिस निरीक्षक कार्यालय में पुलिस निरीक्षक अभय कुमार के नेतृत्व में सर्किल क्षेत्र के थानाध्यक्षों की मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान सर्किल इंस्पेक्टर अभय कुमार ने थानाध्यक्षों को लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने, अपने-अपने थाना क्षेत्र में नियमित रूप से दिवा एवं रात्रि गस्त करने, विभिन्न चौक-चौराहों पर नियमित वाहन चेकिंग करने, अभियान चलाकर शराब कारोबारी को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार करने। जेल से छूठ कर आए अपराधी प्रवृति के लोगों पर सख्त नजर रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर खजौली थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, राजनगर थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार, बाबूबरही थानाध्यक्ष राहुल कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### किसान की बेटी श्वेता बनी प्रवर्तन अवर निरीक्षक, हर्ष

**मधुबनी (एनएसबी)।** रहिका प्रखंड के मलंगिया ग्राम निवासी एक साधारण कृषक शिव प्रसाद सिंह की सुपुत्री श्वेता कुमारी ने बिहार पुलिस सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित परीक्षा में प्रवर्तन अवर निरीक्षक, परिवहन विभाग के पद पर चयनित होकर अपने गांव, प्रखंड व जिला का नाम रौशन किया है। श्वेता की शानदार सफलता से स्वजन काफी गदगद हैं। गांव के लोग उनके घर पहुंच उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। श्वेता ने परीक्षा की संपूर्ण तैयारी गांव में ही रहकर स्वाध्याय एवं ऑनलाइन माध्यम से की। उन्होने कठिन परिश्रम एवं लगन से यह शानदार सफलता पाई। वे अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं भाई-बहन के सहयोग तथा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ.उमेश कुमार महतो के कुशल मार्गदर्शन को देते हैं। श्वेता इंटर की परीक्षा शिवगंगा बालिका उच्च विद्यालय मधुबनी एवं स्नातक की परीक्षा महिला कॉलेज मधुबनी से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की। श्वेता गांव में रहकर उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर गांव की अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है।



### अधिकारों की रक्षा के लिए आम लोग आगे आए : धावले

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के औंसी स्थित सामुदायिक भवन के परिसर में बुधवार को माकपा के द्वारा जनवादी सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल महतो ने किया.माकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य सह मशहूर किसान नेता अशोक धावले ने कहा कि आज देश की हालात काफी चिंताजनक है.देश में संविधान पर हमला किया जा रहा है.मोदी जी तानाशाही और अलोकतांत्रिक ढंग सरकार चला रहे हैं.देश में गरीब और गरीब होता जा रहा है. जबकि पूंजीपतियों की सम्पत्ति में सैकड़ों गुना इजाफा हुआ है. कालाधन लाने वाले, 15 लाख हरेक लोगों खाता में भेजने वाले स्वयं कालाधन जमा कर रहे हैं.भ्रष्टाचार और घोटाला देश में चरम सीमा पहुंच चूका है. किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाओं की स्थिति काफी नाजुक है. सभा को पार्टी जिला मंत्री मनोज कुमार यादव, बाबूलाल महतो,सोनधारी यादव, बिन्दु यादव, ललित कुशवाहा, पलटन यादव, अखिलेश पंजियार, योगेश कुमार अन्य ने सम्बोधित किया. आगत अतिथियों को मिथिला पेंटिंग, साल पाग एवं माला से हरिप्रसाद साहू, मो. तमंने ,योगेश कुमार यादव ने स्वागत किया.




### ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण में मधुबनी जिला राज्य में अव्वल जिलों में शामिलः जिलाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिला ग्रामीण सड़कों के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण में मधुबनी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उक्त बातों की जानकारी जिला अधिकारी आनंद शर्मा ने दी है! उन्होंने कहा है कि ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार, राज्यभर में कुल 18 हजार 21 ग्रामीण पथों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिनकी कुल लंबाई लगभग 30 हजार 848 किलोमीटर है। इनमें से अब तक 10 हजार 73 किलोमीटर सड़कों के सुदृढ़ीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।इन कार्यों में मधुबनी जिले ने भी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 656 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य पूरा किया है। इस उपलब्धि के साथ मधुबनी जिला राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है।ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर हुई है।

# अफवाह फैलाने वालों एवं जमाखोरी करने वालों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**अनावश्यक गैस सिलेंडर बुकिंग एवं भंडारण से बचने की अपील ● घरेलू एलपीजी का व्यावसायिक उपयोग या कालाबाजारी पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई**


बैठक करते जिलाधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिले के संबंधित तेल कंपनियों के प्रबंधकों एवं एलपीजी गैस वितरकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित भारत पेट्रोलियम,हिंदुस्तान पेट्रोलियम ,इंडियल ऑयल के क्षेत्रीय प्रबंधकों ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी गैस वितरकों को उनके मांग के अनुरूप समसमय गैस की आपूर्ति की जा रही है। बैठक में उपस्थित सभी गैस वितरकों ने भी तेल कंपनियों के प्रबंधकों की इस बात का समर्थन किया।बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से गैस की संभावित कमी संबंधी भ्रामक सूचनाएँ प्रसारित की जा रही हैं, जिससे आम लोगों में अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वाले, जमाखोरी करने वाले या गैस की कालाबाजारी करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि जैसा कि तेल कंपनियों के प्रबंधकों ने गैस की पूर्ण उपलब्धता की जानकारी दी है उसके आलोक में गैस उपभोक्ता अनावश्यक रूप से अतिरिक्त गैस सिलेंडर की बुकिंग या घरों में गैस सिलेंडरों का भंडारण न करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से गैस उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने सभी गैस वितरकों को निर्देश दिया कि वे उपभोक्ताओं को निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता न होने दें।उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को एलपीजी गोदामों, वितरण केंद्रों एवं अन्य संदिग्ध स्थलों पर नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए तथा आवश्यकता पड़ने पर तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई करने को कहा।इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार, अपर समाहर्ता मुकेश रंजन झा,सभी अनुमंडल पदाधिकारी ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।अंत में जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे संयम बनाए रखें, अफवाहों से दूर रहें तथा प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में तेल कंपनियों के उपस्थिय अधिकारियों ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। जिलाधिकारी ने पुनः कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले को चिन्हित कर भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## मिथिलांचल के प्रभारी बनाए गए फैयाज अहमद कमाल, कार्यकर्ताओं में उत्साह


फैयाज अहमद।

**जयनगर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलाव करते हुए प्रदेश को चार भागों में विभाजित किया है। इस नई व्यवस्था के तहत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किए हैं। इसी क्रम में मिथिलांचल क्षेत्र की जिम्मेदारी पार्टी के प्रदेश महासचिव फैयाज अहमद कमाल को सौंपी गई है।इस संबंध में जानकारी देते हुए राजद के प्रदेश महासचिव हनुमान प्रसाद राउत ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी नेतृत्व ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मिथिलांचल क्षेत्र में पार्टी को और अधिक सक्रिय तथा संगठित बनाने की दिशा में फैयाज अहमद कमाल की नियुक्ति एक महत्वपूर्ण कदम है।राउत ने बताया कि फैयाज अहमद कमाल लंबे समय से पार्टी के सक्रिय और समर्पित नेता रहे हैं। संगठन में उनके अनुभव, कार्यकताओं से मजबूत जुड़ाव तथा क्षेत्रीय मुद्दों की समझ को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में मिथिलांचल क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों में तेजी आएगी और संगठन को नई मजबूती मिलेगी।उन्होंने आगे कहा कि इस नियुक्ति से न केवल संगठन मजबूत होगा, बल्कि कार्यकताओं के बीच भी उत्साह का माहौल बनेगा। पार्टी के कार्यकर्ता अधिक ऊर्जा और उत्साह के साथ संगठन विस्तार के कार्य में जुटेंगे, जिसका सीधा लाभ आने वाले समय में पार्टी को मिलेगा। फैयाज अहमद कमाल को मिथिलांचल का प्रभारी बनाए जाने की खबर मिलते ही क्षेत्र के राजद कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जयनगर सहित आसपास के क्षेत्रों के कार्यकताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर राजद के कई स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं ने भी अपनी खुशी व्यक्त की। राजद नेता चुलहाय कामत, अंजार अहमद, इंद्रजीत राय, मनोज साह, प्रदीप प्रभाकर, रामकुमार यादव सहित दर्जनों कार्यकताओं ने फैयाज अहमद कमाल को मिथिलांचल का प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय संगठन को मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।राजद कार्यकताओं का मानना है कि इस नई संगठनात्मक व्यवस्था से पार्टी की पकड़ मिथिलांचल क्षेत्र में और मजबूत होगी तथा आने वाले समय में इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा।

## एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन सतर्क


जयनगर में एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण।

**जयनगर (एनएसबी)।** एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों कि आपूर्ति प्रभावित होने कि आशंका को देखते हुए जयनगर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। क्योंकि भारत सरकार ने गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों को आवश्यक वस्तु सेवा अधिनियम के अंतर्गत रखा है। इसी को मद्देनजर रखते हुए जयनगर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) दीपक कुमार ने बुधवार को शहर के सपना इंडियन गैस एजेंसी समेत विभिन्न गैस एजेंसियों और गोदामों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।औचक निरीक्षण के दौरान एसडीओ दीपक कुमार सबसे पहले कमला रोड स्थित सपना इंडियन गैस एजेंसी पहुंचे। यहां उन्होंने गैस सिलेंडरों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था, उपभोक्ताओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। एजेंसी संचालकों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गैस वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुव्यवस्थित होनी चाहिए, ताकि किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।इसके बाद उन्होंने बेलही स्थित इंडियन गैस गोदाम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम में उपलब्ध एलपीजी सिलेंडरों की संख्या, भंडारण की व्यवस्था तथा वितरण प्रणाली का जायजा लिया। एसडीओ ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में गैस की कालाबाजारी या जमाखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि इस तरह की कोई शिकायत सामने आती है तो उक्त अधिनियम के तहत संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने गैस एजेंसी संचालकों को यह भी निर्देश दिया कि वे प्रशासन के साथ लगातार समन्वय बनाए रखें और गैस आपूर्ति से जुड़ी हर जानकारी समय-समय पर प्रशासन को उपलब्ध कराते रहें। उन्होंने कहा कि संभावित संकट की स्थिति में उपभोक्ताओं के बीच घबराहट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और नियंत्रित रखना अत्यंत आवश्यक है।


एसडीओ दीपक कुमार ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस और अन्य पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध हो सकें। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही आपूर्ति विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल समाधान किया जा सके।

## मोदी जी अपने चहेते मित्र ट्रंप को भारत लुटने के लिए खुला छूट दे रखी है : धवले


सम्मानित करते नेता को ।

**मधुबनी (एनएसबी)।** बुधवार को भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) मधुबनी जिला कमिटि द्वारा 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित होने वाले रैली के समर्थन में माकपा के पोलित ब्यूरो मेंबर,देश के प्रसिद्ध किसान नेता अशोक धवले मधुबनी के औंसी,रांटी एवं फुलपरास में जनसभा को संबोधित करते हुए रांटी सभा में भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मोदी जी दिशाविहीन प्रधानमंत्री है, मोदी जी कुर्सी पर तो बैठा है मगर उनको पता नहीं देश कैसे चलाया जाता है वह काफी डरपोक है, मोदीजी को जनता के दुख तकलीफ से कोई लेना-देना नहीं है, अमेरिकी साम्राज्यवाद डोनाल्ड ट्रंप के दादागिरी के आगे घुटना टेक दिए, मोदी के नितियों के कारण देश के किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाओं का जीवन जीने का हालात बेहद खराब होता जा रहा है, मोदी की तानाशाही रवैया और अलोकतांत्रिक फैसला से देश को खामयाजा भुगतना पड़ रहा है,आज देश के बड़े पूंजीपति औने-पौने दामों में सार्वजनिक संपत्तियों को कब्जा कर रहा है मोदी जी बड़े उद्योगपतियों के लिए सारे दरवाजे खोल दिए हैं,आम जनता कराह रहा है, जमीन, जंगल, रेलवे, एयरपोर्ट, बंदरगाह,बैंक, बीमा खुलेआम सरकार मुफ्त में अपने चहेते मित्र पूंजीपतियों के हाथों में दे रहे हैं, महंगाई आसमान छू रही है, लोगों को जीवन जीने का अधिकार को समाप्त किया जा रहा है,देश के किसान कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं और अपने जीवन से उब कर आत्महत्याएं कर रहा है, दुसरी तरफ बड़े पूंजीपतियों का ऋण माफ किया जा रहा है मोदी की निति देश को ले डूबा, प्रधानमंत्री मनरेगा योजना को रद्द कर बीबी जी रामजी योजना देश पर थोपा जा रहा है जो काफी नुकसानदायक है, चार श्रम कानून घातक है, पूंजिपतियों का गुलाम बनाने की प्रक्रिया शुरू किया गया है,

# दुल्लीपट्टी में गैस सिलेंडर की कमीः एजेंसियों पर लंबी कतारें, उपभोक्ता घंटों इंतजार को मजबूर



गैस उपभोक्ता की लंबी लाइन।

**जयनगर (एनएसबी)।** जिले के जयनगर प्रखंड क्षेत्र के दुल्लीपट्टी तथा आसपास के इलाकों में इन दिनों घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कमी से आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार की सुबह से ही विभिन्न गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग खाली सिलेंडर लेकर सुबह-सुबह ही एजेंसी परिसर के बाहर लाइन में खड़े नजर आए और घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे।दुल्लीपट्टी स्थित सियाराम एचपी गैस एजेंसी के अलावा कुआढ़ स्थित सपना इंडियन गैस एजेंसी पर भी उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गैस की सीमित उपलब्धता के कारण कई उपभोक्ताओं को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। कुछ लोगों को तो गैस मिलने की उम्मीद में कई घंटों तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा, जबकि कई लोग गैस खत्म होने के कारण निराश होकर वापस लौटते भी दिखाई दिए।स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से गैस की आपूर्ति नियमित रूप से नहीं हो पा रही है, जिसके कारण स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। जैसे ही गैस की गाड़ी एजेंसी पर पहुंचती है, उपभोक्ताओं की भीड़ अचानक बढ़ जाती है और लोग सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं। एजेंसी परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भीड़ के कारण अव्यवस्था की स्थिति भी देखने को मिल रही है।

उन्होंने कहा कि गैस जैसी जरूरी घरेलू वस्तु की कमी से आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। विशेष रूप से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों को ज्यादा परेशानी हो रही है, क्योंकि उनके पास वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं होती। उन्होंने संबंधित विभाग और गैस कंपनियों से मांग की है कि क्षेत्र में गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।एक अन्य उपभोक्ता चनदेश्वर पंडित ने भी अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सुबह से ही लोग लाइन में खड़े हैं, लेकिन इसके बावजूद यह तय नहीं है कि सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिल पाएगा या नहीं। उन्होंने बताया कि कई बार ऐसा होता है कि लोग घंटों लाइन में खड़े रहते हैं और जब उनकी बारी आती है तो गैस खत्म हो जाती है। इससे लोगों में निराशा और नाराजगी दोनों देखने को मिल रही है।उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर घरेलू जीवन की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुका है। आज लगभग हर घर में खाना बनाने के लिए एलपीजी गैस का उपयोग किया जाता है। ऐसे में यदि गैस की नियमित आपूर्ति नहीं होगी तो लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को और अधिक परेशानी होती है, क्योंकि उन्हें कई किलोमीटर दूर से खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी तक आना पड़ता है।गैस की कमी और बढ़ती भीड़ के कारण एजेंसियों पर अव्यवस्था का माहौल भी देखने को मिला। कई स्थानों पर लोग जल्दी गैस लेने के लिए आगे बढ़ने की कोशिश करते दिखे, जिससे धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो गई। हालांकि एजेंसी कर्मियों ने व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा।इस संबंध में सियाराम एचपी गैस दुल्लीपट्टी के गोदाम प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि चार दिन के बाद एक ट्रक गैस की आपूर्ति हुई थी। उन्होंने कहा कि पहले से बुकिंग कर चुके उपभोक्ताओं को सिलेंडर की डिलीवरी कर दी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही क्षेत्र में गैस की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। फिलहाल दुल्लीपट्टी और आसपास के क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की कमी के कारण उपभोक्ता परेशान हैं और नियमित आपूर्ति बहाल होने की प्रतीक्षा कर रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लोमा पंचायत के दास टोला में अग्नि पीड़ितों से मिले पूर्व विधायक निरंजन राय, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** गायघाट प्रखंड के लोमा पंचायत अंतर्गत जाया गांव के दास टोला में पिछले दिनों शॉर्ट सर्किट से हुई आगलगी की घटना के बाद पूर्व विधायक निरंजन राय ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों को सांत्वना दी और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि इस अग्निकांड में लगभग 10 परिवारों के घर और सामान जलकर पूरी तरह राख हो गए। वर्तमान में कई परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हैं। अग्निपीड़ितों से मिलने के बाद पूर्व विधायक ने कहा कि घटना के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवारों को समुचित सरकारी सहायता नहीं मिल पाई है। न तो सामुदायिक किचन की व्यवस्था की गई और न ही अबतक मुआवजा राशि उपलब्ध कराई गई है, जो चिंता का विषय है। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और अंचलाधिकारी से बात कर जल्द से जल्द सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष मुकेश कुमार पिंटू, पूर्व जिला पार्षद फूलबाबू राय, राजद के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार यादव, परमानंद चौपाल, नवल कुमार दास, राम प्रवेश शर्मा, मो. समीर, गोपाल यादव, गोविंद सहनी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



### शहीद प्रशांत शेखर की स्मृति में उनके घर तक बनेगी पक्की सड़क : अजीत कुमार

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र के कोल्हुआ पैगंबरपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मदन मुरारी सिंह के पुत्र व भारतीय वायु सेवा में सार्जेंट रहे प्रशांत शेखर के शहादत की सूचना मिलने पर कांटी के विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार बुधवार की सुबह शहीद प्रशांत शेखर के घर पहुंचे, जहां उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढ़ाढ़स बंधाया एवं शहीद शेखर के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर श्री कुमार ने शहीद प्रशांत शेखर के सम्मान व उनकी स्मृति में मुख्य सड़क से उनके घर तक पक्की सड़क बनवाने तथा बिजली की समुचित व्यवस्था कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा की शेखर जी के शहादत से संपूर्ण कांटी विधानसभा वासी दुःखी है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। वही, शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य धारण करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता वकील सहनी, धर्मेंद्र मिश्रा, मंकू पाठक, राकेश कुमार सिंह, रमेश पाठक, पंडित धर्मेंद्र तिवारी, वीरेंद्र राम, किशोर गुप्ता, पंडित शंभूनाथ चौबे, पंडित साकेत रमन पांडे आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### जिला आयुष समिति ने विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों में किया आयुर्विद्या कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी) ।** जिला आयुष समिति मुजफ्फरपुर द्वारा बुधवार को विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष पर प्रतिनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियो के नेतृत्व में विभिन्न प्रखंडो क्षेत्र के नजदीकी स्कूलों पर आयुर्विद्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को दिनचर्या व ऋतुचर्या के अनुसार स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई। इस संबंध में डॉ किरण शुक्ला जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी मुजफ्फरपुर ने बताया कि आयुर्विद्या कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। जिसमें मौसम के अनुसार बच्चों को खाने पीने, स्वस्थ रहने के लिए औषधीय पौधे का उपयोग करने की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार एवं विभागीय गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र में आयोजित किए जाते हैं। इस मौके पर औषधीय पौधों का वितरण तथा योग कार्यक्रम भी कराया गया। जिसमे प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

केशरावां में भागवत कथा महायज्ञ शुरू, 251 कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा,

मुजफ्फरपुर(एनएस बी)। कुढ़नी प्रखंड स्थित ब्रह्मस्थान केशरावां में श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 251 कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली, जो जगदम्बा स्थान से शुरू होकर ब्रह्मस्थान तक पहुंची। यहां विधिवत पूजा अर्चना के साथ महायज्ञ का आगाज हुआ। कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। पूरे मार्ग में जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालु भगवद नाम का संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम के आयोजन में कई गणमान्य लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इनमें प्रिंस मिश्रा, आशुतोष चंद्र, मिथिलेश पांडेय, पूर्व मुखिया देवेश कुमार (रमन जी), रत्नेश कुमार, सुंदरम कुमार, भाजपा नेता रंजन मिश्रा, रमेश कुमार पासवान, रंजीत कुमार पासवान सहित कई ग्रामीण शामिल थे। श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन 16 मार्च 2026 तक किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक कथा का वाचन होगा, जिसमें श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण कराया जाएगा।

### कुर्मी चेतना रैली के महानायक पूर्व विधायक सतीश कुमार के निधन पर जताया शोक

**औराई(एनएसबी)।** कुर्मी चेतना रैली के महानायक व पूर्व विधायक सतीश कुमार के निधन की खबर से बिहार की राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन से समर्थकों और सामाजिक कार्यकताओं में शोक की लहर है। बताया गया है कि गांधी मैदान में आयोजित कुर्मी चेतना महारैली ने बिहार और झारखंड की राजनीति में एक नया मोड़ दिया था। इस रैली के बाद राज्य की राजनीति में सत्ता परिवर्तन की नई दिशा बनी और वर्तमान सरकार को भी उसी रैली का परिणाम माना जाता है। कुर्मी चेतना रैली के महानायक रहे पूर्व विधायक सतीश कुमार के निधन पर औराई प्रखंड जदयू अध्यक्ष बेचन महतो, शोभेन्द्र सिंह, पवन कुमार पटेल, अजय मंडल, सुमन मंडल, जीतेन्द्र पटेल, वशिष्ठ सिंह, उमेश सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, सुजीत मंडल, डॉ. पप्पू कुमार, मृत्युंजय पटेल, उदय कुमार, विजय सिंह, रत्न लाल राय, शत्रुघ्न सिंह, रामसिहासन सिंह सहित दर्जनों लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### इफ्तार पार्टी में अमन शांति व भाईचारे का लिया गया संकल्प

**औराई(एनएसबी)।** औराई प्रखंड के रामपुर पंचायत के रामपुर गांव में समाजसेवी मो आरिफ द्वारा दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में विभिन्न गांव के लोगों ने शिरकत कर आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस दौरान उपस्थित ओलेमाओं ने कहा की इफ्तार पार्टी के आयोजन से सामाजिक सौहार्द बढ़ने के साथ ही आपस में समन्वय, भाईचारा व एकता का संदेश जागृत होता है। आयोजन के अंत में अमन शांति व भाईचारा बनाये रखने के साथ ही गरीबों की मदद का संकल्प लिया गया। इफ्तार पार्टी में मुख्य रूप से राजद प्रखंड अध्यक्ष मो एजाज, आरजू हसन करीमी, मो तरननूम, ऐहतेशाम अलीमी समेत दर्जनों अकिदतमंद उपस्थित थे।

### मुजफ्फरपुर कोर्ट से तत्कालीन जिला कृषि पदाधिकारी की जमानत खारिज, विभागीय अनुमति के बाद शुरू होगा ट्रायल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर में भ्रष्टाचार के एक मामले में तत्कालीन जिला कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार को बड़ा झटका लगा है। विशेष निगरानी कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है।सुधीर कुमार को साहेबगंज के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (आत्मा) संतोष कुमार से 19 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। जमानत याचिका खारिज होने के बाद फिलहाल उनके जेल से बाहर आने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं। विशेष लोक अभियोजक (निगरानी) कृष्णदेव साह ने बताया कि मामले की गहन जांच के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने सुधीर कुमार के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। आरोप पत्र के साथ 180 पन्नों की विस्तृत केस डायरी और 30 पन्नों की एफएसएल की रिपोर्ट भी कोर्ट को सौंपी गई है। एफएसएल रिपोर्ट में रिश्वत कांड में वैज्ञानिक साक्ष्यों की पुष्टि की गई है।

# योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव जब सभी अधिकारी समन्वय, प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी के साथ करें काम : गिरिवर दयाल सिंह

**# सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं जनकल्याणकारी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, # तिरहुत प्रमंडलीय आयुक्त ने 6 जिले के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक**

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** सरकार की विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यों में तेजी लाने तथा समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ योजनाओं का जवाबदेहीपूर्वक निष्पादन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त तथा अपर समाहर्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में प्रमंडलीय आयुक्त ने सभी अधिकारियों को सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों के अनुरूप कार्य करने तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता तक विकास योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना है, इसलिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ करें।




प्रमंडल के सभी जिले के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते तिरहुत प्रमंडलीय आयुक्त।

विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित मामलों में पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई तथा उनकी सुरक्षा, संरक्षण एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश जिलाधिकारियों व शीर्ष पुलिस अधिकारियों को दिया। इस क्रम में आयुक्त ने महिला हेल्पलाइन, महिला थाना, महिला हेल्प डेस्क तथा गर्ल्स हॉस्टल के सुव्यवस्थित संचालन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि गर्ल्स हॉस्टल का संचालन निर्धारित प्रोटोकॉल एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप होना चाहिए। इसके लिए हॉस्टलों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही वहां कार्यरत कर्मियों को पहचान पत्र निर्गत किया जाए तथा आगंतुकों के लिए विजिटर रजिस्टर का संधारण अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके अतिरिक्त हॉस्टलों में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था रखने तथा समय-समय पर संबंधित अधिकारियों द्वारा हॉस्टलों का निरीक्षण करने का निर्देश भी दिया गया। आयुक्त ने महिला थाना एवं महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय रखने पर बल देते हुए कहा कि इन संस्थानों की मॉनिटरिंग प्रणाली को सुदृढ़ बनाया जाए तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने महिला से संबंधित मामलों का नियमित फॉलोअप करने और मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।

बैठक के दौरान आयुक्त ने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में प्रशासनिक तत्परता एवं सजगता के साथ किए जा रहे सकारात्मक एवं प्रभावशाली कार्यों का दस्तावेजीकरण करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को महिला थानों का नियमित निरीक्षण करने तथा थानावार पंजी संधारित करने का निर्देश दिया। साथ ही महिला से संबंधित मामलों की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के दौरान सरकार के समाज सुधार अभियान को गति देने के उद्देश्य से प्रमंडलीय आयुक्त ने बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। इसके लिए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करने तथा उसकी कार्यवाही का पंजी संधारित करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालन को लेकर सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन एवं मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने, समय समय पर अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच कराने तथा अवैध रूप से संचालित केंद्रों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि सरकारी धन का उपयोग जनहित एवं विकास कार्यों में हो सके। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा उपलब्ध राशि समय पर खर्च हो और उसे वापस लौटाने की स्थिति उत्पन्न न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए विकास की गति तेज करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने, मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना के तहत प्रत्येक घर तक पहुंचाए गए नल-जल की आपूर्ति को नियमित एवं निर्बाध बनाए रखने, निर्मित व निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवनों की गुणवत्ता निर्माण किया जा रहा है अथवा जिनका निर्माण पूरा हो चुका है, उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा एक टीम गठित कर निर्माण कार्यों की जांच कराने व जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ हीं आयुक्त ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित सोलर लाइटों की कार्यशीलता बनाए रखने पर भी बल दिया। राजस्व एवं भूमि सुधार संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा नियमित समीक्षा के माध्यम से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश सभी जिलाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि जमाबंदी कार्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप किया जाए। साथ ही लैंड बैंक की व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा भू-अभिलेखों के डिजिटाइजेशन के कार्य को गति देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त न जरूरतमंद किसानों को उर्वरक उचित मूल्य पर ससमय उपलब्ध कराने, उर्वरक की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए छापेमारी अभियान तेज करने तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में मनरेगा योजना के तहत वृक्षारोपण कार्यों को गति देने का भी निर्देश दिया। बैठक के अंत में प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है जब सभी अधिकारी समन्वय, प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि वे जनहित को सर्वोपरि रखते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं तथा आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करें।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में वैशाली के दो सफल युवाओं को आयुक्त ने किया सम्मानित



प्रमंडलीय आयुक्त के साथ सम्मानित दोनों सफल अभ्यर्थी।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में जिले और बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाले वैशाली जिले के दो युवकों को तिरहुत के प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने बुधवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। इस बार के सिविल सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 10वीं रैंक प्राप्त कर बड़ी सफलता हासिल करने वाले वैशाली जिले के बिदुपुर प्रखंड के दिलावरपुर निवासी उज्जवल प्रियांक तथा 102वीं रैंक हासिल करने वाले हाजीपुर प्रखंड के दिग्घी निवासी अभिषेक चौहान को प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने सम्मानित करते हुए दोनों सफल अभ्यर्थियों की लगन, मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ईन दोनों की सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज और राज्य के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने दोनों अभ्यर्थियों को अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। आयुक्त ने इस सफलता के पीछे दोनों युवकों के माता-पिता और अभिभावकों के संघर्ष, त्याग और सहयोग की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि परिवार का सहयोग और सकारात्मक वातावरण युवाओं को बड़ी उपलब्धियां हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर प्रमंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त तथा अपर समाहर्ता सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने भी दोनों सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए विभाग 'एक्शन मोड' में; दवाओं की कमी और तकनीकी बाधाओं को दूर करने के सख्त निर्देश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में पिछले दिनों विभिन्न मीडिया माध्यमों के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में आ रही बाधाओं और कमियों पर विभाग का ध्यानाकर्षण कराया गया है, जिसपर संज्ञान लेते हुए बुधवार को सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार, डीपीएम रेहान अशरफ सहित अन्य पदाधिकारियों ने समीक्षा की। इस समीक्षात्मक बैठक के बाद चिन्हित सेवाओं में आ रही दिक्कतों को पहचान कर दूर करने का निर्णय लिया गया। साथ हीं प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता और ओपीडी सेवाओं में आने वाली तकनीकी दिक्कतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए भी ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने कहा कि हाल ही में कुछ केंद्रों पर एंटी-रेबीज वैक्सीन और लैब केमिकल्स की कमी की खबरें सामने आई थीं। इस पर विभाग ने संज्ञान लेते हुए राज्य मुख्यालय से नई खेप की मांग की है। साथ ही, प्रखंड स्तर के प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि आपातकालीन स्थिति में स्थानीय स्तर पर खरीद कर दवाओं का बफर स्टॉक बनाए रखें। ताकि किसी भी मरीज को बिना इलाज वापस न लौटना पड़े। ओपीडी पंजीकरण के दौरान बार-बार लिंक फेल होने की समस्या को देखते हुए विभाग ने आईटी टीम को नेटवर्क सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर हाई-स्पीड डोंगल और बैकअप इंटरनेट लाइन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सर्वर की समस्या के दौरान मरीजों की सुविधा के लिए मैन्युअल पर्चा काउंटर को भी सक्रिय रखा जाएगा। सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग अब परिवार नियोजन कार्यक्रमों में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करने जा रहा है। मुजफ्फरपुर में पुरुष नसबंदी के आंकड़ों में सुधार लाने के लिए आशा कार्यकताओं और स्वास्थ्य मित्रों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसका उद्देश्य समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर पुरुषों को आगे लाना है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक रेहान अशरफ ने कहा कि प्रशासन जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। छोटी-मोटी तकनीकी और लॉजिस्टिक बाधाओं को चिन्हित कर लिया गया है। अगले कुछ दिनों में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर सेवाएं पूरी तरह और बेहतर एवं पारदर्शी बनाई जाएंगी।



स्वास्थ्य सेवा सुविधा में सुधार के लिए विभागीय पदाधिकारियों के साथ मंत्रणा करते सिविल सर्जन।

# जिला प्रशासन ने घरेलू गैस व पेट्रॉलियम पदार्थों की किल्लत की अफवाह को बताया झूठ, कहा : जिले में गैस की कमी नहीं

**# अफवाह फैलाकर ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश, # गैस की किल्लत के बहाने विधि व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में एलपीजी घरेलू गैस व पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति के मामले मे विश्व के मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण किल्लत की फैलाई जा रही स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने बुधवार को स्पष्ट किया है कि एलपीजी घरेलु गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं गैस कम्पनीयों के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी की उपलब्धता पूर्व की भांति बनी हुई है। उच्चतम स्तर से किसी भी प्रकार की कटौती का आदेश नहीं है। घरेलु गैस की बुकिंग एवं डिलेवरी उपभोक्ता के रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर से कम्पनी के बुकिंग नंबर पर मिस्ड कॉल या एसएमएस, आईवीआरएस, व्हाट्सएप तथा ओटीपी पर पूर्व की भांति हो रहा है। यह प्रणाली अभी भी क्रियाशील है। वर्तमान में मध्य पूर्व में चल रहें युद्ध के कारण पिछले गैस डिलेवरी के 25 दिनों के अन्तराल पर बुकिंग की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। एसडीओ पूर्वी व पश्चिमी ने जिले में घरेलू गैस व पेट्रॉलियम पदार्थों की आपूर्ति की फैलाई जा रही भ्रामक अफवाह की स्थिति को लेकर गैस कम्पनीयों के फिल्ड ऑफिसर्स, सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं गैस एजेंसी के संचालकों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान एसडीओ ने कहा कि स्थिति पर प्रशासन की पूरी नजर है। एलपीजी गैस की कोई समस्या नहीं है। गैस वितरक एजेंसीयों के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि बुकिंग के तिथि व समय के अनुरूप पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपभोक्ताओं को वितरित करें, ताकि किसी को भी असहजता महसुस न हो। आमजनों के लिए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि बुकिंग एवं गैस डिलेवरी के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के लिए गैस एजेंसीयों द्वारा जारी पासबुक पर दर्ज टॉल फ्री नम्बर एवं कंपनी के नम्बर पर शिकायत दर्ज कर सकते है, जिसका त्वरित निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने घरेलू गैस उपभोक्ताओं से कहा है कि किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस की पैनिंक खरिदारी व बुकिंग का प्रयास न करें। किसी भी प्रकार के विधि-व्यवस्था की बाधा उत्पन्न न करें। किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा गैस गोदाम पर या डोर स्टेप डिलेवरी की गाड़ी, वितरण कर्मी के साथ मारपीट या कार्य में बाधा उत्पन्न किया जाता है तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोनों एसडीओ ने सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि एलपीजी गैस डीलर्स एवं वितरकों के यहाँ नियमित तौर पर निरीक्षण तथा छापामारी कर ब्लैक मार्केटिंग तथा जमाखोरी करने वाले के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करें।



गैस व पेट्रॉलियम पदार्थों की किल्लत मामले को लेकर वितरकों व कंपनी प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते एसडीओ।

## संक्षिप्त खबरें

### बेलसंड में जनता दरबार का आयोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी, बेलसंड की अध्यक्षता में भूमिझविवाद से संबंधित जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस



जनता दरबार में उपस्थित पदाधिकारी।

दौरान प्राप्त आवेदनों की सुनवाई कर निष्पक्ष एवं विधि-सम्मत कार्रवाई हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेलसंड समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी शामिल रहे।

### छात्र-छात्राओं ने किया नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान का आयोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बेलसंड थाना क्षेत्र के उच्च विद्यालय दमामी मठ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेलसंड के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक युद्ध नशे के



कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते पुलिस पदाधिकारी।

विरुद्ध अभियान के माध्यम से युवाओं को जागरूक करना था। इस दौरान छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक हानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि नशामुक्त वर्तमान ही भयमुक्त भविष्य का निर्माण करता है। पुलिस पदाधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को नशे जैसे दुर्व्यसनों से दूर रहने, पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने तथा उच्च शिक्षा प्राप्त कर पुलिस एवं अन्य सरकारी सेवाओं में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर, अनुशासित और सशक्त बनने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में बेलसंड थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राज्यस्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए बिहार विवि बना नोडल विश्वविद्यालय

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बीआरए बिहार विश्वमविद्यालय के उपलब्धियों की कड़ी में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। राजभवन द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए राज्यस्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए बिहार विवि को नोडल विश्वविद्यालय नियुक्त किया है। इस गौरवशाली निर्णय के तहत बीआरए बिहार विश्वविद्यालय अब पूरे बिहार प्रदेश में सीईटी-बी एड 2026 और सीईटी शिक्षा शास्त्री 2026 के सफल और पारदर्शी परीक्षा संचालन के लिए मुख्य केंद्र की भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इस गरिमामय उत्तरदायित्व को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विवि प्रशासन जल्द ही परीक्षा की तैयारियों के लिए एक विशेष कोर कमेटी का गठन करेगा, ताकि राज्य भर के अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और पूरी प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। प्रो राय ने कहा कि विश्वविद्यालय को मिली यह दोहरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की प्रशासनिक क्षमता का प्रमाणीकरण है।

### 5वीं स्मृति दिवस पर श्रद्धा से याद की गई ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी ह्रदय मोहिनी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी ह्रदय मोहिनी जी का पांचवा स्मृति दिवस बुधवार को सादगी के साथ मनाया गया। स्थानीय आमगोला रोड स्थित सुख शांति भवन सभागार में इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित ब्रम्हाकुमारी संगठन के सदस्यों व बड़ी संख्या में उपस्थित नगर के प्रबुद्धजनों ने पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी ह्रदय मोहिनी जी को उनकी 5वीं स्मृति दिवस पर उन्हें याद करते हुए नमन किया। इस अवसर पर बिहार झारखंड सेवाकेंद्र की जोनल इंचार्ज राजयोगिनी बीके रानी दीदी ने पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी ह्रदय मोहिनी जी को याद करते हुए कहा कि दादी जी का जन्म 1928 में कराची में हुआ। जब 9 वर्ष की थीं तो संस्थापक ब्रह्मा बाबा द्वारा खोले गए ओम निवास आवासीय विद्यालय में दाखिला लिया। स्कूल में बाबा मम्मा के स्नेह, प्यार और दुलार से प्रभावित होकर अपना जीवन उनके समान बनाने का निश्चय किया।

---

जिलाधिकारी ने एलपीजी गैस एवं अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर की समीक्षा बैठक

# जिले में एलपीजी व पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य, अफवाह फैलाई तो होगी कार्रवाई

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को जिले में एलपीजी गैस एवं अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड के नोडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी तथा तेल कंपनियों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में एलपीजी गैस तथा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी गैस वितरकों को उनके कोटे के अनुसार नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है।




समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी व साथ में पुलिस अधीक्षक।

जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया के माध्यम से गैस की संभावित कमी को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं, जिससे लोगों में अनावश्यक भय की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वालों, जमाखोरी करने वालों या गैस की कालाबाजारी करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की कि वे आवश्यकता से अधिक गैस सिलेंडर की बुकिंग या भंडारण न करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग, अनधिकृत भंडारण या अवैध वितरण करना लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन) आर्डर, 2000 तथा एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट, 1955 के तहत दंडनीय अपराध है। सभी गैस वितरकों को निर्देश दिया गया कि वे उपभोक्ताओं को निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता न होने दें। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को एलपीजी गोदामों और वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा आवश्यकता पड़ने पर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया।

अंत में जिलाधिकारी ने जिलावासियों से संयम बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है।

---

### डॉ विजय कुमार की पुस्तक 'मूल्य और संवेद्यता' को मिला 'एप्रेसिएशन अवार्ड ऑफ बुक 2026

**मुजफ्फरपुर(एनएबी)।** लंगट सिंह महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार ने एक बार फिर शैक्षणिक जगत में कॉलेज का मान बढ़ाया है। डॉ. कुमार की बहुचर्चित पुस्तक "मूल्य और संवेद्यता" के लिए उज्जैन स्थित 'भारतीय महिला दार्शनिक परिषद्' द्वारा 'एप्रेसिएशन अवार्ड फॉर द बुक 2026' से सम्मानित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि यह डॉ कुमार के करियर का चौथा बड़ा सम्मान है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो कनुप्रिया ने डॉ विजय कुमार को बधाई देते हुए इसे कॉलेज के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। प्रो कनुप्रिया ने कहा कि यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत शैक्षणिक कौशल को दशार्ती है, बल्कि लंगट सिंह महाविद्यालय की समृद्ध ज्ञान परंपरा को भी वैश्विक मंच पर गौरवान्वित करती है। उन्होंने कहा कि दर्शनशास्त्र जैसे गूढ़ विषय पर उनका लेखन आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में डॉ. विजय की यह उपलब्धि उनकी गहन बौद्धिक क्षमता और अनवरत शोध का परिणाम है।

---

नगर परिषद बैरगनिया में वेतन बढ़ोतरी की मांग पर तीसरे दिन भी हड़ताल जारी

## सफाईकर्मियों ने झाड़ू लेकर किया प्रदर्शन

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर परिषद बैरगनिया के सफाईकर्मियों की हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है और जगह-जगह कूड़े का अंबार लगने से स्थिति नारकीय हो गई है।

बुधवार को महिला व पुरुष सफाईकर्मी हाथों में झाड़ू लेकर शहर में जुलूस निकालते हुए वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सफाईकर्मियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

सफाईकर्मियों के अनुसार दिसंबर 2024 तक सफाई का टेंडर करीब 19 लाख रुपये प्रतिमाह था और उन्हें 11,500 रुपये मासिक वेतन मिलता था। जनवरी 2025 में जब पटना की हर्ष इंडिकोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को लगभग 40 लाख रुपये प्रतिमाह पर टेंडर दिया गया, तब भी सफाईकर्मियों का वेतन नहीं बढ़ाया गया। इसी को लेकर वे आंदोलन कर रहे हैं।

हड़ताल का नेतृत्व कर रहे संतोष राउत ने बताया कि सफाईकर्मी दो शिफ्ट में आठ घंटे काम करते हैं, लेकिन उन्हें मात्र 11,500 रुपये ही दिए जाते हैं। उनकी मांग है कि कम से कम 15 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके।

हड़ताल के कारण नगर परिषद के 26 वार्डों में सफाई कार्य पूरी तरह ठप रहा। सड़कों, गलियों और प्रमुख चौक-चौराहों पर कूड़े-कचरे का ढेर लग गया है,



वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर झाड़ू लेकर प्रदर्शन करते सफाईकर्मी।

जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रमजान, चैत्र नवरात्र और शादी-विवाह के मौसम में बाजार आने-जाने वाले लोग नाक पर रूमाल रखकर गुजरने को मजबूर हैं।

बुधवार को सफाईकर्मियों ने हॉस्पिटल रोड, मुख्य मार्ग, बाबा लाल दास मठ रोड और घी पट्टी रोड से होते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की। इसके बाद पटेल चौक पर भी प्रदर्शन किया गया। सफाई एजेंसी के मॉनिटरिंग प्रभारी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि सरकारी नियमानुसार सफाईकर्मियों को दैनिक मजदूरी के आधार पर भुगतान किया जाता है। वहीं भाजपा नेता रामाशीष राय ने नोडल पदाधिकारी संतोष कुमार से मिलकर सफाई कार्य में वित्तीय गड़बड़ी की जांच तथा सफाईकर्मियों के वेतन बढ़ाने की मांग की। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार सुमन, नगर प्रबंधक सुमन सिंह और एजेंसी प्रतिनिधियों ने सफाईकर्मियों के साथ बैठक कर कुछ राशि बढ़ाने का प्रस्ताव दिया, लेकिन मजदूरों ने महज 500 रुपये बढ़ोतरी को अस्वीकार कर दिया, जिससे वार्ता विफल हो गई। नगर परिषद की सभापति सिंधु गुप्ता ने कहा कि वे इस समस्या से अवगत हैं और एजेंसी को सफाईकर्मियों की मांगों पर वार्ता कर समाधान निकालने को कहा गया है।

---

## अमेरिका के साम्राज्यवादी दमन के खिलाफ दुनिया एकजुट होकर युद्ध पर रोक लगाये : सर्वोदय मंडल

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला सर्वोदय मंडल की नगर ईकाई के गठन हेतू महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष नन्दकिशोर मंडल की अध्यक्षता में संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा कार्यालय में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव कर अमेरिका-ईजरायल द्वारा इरान के सर्वमान्य नेता खामनेई की हत्या की कड़ी निन्दा की गई तथा कहा गया कि युद्ध कहीं भी और कभी भी आमजन की तबाही का कारण बनता है। दुनिया के देशों को साम्राज्यवादी शक्तियों के युद्ध तथा आतंक के खिलाफ खडा होकर युद्ध बंदी के लिए पहल करना चाहिए। बैठक में मनरेगा के स्वरूप परिवर्तन की निन्दा करते हुए मनरेगा के स्वरूप को पूर्ववत रखते हुए गांधी जी के नाम को पूर्ववत



जिला सर्वोदय मंडल की बैठक में शामिल जिलाध्यक्ष व अन्य।

रखने की मांग केन्द्र सरकार से की गई। बैठक में सर्वसम्मति से रामसुरेश तिबारी को सीतामढी नगर अध्यक्ष तथा डा.नवल प्रसाद यादव को नगर मंत्री मदन मोहन ठाकुर तथा वीणा देवी को उपाध्यक्ष चयन किया गया। बैठक में सर्वोदयी नेता तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त कर दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में राष्ट्रीय मंत्री डा.आनन्द किशोर, डा. नवल प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष अमरेन्द्र राय, सचिव अबधेश यादव, जलंधर यदुवंशी अश्विनी मिश्र, रामसुरेश तिवारी, वीणा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## सीता संवाद प्रतिनिधिमंडल ने मंदिरों में समर्पित की "पंच तीर्थ स्थल दर्शन" पुस्तिका

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** सीता संवाद के निदेशक आग्नेय कुमार एवं संयोजक संत भूषण दास ने माता सीता जन्मभूमि क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों एवं आश्रमों में ह्लपंच तीर्थ स्थल दर्शनह्व पुस्तिका समर्पित की। इस क्रम में श्री सीताराम नाम सुखधाम आश्रम, मुरादपुर हरिछपरा (डुमरा) में प्रसिद्ध कथावाचक संत किशोरी शरण मधुकर महाराज के साथ सीता संवाद एवं विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

करीब तीन घंटे तक चले विचार-विमर्श में मिथिला माहात्म्य, जानकी कुमुदिनी एवं जानकी स्तुति जैसे ग्रंथों में वर्णित माता जानकी की महिमा पर विस्तार से चर्चा की गई। संत किशोरी शरण मधुकर महाराज ने बताया कि वे लगभग 42 वर्षों से सीतामढ़ी सहित विभिन्न जिलों एवं राज्यों में कथा वाचन कर रहे हैं तथा जगत जननी माता सीता और प्रभु श्रीराम के प्रति अनन्य भक्ति रखते हैं। आश्रम परिसर में नियमित रूप से रामचरितमानस का पाठ, सीताराम नाम संकीर्तन, आरती एवं पूजा-अर्चना होती है। यहाँ गुरु परंपरा के संतों की तस्वीरें, सुंदर पुस्तकालय, शिवलिंग, हनुमान जी की प्रतिमा तथा स्वच्छ एवं व्यवस्थित गौशाला श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव कराती है। आश्रम परिसर हरियाली से घिरा हुआ है, जो साधना और शांति के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

आग्नेय कुमार ने कहा कि संतों के सान्निध्य में सीता संवाद की आध्यात्मिक




नगर स्थित रजत द्वार जानकी मंदिर में पुस्तिका समर्पित करते सीता संवाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

**मिथिला माहात्म्य, जानकी कुमुदिनी एवं जानकी स्तुति जैसे ग्रंथों में वर्णित माता जानकी की महिमा पर चर्चा**

एवं साहित्यिक यात्रा पुस्तिका समर्पित करना सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर मिथिला दर्शन यात्रा तथा माता सीता जन्मभूमि के पंच तीर्थ स्थल विकास को लेकर धर्मजागरण अभियान जारी रखने का संकल्प भी दोहराया गया। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने श्री हनुमान मंदिर स्टेशन रोड, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, श्री रजत द्वार जानकी मंदिर, बड़ी कुटी, छोटी कुटी, लाल कुटी, हजारीनाथ मंदिर, राम विलास मंदिर, चक्र ऋषि आश्रम तथा राम-जानकी मंदिर भवदेपुर में भी पुस्तिका समर्पित की।

---

सीतामढ़ी में 23-24 मार्च को होगा विभा प्रसाद मेमोरियल जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट 2026

## एक हजार रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क देकर स्कूलों की इंट्री होगी

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित होने वाले विभा प्रसाद मेमोरियल जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट 2026 को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अभय प्रसाद ने की। बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि यह प्रतियोगिता 23 एवं 24 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष अभय प्रसाद बनाए गए। समिति के सदस्यों में अतुल कुमार, ध्रुव किशोर महतो, विशाल कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. अमित कुमार (निदेशक, संत जोसेफ




बैठक में मौजूद सीतामढ़ी जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

स्कूल), विवेक कुमार, क्रिस्टोफर राज, संजय सिंह, बरखा रानी, रूद्रेश कुमार सिंह एवं सब्यसाची भद्रा शामिल हैं।

प्रतियोगिता के दौरान किसी भी प्रकार के विवाद के समाधान के लिए एक निर्णायक समिति का भी गठन किया गया है। इसमें पंकज कुमार सिंह (सीतामढ़ी जिला कबड्डी संघ), संजीव कुमार (सचिव, सीतामढ़ी जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन), राज किशोर महतो, अमर आनंद एवं विकास पासवान को शामिल किया गया है।

बैठक में बताया गया कि 23 मार्च को प्रतिभागियों का आगमन सुबह 9 बजे तथा उद्घाटन समारोह 9:30 बजे होगा, जबकि 24 मार्च को प्रतियोगिता सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। सभी विद्यालयों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने विद्यालय का 43 फीट का बैनर साथ लाएं। जिन विद्यालयों के पास बैंड टीम है, वे उसे भी साथ लाएं।

सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को अपना अल्पाहार और पानी की बोतल साथ रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही विद्यालय के शारीरिक शिक्षक या खेल प्रभारी से अनुरोध किया गया है कि वे प्रतियोगिता के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार खिलाड़ियों को संबंधित स्पर्धा स्थल पर समय से पहुंचाएं।

बताया गया कि बिब नंबर (चेस्ट नंबर) प्रतियोगिता से पहले विद्यालयों को भेज दिया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि होने पर 21 एवं 22 मार्च को जानकी स्टेडियम, डुमरा में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुधार कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 6205042337 पर संपर्क किया जा सकता है।

आयोजकों ने स्पष्ट किया कि 23 एवं 24 मार्च को प्रतियोगिता के दिन किसी भी प्रकार का नया रजिस्ट्रेशन या सुधार स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय को 1000 रुपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा, तभी पदक तालिका में विद्यालय के अंक जोड़े जाएंगे।

किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में इंडियन एथलेटिक्स के नियमों के तहत गठित समिति का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। विवाद दर्ज कराने के लिए 30 मिनट के भीतर आवेदन के साथ 100 रुपये शुल्क जमा करना होगा।

10 MAR DNS PAGES_page dummy final.qxd 12-03-2026 03:34 Page 2



## संक्षिप्त खबरें

### रक्सौल के नए थानाध्यक्ष बने प्रशिक्षु डीएसपी हेमंत सिंह

**रक्सौल (एनएसबी)** मोतिहारी पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर प्रशासनिक नियंत्रण को सुदृढ़ बनाने तथा बेहतर कार्यकुशलता और व्यवहारिक प्रशिक्षण के उद्देश्य से पुलिस विभाग में मंगलवार को महत्वपूर्ण पदस्थापन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार हेमंत सिंह भा.पु.से. (2024 बैच) परिक्ष्यमान सहायक पुलिस अधीक्षक को रक्सौल के नये थानाध्यक्ष पद पर पदस्थापित किया गया है। इससे पहले श्री सिंह पुलिस कार्यालय मोतिहारी में कार्यरत थे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार यह पदस्थापन प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा अधिकारियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। पुलिस विभाग का मानना है कि नए थानाध्यक्ष की तैनाती से थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और बेहतर ढंग से नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। साथ ही अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन और जनसंपर्क को मजबूत करने की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम सामने आने की उम्मीद है' पुलिस प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि नए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में पुलिसिंग और अधिक सक्रिय व प्रभावी होगी तथा आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

### अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किया गया प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण

**मोतिहारी (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना, ढाका विजय कुमार द्वारा क्षेत्र भ्रमण के क्रम में प्रखंड कार्यालय बनकटवा, अंचल कार्यालय बनकटवा एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय बनकटवा का औचक निरीक्षण किया गया' निरीक्षण के दौरान प्रखंड कार्यालय बनकटवा के लिपिक अभिषेक कुमार, बाल विकास परियोजना कार्यालय बनकटवा के लिपिक जगत सिंह, अंचल कार्यालय बनकटवा के नाजिर विजय कुमार, आरपीएस बनकटवा के कार्यपालक सहायक धर्मेंद्र कुमार राम एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर सत्येंद्र कुमार अनुपस्थित पाए गए। अन्य कार्यालय कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। निरीक्षण के क्रम में कार्यालय परिसर में उपस्थित नागरिकों से कार्यालय कार्यकलाप के संबंध में फीडबैक लिया गया एवं पदाधिकारी कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### मिलेट्स के मूल्य संवर्धन व विपणन पर किसानों को मिला आवासीय प्रशिक्षण

**पीपराकोठी।** कृषि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी में तीन दिवसीय कृषक आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वैल्यू चेन एवं मिलेट्स के विपणनह्व का समापन सह प्रमाण-पत्र वितरण समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार मिलेट्स वैल्यू चेन उत्कृष्टता केंद्र, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (समस्तीपुर) द्वारा प्रायोजित था। समारोह में वरिय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अरविंद कुमार सिंह, सह प्राध्यापक डॉ. ऋतंभरा सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान) श्रीमती सविता कुमारी तथा फार्म मैनेजर श्री मनीष कुमार उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि मोटे अनाज (मिलेट्स) पोषण सुरक्षा के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने किसानों को मिलेट्स के मूल्य संवर्धन और वैज्ञानिक विपणन पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।डॉ. ऋतंभरा सिंह ने मिलेट्स के वैल्यू चेन विकास, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार से जुड़ाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठित प्रयास और उचित विपणन रणनीति से किसान मिलेट्स उत्पादों से अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं।प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मिलेट्स की उन्नत उत्पादन तकनीक, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और बाजार प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी किसानों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। किसानों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया।

### विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में आपदा प्रबंधन पर इंटरफेस कार्यक्रम, बच्चों की सुरक्षा पर जोर

**मोतिहारी (एनएसबी) ।** जिले के विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा और आपदा से निपटने की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को मीना बाजार स्थित नवयुवक पुस्तकालय में इंटरफेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार और बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) द्वारा सेल्सफोर्स के सहयोग से किया गया' प्रभारी आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों में आपदा प्रबंधन योजना का निर्माण और उसका नियमित अभ्यास बच्चों की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है' अग्निशमन विभाग के अमन कुमार ने कहा कि आगजनी जैसी घटनाओं से बचाव के लिए विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों में जागरूकता, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन जरूरी है। कार्यक्रम में अजहर हुसैन अंसारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। मोतिहारी पीएचसी की चिकित्सक डॉ. सरिता कुमारी और महिला पर्यवेक्षिका रंजना कुमारी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए सेविकाओं को आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण और जानकारी मिलना बेहद जरूरी है, बिहार इंटर एजेंसी ग्रुप के संयोजक अमर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हामिद रजा ने कहा कि स्कूल डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान (एसडीएमपी) और आंगनवाड़ी केंद्र डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान (एडब्ल्यूसी-डीएमपी) के माध्यम से संस्थानों को आपदा के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय प्रशासन, शिक्षकों, आंगनवाड़ी सेविकाओं और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. सरिता कुमारी (एचएससी), सपना कुमारी (वरदाहा), मुखिया मोहन सहनी (वरदाहा), ब्रिजेश गिरी, शिक्षक उमेश ठाकुर, दीप नारायण ठाकुर, आंगनवाड़ी सेविका अनिता कुमारी,मैना देवी, मीना देवी सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में आपदा प्रबंधन योजना को प्रभावी रूप से लागू करने का सामूहिक संकल्प लिया। धन्यवाद ज्ञापन सत्य प्रकाश ने किया।

### विधायक ने किया नवनिर्मित थाना भवन का निरीक्षण

**कल्याणपुर।** विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह ने नवनिर्मित थाना भवन का निरीक्षण किया। थाना भवन के सभी कमरों, शौचालय, हाजत, बिजली , पानी, महिला बैरक आदि की व्यवस्था को देखा। पूर्व से जीर्ण शीर्ण भवन में चल रहे कल्याणपुर थाना को अब बहुत जल्द आधुनिक नया थाना भवन मिल जायेगा। इस थाना भवन का निर्माण बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा कराया गया है। बहुत जल्द इसका उद्घाटन होगा।

### गैस सिलेंडर लेने जा रहे स्कूटी सवार युवक को स्कार्पियो ने मारी टक्कर, जख़्मी

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित ओवरब्रिज पर बुधवार की सुबह स्कार्पियो ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार जख्मी टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ला निवासी नंदजी प्रसाद के 21 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार है। इधर, जख्मी के परिजन ने बताया कि बुधवार की सुबह वह स्कूटी द्वारा अपने घर से चंदवा गैस सिलेंडर लाने के लिए जा रहा था। उसी दौरान प्राइवेट बस स्टैंड स्थित ओवरब्रिज पर पीछे से आ रहे स्कार्पियो ने उसके स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

### दो बाइक सीधी भिड़ंत में चचेरी सास, दामाद समेत चार जख्मी

**आरा।** आरा-सलेमपुर मार्ग पर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर एवं सनदिया गांव के बीच मंगलवार की देर शाम दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार चचेरी सास, दामाद समेत चार लोग जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।जानकारी के अनुसार जख्मियों में एक बाइक पर सवार गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव निवासी मंजी महतो की 36 वर्षीया पत्नी विद्यार्थी देवी एवं कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी पशुराम महतो का 17 वर्षीय पुत्र मुन्नू कुमार शामिल है। दोनों रिश्ते में सास व दामाद लगते है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में केंद्र से डॉ. कुमार अमृतांशु को मिला सम्मान

## मोतिहारी के डॉक्टर का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज

**मोतिहारी (एनएसबी)।** केंद्र सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस दिशा में विभिन्न चैनलों और यूट्यूब के माध्यम से जागरूकता एवं तकनीकी पहल की जा रही है, जिसमें डॉ. कुमार अमृतांशु का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए डॉ. कुमार अमृतांशु को सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि सदर अस्पताल, मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) से पहली बार किसी व्यक्ति का नाम गिनीज बुक



गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र

### स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लागू करने की तैयारी

ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज हुआ है' बताया जाता है कि इस उपलब्धि के लिए पूर्व सिविल सर्जन डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव ने डॉ. कुमार अमृतांशु को नामित किया था। स्वास्थ्य विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की व्यवस्था जल्द ही बिहार में प्रारंभ करने की योजना है' इस प्रणाली के तहत जांच से लेकर इलाज तक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाएगा। केंद्र सरकार अगले एक वर्ष तक इस परियोजना पर लगातार कार्य करेगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की ऑपरेशन मशीनों और आधुनिक उपकरणों से सदर अस्पताल को सुसज्जित करने की भी योजना है' यह पूरा कार्य केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (ठइएटर) द्वारा किया जा रहा है, जो मेडिकल क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री प्रदान करने वाली प्रमुख संस्था है'

## राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए मोतिहारी में प्रचार रथ रवाना, लोगों को किया जाएगा जागरूक




**मोतिहारी (एनएसबी)।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। इस क्रम में 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथ को रवाना किया गया। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार मोतिहारी श्री अभिषेक कुमार दास तथा सचिव श्री नितिन त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इस प्रचार रथ को रवाना किया।

यह प्रचार रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों, न्यायालय परिसरों तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कर आम लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व, उसके लाभ और इसमें निःशुल्क एवं त्वरित न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देगा। इसके माध्यम से लोगों को बताया जाएगा कि लोक अदालत में आपसी सहमति से विवादों का निपटारा कर समय, धन और श्रम की बचत की जा सकती है' सचिव नितिन त्रिपाठी ने बताया कि लोक अदालत में बैंक ऋण, बीमा दावा, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, विद्युत व दूरसंचार बिल, चेक बाउंस और अन्य सुलह योग्य मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस व्यवस्था का लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम में अग्रणी बैंक के प्रबंधक राजेंद्र पांडे भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय प्राप्ति का एक प्रभावी और सशक्त माध्यम है, जिसमें लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान किया जाता है' इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय इसरार अहमद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र प्रसाद, अरुण कुमार सिन्हा, कमलेश मिश्रा, ब्रजेश कुमार, मुकुंद कुमार, श्रीमती रेशमा वर्मा एवं श्रीमती ऋचा भार्गव उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पुनीत कुमार तिवारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रसेनजीत सिंह, राहुल रंजन, श्रीमती श्वेता सिंह, श्रीमती गरिमा रानी एवं अविनाश कुमार सहित कई न्यायिक पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## कोलकाता ने उत्तराखंड को 7-0 से किया परास्त, उत्तराखंड गोल के लिए करती रही संघर्ष

**चकिया (एनएसबी)।** स्थानीय गांधी मैदान में खेले जा रहे महात्मा गांधी ऑल इंडिया फुटबॉल टूनामेंट के चौथे दिन बुधवार को अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबला मोहम्मडन एथलेटिक फुटबॉल क्लब कोलकाता व फुटबॉल क्लब उत्तराखंड के बीच हुआ।जिसमे कोलकाता टीम ने उत्तराखंड को 7-0 से मात दिया। कोलकाता टीम ने पहले हाफ में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8 वें मिनट पर जर्सी नंबर 5 एडमा ने पहला व 12 वें मिनट पर जर्सी नंबर 20 याकूब ने दूसरा तथा 42 वें मिनट पर जर्सी नबर 10 अलतमसनुर ने तीसरा गोल दाग 3-0 की बढ़त उत्तराखंड टीम पर बना ली। पहले हाफ की समाप्ति तक उत्तराखंड की टीमें गोल के लिए संघर्ष करती रही लेकिन शून्य हीं हाथ लगा। दूसरे हाफ में भी कोलकाता ने गोल का शिलशिला रुकने नहीं दिया। 11 नंबर जर्सी शेरी ने 55 वें मिनट पर चौथा व 20 नंबर जर्सी याकूब ने 57 वें मिनट में पांचवां तथा 19 नंबर जर्सी एनामुल ने 60 वें मिनट में छठा तथा 78 वें मिनट पर जर्सी नंबर 14 रामू ने सातवां गोल दाग 7-0 से उत्तराखंड को हरा सेमीफाइल में पहुंच गई। उत्तराखण्ड की टीम ने गोल के लिए काफी संघर्ष किया लेकिन कोलकाता टीम ने शून्य पर रोक दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कोलकाता टीम के खिलाड़ी जर्सी नम्बर 20 याकूब व बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार एसके सिद्दीकी को आयोजन समिति के द्वारा दिया गया। टूनार्मेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को कोलहान सॉकर चाईबासा झारखंड व फुटबॉल क्लब बेंगलूर के बीच खेला जाएगा। कॉमेंटेटर के रूप में रोहित सिंह स्कोरर सुकेश प्रसाद जबकि रेफरी मनीष कुमार,दिनेश कुमार गुप्ता, संतोष पांडेय,विशाल कुमार थे। मौके पर उप सभापति सुभाष कुमार, टूनार्मेंट अध्यक्ष हरजीत सिंह राजू, चंद्रभूषण प्रसाद,अशोक यादव, दाऊद आलम, जयप्रकाश यादव व अन्य सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## सम्पूर्ण विश्व में सर्वाधिक प्रासंगिक है भारतीय ज्ञान परम्परा : कुलपति

**मोतिहारी (एनएसबी)।** महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में भारतीय ज्ञान परम्परा समिति द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान परम्परा एवं समकालीन परिप्रेक्ष्य विषयक सप्तदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा आज सम्पूर्ण विश्व में अत्यंत प्रासंगिक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा को समझने के लिए उसके मूल संदर्भों तथा भारतीय चिंतन परम्परा को जानना आवश्यक है।




कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा वेदकालीन परम्परा से विकसित हुई है और भारतीय संस्कृति ही इसका मूल आधार है। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परम्परा विभिन्न भाषाओं में विकसित हुई है और इसकी जड़ें अत्यंत गहरी हैं। प्रो. ए. के. शरण ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा के विकास के लिए संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। वहीं प्रो. वंदना झा ने भारतीय ज्ञान परम्परा की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए महाकवि विद्यापति की प्रसिद्ध पंक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि यह परम्परा मनुष्य को अपने अस्तित्व को समझने की दिशा प्रदान करती है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा में कला, संस्कृति, धरोहर तथा पंचमहाभूतों की अवधारणा को भी महत्वपूर्ण बताया।प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि व्यक्ति का बौद्धिक विकास परम्परा के माध्यम से ही संभव है। वहीं जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेयी ने तत्त्वमीमांसा और सांख्य दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा को कालखण्डों में विभाजित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान मनुष्य को भौतिक जगत में व्यवहार करना सिखाता है और इसे समझने के लिए विज्ञान की समझ भी आवश्यक है।कार्यक्रम का संचालन डॉ. बबलू पाल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. श्याम कुमार झा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी और लगभग 70 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में प्रो. कमलेश कुमार सिंह मुख्य वक्ता तथा प्रो. वंदना झा विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं'।

## मारवाड़ी प्रीमियर लीग-3 की ट्रॉफी का अनावरण

**रक्सौल(एनएसबी)।** बीरगंज मारवाड़ी युवा मंच और ग्रीन सिटी सामुदायिक सेवा केंद्र आदर्शनगर के संयुक्त आयोजन में होने वाली मारवाड़ी प्रीमियर लीग-3 क्रिकेट प्रतियोगिता की ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है। ट्रॉफी अनावरण समारोह बीरगंज के आदर्शनगर स्थित होटल त्रिशला में आयोजित किया गया।कार्यक्रम ग्रीन सिटी सामुदायिक प्रहरी आदर्शनगर के अध्यक्ष जयप्रकाश खेतान के मुख्य आतिथ्य,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अनुज रूंगटा सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही'आयोजकों के अनुसार स्वर्गीय सुशील कुमार खेतान की स्मृति में आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता 13 मार्च शुक्रवार से बीरगंज के आदर्शनगर रंगशाला में शुरू होगी।प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग लेंगी। पूरे टूनार्मेंट में कुल 23 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में बीटीएस प्लास्टर्स, टाइगर्स, जगुआर, कंचनजंगा सहित अन्य टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा।कार्यक्रम के संयोजक केशव खेतान के अनुसार इस प्रतियोगिता से वीरगंज में खेल गतिविधियों को और प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों की उत्साहजनक भागीदारी रहने के साथ-साथ खेल प्रेमी दर्शकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रहने की अपेक्षा की गई है। इस बीच प्रतियोगिता की ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम बीरगंज के विभिन्न धार्मिक और प्रमुख स्थानों पर भी किया गया। जैसे मैत्री पुल,शंकराचार्य गेट, चिनीमिल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर एवं माइस्थान मंदिर में टीमों के कप्तानों और खिलाड़ियों की उपस्थिति में ट्रॉफी का प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर भंसार सशस्त्र प्रहरी भंसार गुल्म के प्रहरी निरीक्षक निरज थापा की विशेष उपस्थिति रही।आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खेल के माध्यम से युवाओं को एकजुट करना और स्वर्गीय सुशील कुमार खेतान की स्मृति को सम्मान देना है। साथ ही इस प्रतियोगिता से बीरगंज में क्रिकेट के विकास और खेल संस्कृति को और मजबूत बनाने का विश्वास व्यक्त किया गया है।

## रक्सौल में डीआईजी हरीकिशोर राय ने की कानून-व्यवस्था की समीक्षा, सीमा सुरक्षा सख्त करने का निर्देश

**रक्सौल (एनएसबी)।** चंपारण प्रक्षेत्र के डीआईजी हरीकिशोर राय मंगलवार को रक्सौल अनुमंडल परिसर स्थित एसडीपीओ कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर उन्हें पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की।

बैठक के दौरान डीआईजी ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े रक्सौल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपराध नियंत्रण और तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी श्री राय ने कहा कि रक्सौल सीमा से सटा संवेदनशील इलाका है, इसलिए पुलिस को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, नियमित गश्त बढ़ाने तथा आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराध और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा' इस मौके पर एसडीपीओ मनीष आनंद, पुलिस निरीक्षक अभिषेक कुमार, हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

## पीपराकोठी थाना में एसपी स्वर्ण प्रभात का जनता दरबार

**पीपराकोठी।** थाना परिसर में बुधवार शाम पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी गई और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनता दरबार में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश मामले भूमि विवाद और अतिक्रमण से संबंधित थे।पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात


सुनवाई करते एसपी

ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्राप्त आवेदनों में आपसी विवाद और जमीन के सीमांकन से जुड़ी शिकायतें भी शामिल थीं। उन्होंने ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को जल्द न्याय मिल सके।एसपी ने यह भी बताया कि कुछ मामलों में अनुसंधानकताओं द्वारा जांच में विलंब किए जाने की शिकायतें मिली हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अनुसंधानकताओं को जल्द से जल्द अनुसंधान पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का प्रयास है कि लोगों की समस्याओं का समाधान समय पर और पारदर्शी तरीके से किया जाए। जनता दरबार के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों ने पीपराकोठी थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह की कार्यप्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि थाने में शिकायतों के समाधान के लिए बेहतर व्यवस्था बनाई गई है। इसके अतिरिक्त, एसपी स्वर्ण प्रभात ने थाना क्षेत्र के चौकीदारों की पोशाक और अनुशासन की भी प्रशंसा की, उन्हें ग्रामीण स्तर पर पुलिस व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। इस अवसर पर डीएसपी सदर-2 जितेश पांडेय, इंस्पेक्टर सुरेश यादव, थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, एसआई शशिभूषण कुमार, धनंजय कुमार, नंदलाल पासवान, राजवीर, स्मिता राजश्री, ज्योति महतो सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जदयू जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक आयोजित।

**सहरसा (एनएसबी)।** जदयू जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक गूँजेश्वर शाह के आवास पर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने किया। 13 मार्च को समृद्धि यात्रा में बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहरसा की पावन धरती पर सुबह 10 बजे सहरसा स्टेडियम में पधार रहे है। जिला अध्यक्ष ने प्रकोष्ठों के सभी जिला अध्यक्षकों सभी प्रखंड अध्यक्षगण से आह्वान किया कि मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल व ऐतिहासिक बनाबें। इस अवसर पर महिषी विधानसभा प्रभारी संजीव कुमार झा,आनंदी प्रसाद मेहता, इश्तियाक खान, पूर्व प्रदेश महासचिव सुनील कुमार सिंह,प्रो अरुण खां,गणेश गौरव पान, प्रवक्ता डॉ लुतफुल्लाह,श्रीकांत झा, स्मिता सिंहा,राम बहादुर यादव, उपेंद्र सिंह कुशवाहा,कैलाश प्रसाद यादव, जय सिंह, राजकुमार शाह,रणवीर यादव, मनोज कुमार शाह, इंदल यादव,कैलाश साह,सुशील यादव अरुण सिंह, हेमराज मुन्ना, भीम महतो, निशा पांडे, गोविंदा सादा,हरि मेहता एवं अधिक से अधिक संख्या में कार्यकत्ता उपस्थित रहे।



### राशि के अभाव में सहुरिया पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य ठप

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के सहुरिया पंचायत में करीब तीन करोड़ के लागत से बनने वाली पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य राशि के अभाव में बंद हो गया है। जिसके कारण भवन का निर्माण कार्य समय सीमा समाप्त होने के बाबजूद अधुरा पड़ा है। जानकारी के अनुसार पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से चल रहा है ।लेकिन सरकार की ओर से निर्धारित राशि उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण निर्माण कार्य को कार्य पुर्ण होने से पहले बंद हो गया है। संवेदक बलराम सिंह ने बताया कि पंचायत सरकार भवन निर्माण की समय सीमा भी समाप्त हो चुकी है, बावजूद इसके सरकार की ओर से राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिसके कारण मजदूरों का मजदुरी भुगतान करना और निर्माण सामग्री की उपलब्ध करना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य को आगे बढ़ाना काफी कठिन हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सरकार भवन बन जाने से पंचायत से जुड़े सभी सरकारी कार्य एक ही परिसर में संचालित किए जाएंगे, जिससे आम लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। लेकिन निर्माण कार्य रुक जाने से लोगों की आस पर पानी फिर गया है। भवन के जल्द पूरा होने की मांग किया है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द राशि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य को फिर से शुरू कराने की मांग किया है, ताकि पंचायत सरकार भवन का कार्य पूरा हो सके।



### वार्ड 12 निवासी धनदेव तांती छत से गिरने मौत

**सहरसा सदर (एनएसबी)।** शहर के वार्ड नंबर 35 बटराहा मोहल्ले में एक निमार्णाधीन मकान से गिरने के कारण 51 साल के सरकारी शिक्षक की मौत हो गई। यह हादसा मकान की शटरिंग देखने के दौरान हुआ। गंभीर रूप से घायल शिक्षक को इलाज के लिए पटना ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान सोनवर्षा कचहरी थाना अंतर्गत दिवारी पंचायत के धकजड़ी वार्ड नंबर 12 निवासी धनदेव तांती के रूप में हुई है। वे कहरा प्रखंड के ढोली प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। घटना के समय वे अपने निमार्णाधीन मकान की पहली मंजिल पर शटरिंग का काम देख रहे थे, जो जमीन से लगभग 15 फीट ऊपर थी। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे नीचे गिर गए। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल पास के एक निजी क्लिनिक ले जाया गया। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। धनदेव तांती के परिवार में उनकी पत्नी नूतन देवी और तीन बच्चे हैं, जिनमें दो लड़के और एक लड़की शामिल हैं। वे अपने चार भाइयों में सबसे छोटे थे और उनके परिवार का भरण-पोषण मुख्य रूप से उनकी आय पर निर्भर था। सहरसा सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



### भारत गैंस एजेंसी में अफवाहों को मैनेजर राहुल कुमार ने बताया निराधार, अफवाह से उपभोक्ताओं में अफरातफरी

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र में माल गोदाम रोड स्थित भारत गैस एजेंसी पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत की अफवाह फैल गई। अफवाहों के कारण सुबह होते ही सैकड़ों उपभोक्ता गैस लेने के लिए एजेंसी पर उमड़ पड़े। स्थिति यह हो गई कि गैस की रसीद कटाने से लेकर भरा हुआ सिलेंडर लेने तक उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गई। लाइन में खड़े कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे अलसुबह से इंतजार कर रहे हैं। एक उपभोक्ता ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि पहले रसीद कटाने में दिक्कत हुई और अब सिलेंडर लेने के लिए धूप और भीड़ में पसीना बहाना पड़ रहा है। एजेंसी पर लगातार बढ़ती भीड़ और हंगामे की आशंका को देखते हुए बख्तियारपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद भीड़ को कतारबद्ध कर स्थिति को नियंत्रित किया। भारत गैस एजेंसी के मैनेजर राहुल कुमार ने गैस किल्लत की अफवाहों को पूरी तरह निराधार बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कल तक एजेंसी पर सामान्य स्थिति थी और बुकिंग के आधार पर उपभोक्ताओं को घर तथा एजेंसी पर गैस की डिलीवरी दी जा रही थी। मैनेजर राहुल कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे गैस की आपूर्ति को लेकर बिल्कुल चिंता न करें, क्योंकि एजेंसी के पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। उन्होंने लोगों से बेवजह अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की होड़ से बचने का आग्रह किया और कहा कि गैस की आपूर्ति लगातार और सुचारू रूप से जारी रहेगी। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी।



### 2025-26 का अंतिम लोक अदालत 14 मार्च को।

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रिय प्रबंधक अजीत झा ने बताया कि 14 मार्च 2026 को बैंक के सहरसा क्षेत्र के तीनों जिलों सहरसा, मधेपुरा एवं सुपौल के सभी व्यवहार न्यायालयों मे लोक अदालात का आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इस लोक अदालत मे बिहार ग्रामीण बैंक के वैसे सभी ऋणी जो अपना ऋण आर्थिक कठिनाइयों के कारण नहीं चुका पाए है, उन्हे बैंक द्वारा विशेष छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह लोक अदालत इस वित्तीय वर्ष (2025-26) का अंतिम लोक अदालत है, इसलिए बैंक के द्वारा पूर्ण प्रयास किया जा रहा है कि ग्राहकों को छूट का ज्यादा से ज्यादा लाभ देकर उन्हे ऋण मुक्त किया जाए और उनपे चल रही कानूनी कार्यवाही को विराम दिया जाए। इस लोक अदालत के विषय में ज्यादा जानकारी के लिए ग्राहक अपने शाखा से संपर्क कर सकते है अथवा अपने नजदीकी व्यवहार न्यायालय में 14 मार्च को जाकर बैंक अधिकारियों से संपर्क कर सकते है। लोक अदालत के दिन स्वयं बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक अजित झा उपस्थित रहेंगे साथ ही किसी भी जानकारी के लिए बैंक के वसूली विभाग के अधिकारी अंकित कुमार, राजीव रंजन एवं केशव कुमार भी उपस्थित रहेंगे।



# खेत जोताई के दौरान धरती के अंदर से निकला गणेश जी की प्राचीन मूर्ति

### आठवीं सदी मे दुर्लभ ब्लैक स्टोन से बनी है कीमती मूर्ति

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत मटेश्वर धाम कांठो से गणेश की प्राचीन प्रतिमा मिली है। यह मूर्ति सातवीं आठवीं शताब्दी की है। चार साल पहले यहां सूर्य की भी दो प्रतिमा मिली थी जिन्हें मटेश्वर धाम मंदिर परिसर में रखी गयी है।ये मूर्तियां ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व की है जिन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित किया जाना चाहिए। नियमानुसार इसे सरकारी संग्रहालय में संगृहीत किया जाना चाहिए। इंडियन ट्रेजर ट्रोव एक्ट 1878 एवं बिहार पुलिस मैनुअल 1978 के अनुसार जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का यह दायित्व है कि इस तरह के पुरातात्विक सामग्रियों को संग्रहालय में संगृहीत कराने हेतु समुचित व्यवस्था की जाय। इस तरह के पुरातात्विक सामग्रियों की चोरी होने की अधिक संभावना रहती है। तस्करों की नजर ऐसी मूर्तियों पर रहती है।पिछ्ले वर्षो में दरभंगा एवं मधुबनी जिलों से अनेक गणेश प्रतिमा



यह मूर्ति सातवीं आठवीं शताब्दी की।

की चोरी हो गई है।इन्डियन नेशनल ट्रस्ट फौर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज बिहार स्टेट पटना के को कन्वेनर डा शिव कुमार मिश्र ने उक्त पुरावशेषों की समुचित रखरखाव हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की मांग की है। ज्ञात हो कि जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल स्थित वलबा हाट के कांठो में विश्व प्रसिद्ध मटेश्वर नाथ महादेव मंदिर का स्थित है। जिसे मिनी बाबा धाम के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर में विशाल शिवलिंग स्वयं अंकुरित महादेव के रूप में पूजा अर्चना की जाती है।बताया जाता है कि जिसका संबंध सीधा पाताल लोक से जुड़ी हुई है।शिवलिंग के चारों ओर पाताल गंगा का जल हरदम स्वतः निकलता रहता है।वही मंदिर से 200 मी पूरब सीताराम यादव के खेत में जुताई के दौरान कुछ पत्थर जैसी वस्तु हल से टकराई जिसे खंती से खोद कर जमीन से 2 फीट नीचे प्राचीन गणेश जी की प्राचीन मूर्ति मिली।मूर्ति मिलने की सूचना पर काफी लोग जमा हुए और पूजा अर्चना करने लगें।मूर्ति मिलने की खबर से लोग तरह तरह की बात कर रहे है।जबकि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण कोलकाता पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर फणीकांत मिश्रा ने परिभाषित कर बताया कि यह मूर्ति आठवीं शताब्दी में बनाई गई है।जो अत्यंत दुर्लभ ब्लैक स्टोन से निर्मित है। इस मूर्ति में चार हाथ, कमल का चिन्ह,मूस वाहन की प्रतिमा स्पष्ट रूप से बनी हुई है।साथ ही 4 बांह बर्तन बेली आधार में चूहा ,बाधा हटाने वाला, कुल्हाड़ी परशु,कमल साँप, माला, मौली, विस्तृत मुकुट, हार, साँप, पेट और पाश्र्व मे भक्त अंकित है।स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी मुन्ना भगत ने बताया कि मूर्ति मिलने की सूचना पर काफी संख्या में भीड़ जमा हुई है। मूर्ति मिलने की सूचना सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल पदाधिकारी को दी गई है।उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में इससे पूर्व भी अब तक कई मूर्तियां मिल चुकी है। इसके अंतर्गत इससे पूर्व भगवान सूर्य, माता सरस्वती एवं शनि ग्रह की मूर्ति बरामद हुई है। यह सभी मूर्ति मटेश्वर नाथ मंदिर में स्थापित कर उसकी पूजा अर्चना की जा रही है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी भगवान विष्णु की अत्यंत दुर्लभ मूर्ति प्राप्त हुई थी जिसे थाना के द्वारा किसी म्यूजियम में सुरक्षित रखा गया है।उन्होंने मांग की कि बाबा मटेश्वर नाथ धाम क्षेत्र आध्यात्मिक एवं पुरातात्विक महत्व से परिपूर्ण क्षेत्र है। इस क्षेत्र की विस्तृत खुदाई एवं सर्वेक्षण किया जाना आवश्यक है। ज्ञात हो कि कंदाहा सूर्य मंदिर राज्य सरकार की द्वारा धरोहर सूची में शामिल कर संरक्षित किया गया है। इस पूरे क्षेत्र में गहन खुदाई एवं सर्वेक्षण की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने इस स्थल को विस्तृत खुदाई करने की मांग की है ताकि लोगों को इस क्षेत्र की ऐतिहासिक व पुरातत्व की विस्तृत जानकारी का पता चल सके।

## मत्स्यगंधा मंदिर परिसर में लगी भीषण आग, अग्निशमन टीम नें तत्परता से बुझाई आग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही अग्निकांड की संख्या बढ़ रही है।ऐसे मे अभी आग से काफी सावधानी की जरूरत है। थोड़ी सी लापरवाही भीषण अग्निकांड में तब्दील हो सकता है। इसी क्रम में आग से लापरवाही के कारण मत्स्यगंधा स्थित परिसर में भीषण आग लग गई जिसे अग्निशमन



आग बुझाते दमकल कर्मी।

विभाग के कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाई। घटना के संबंध मे बताया गया कि मत्स्यगंधा स्थित रक्त काली चैसठ योगनी मंदिर के पीछे रखे कचरे में बुधवार के दोपहर उठी आग की लपटें से अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। लेकिन भगवान की कृपा रही कि समय रहते अग्निशमन दल मौके पर पहुंच आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। जिससे किसी तरह की कोई खास नुकसान नहीं हुई। मंदिर व्यवस्थापक कुमार हीरा प्रभाकर ने बताया कि मंदिर के पीछे अर्धनिर्मित विवाह भवन के निकट रखे कचड़े में एकाएक आग लग गयी। जो निकट में पड़े जर्जर प्लास्टिक के बोट में पकड़ लिया। जिससे आग की लपटे तेज हो गयी। वही आग की लपट धुंए के गुबार के रूप में चारो ओर फैल गई। स्थानीय लोगों की तत्काल इसपर नजर पड़ी तो अग्निशमन विभाग को तत्काल सूचना दी गयी। तत्काल ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस आग से किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। जर्जर पड़े लगभग 10 प्लास्टिक के बोट पूरी तरह जल गया। इसके अलावे किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी श्यामसुंदर यादव ने बताया कि आग से कोई विशेष क्षति नहीं हुई है। कचड़े में लगे आग से निकट पड़े खराब प्लास्टिक के बोट में आग लग गयी जो विकराल रूप धारण कर रही थी लेकिन समय रहते इसपर पूरी तरह काबू पा लिया गया एवं आग को पूरी तरह बूझा दिया गया। मौके पर सहायक अग्निशमन पदाधिकारी धीरज कुमार, अग्निक विकास कुमार, अग्निक कुंदन कुमार, अग्निक मिथुन कुमार, अग्निक प्रदीप कुमार, अजग्निक चालक राजेश रंजन सहित अन्य ने त्वरित गति से आग बुझाने में सराहनीय योगदान दिया। जिसके कारण अग्निकांड से होनेवाली बड़ी अनहोनी टल गई।

## सतमत सत्संग मंदिर में सप्त दिवसीय सत्संग भजन-कीर्तन आयोजित

### सांसारिक माया-मोह में उलझे व्यक्ति को जन्म-जरा का बंधन प्रतीत नहीं होताः स्वामी भगवतानंद जी महाराज।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** शहर के गांधी पथ स्थित संतमत सत्संग मंदिर मे दिनांक 6 मार्च से सात दिवसीय संतमत सत्संग का कार्यक्रम चल रहा है जिसका समापन 12 मार्च को किया जाएगा। बुधवार को आयोजित सत्संग में भागलपुर से आए हुए प्रवचनकर्ता स्वामी भगवतानंद जी महराज ने उपस्थित धर्मलाबियो से कहा कि धर्म ही वह आश्रय है, जिसके माध्यम से जन्म जरा से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है। धर्म ही आत्मा का रक्षक है। सांसारिक माया-मोह में उलझे व्यक्ति को जन्म-जरा का बंधन भी बंधन प्रतीत नहीं होता। वह तो केवल भौतिक सुख-संपदा को पाकर ही प्रसन्न होता रहता है। आत्मकल्याण की सुधि उसे कहां रहती है। किन्तु जागृत आत्मा सांसारिक जीवन-यापन करते हुए भी उस संसाररूपी जन्म- के पिंजड़े से मुक्ति के लिए हर पल पुरुषार्थरत रहती है।यह संसार एक ऐसा सागर है, जिसकी जलधारा में प्राणी न तैर पा रहा है और न डूब पाता है। प्रत्येक धर्मशास्त्र यही संदेश देता है कि यदि कोई आश्रम का ठौर है, तो वह है धर्म। धर्म ही वह आश्रय है, जिसके माध्यम से जन्म-जरा से मुक्ति पायी जा सकती है। धर्म ही आत्मा का रक्षक है, जिसके माध्यम से आत्मा के विकास में गति प्राप्त होकर सही अर्थो में कर्मो के दुश्चक्रों की सफाई होती है। उन्होंने कहा है कि दीप पर्व की तैयारियाँ हम बाहरी सफाई एवं रंग-रोगन कर अनादि काल से करते चले आये है। किन्तु बाहरी सफाई के साथ-साथ अंतर में व्याप्त क्रोध, मन-माया, लोभ के कचरे की सफाई भी आत्म-कल्याण के लिए अनिवार्य है। जप, तप और ध्यान क्रिया से जुड़कर कर्मो की निर्जरा से ही भव- परम्परा से मुक्ति संभव है। भगवान की वाणी को आत्मसात कर मानव से महामानव बनकर हम सभी अपने जीवन को उज्वल बनायें।स्वामी नवलकिशोरनंद जी महराज ने प्रवचन करते हुए कहा अभ्यास के आरंभ में गुरु-रूप का ध्यान होना चाहिए अथवा तिल पर सुरत जमाना चाहिए। इसके लिए जानना चाहिए कि गुरु-रूप का ध्यान स्थूल और मानस ध्यान है और तिल पर सुरत जमाने का ध्यान सूक्ष्म है और मन से विंदु या तिल बनाकर देखना नहीं है। अभ्यास के आरंभ में स्थूल से ही आरंभ करना स्वभावानुकूल है। इससे दृष्टि और मन का सिमटाव स्थूल मूर्ति को मनोमय बनाकर मन और दृष्टि को उस पर रखने से मन और दृष्टि का जितना सिमटाव होता है। उसे तिल या बिंदु वा सूक्ष्म ध्यान के आरंभिक अभ्यास करने की योग्यता अभ्यासी को होती है। इसलिए अभ्यास के आरंभ में गुरु-रुप का स्थूल ध्यान कहा गया है और सूक्ष्म ध्यान के आरंभ के लिए तिल वा बिंदु-ध्यान कहा गया है। स्वामी महेशानंद जी महराज ने बताया कि इस संतमत सत्संग के आयोजन के दौरान ध्यान-साधना शिविर में प्रतिदिन एक-एक घंटा का सामूहिक ध्यानभ्यास दिन मे पांच बार ,तीनो पहर सत्संग-प्रवचन एवं भजन कीर्तन हो रहा है। 12 मार्च को समापन के दिन स्वामी रामलग्न जी महाराज का प्रवचन होगा।



प्रवचन देते बाबा, उमड़ी श्रद्धालु की भीड़।

## बनमा ईटहरी अंचल कार्यालय पर सीपीआई का धरना-प्रदर्शन

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय पर बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आह्वान पर जनता के ज्वलंत मुद्दों को लेकर धरना-प्रदर्शन व आमसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे। धरना को संबोधित करते हुए सीपीआई के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओम प्रकाश नारायण, जिला सचिव परमानन्द ठाकुर, राज्य परिषद सदस्य विजय कुमार यादव, जयकिशोर महाशय, बिन्देश्वरी यादव, रामबिलाश सादा, धनदेव यादव, रामचन्द्र यादव एवं सीताराम सिंह सहित अन्य नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम जनता परेशान है। प्रखंड व अंचल कार्यालयों में बढ़ रहे भ्रष्टाचार, दलाली व बिचैलिया प्रथा पर रोक लगाने की जरूरत है। साथ ही मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण के नाम पर योजना को बंद करने की साजिश का आरोप लगाते हुए इसे रोकने की मांग की गई। इसके अलावा मजदूर विरोधी चार लेबर कोड को रद्द करने, भूमिहीनों पर बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बुलडोजर चलाना बंद करने, भूमिहीनों को बासगीत का पर्चा देने व जिनके पास पर्चा है उन्हें जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग उठाई गई। धरना के दौरान संविदा पर कार्यरत आंगनवाड़ी, आशा, ममता, रसोइया, टोला सेवक व विकास मित्र को राज्यकर्मी का दर्जा देने, प्रखंड क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने तथा किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक खाद उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई है।



# बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ, संयुक्त संघर्ष मोर्चा पटना के आवाहन पर बुधवार को स्टेडियम के पास जिला पदाधिकारी के समक्ष विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन एवं एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौरतलब हो कि अपनी मांगो को लेकर राज्य भर के राजस्व कर्मचारी पिछले एक महीने से हड़ताल पर हैं परन्तु विभाग के अड़ियल रवैया और उदासीनता के कारण अभी तक कोई सफल वार्ता संघ से नहीं हो पाई है। मुख्य मांगों में सभी नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी को गृह जिला में पदस्थापन, राजस्व कर्मचारियों का वेतन ग्रेडपे 2800 यानि लेवल 5, क्षेत्र भ्रमण हेतु ईंधन आपूर्ति सहित मोटरसाईकिल उपलब्ध कराया जाए, सभी राजस्व कर्मचारियों को एक हल्का,पंचायत का ही प्रभार आवंटित करने, कार्य अवधि 10 एम से 5 पीएम का ही अनुपालन करने, रविवार या अन्य राजपत्रित अवकाश में राज्यपाल के आदेश के विरूद्ध कार्य लेने, एसीपी एमएसीपी व सेवा सम्पुष्टि करने के संबंध में, राजस्व कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यक उपकरण यथा मॉडेम, डोंगल, मासिक रिचार्ज (लैपटॉप प्राप्त कराये गये तिथि से जोड़कर) तत्काल उपलब्ध कराया जाए और हर महीने समय पर रीचार्ज की व्यवस्था की जाए। विदित हो कि राजस्व कर्मचारियों के संघ के द्वारा अपनी मांगो को लेकर विगत वर्ष भी आन्दोलन किया गया था, तत्पश्चात दिनांक 02-06-2025 को संघ के प्रतिनिधियों एवं राजस्व विभाग के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के साथ समझौता हुआ और मांगो को लेकर सहमती भी बनी, पुनः अन्तर्विभागीय समन्वय के बिंदुओं पर तत्कालीन मुख्य सचिव, बिहार अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में दिनांक 04-07-2025 को अन्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी एवं संघ के प्रतिनिधियों से किये गए वार्ता समझौता को लागू करने का भरोसा दिया गया, उक्त दोनों बैठक की कार्यवाही का लिखित पत्र उपलब्ध है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के वर्तमान प्रधान सचिव के द्वारा पिछले वर्ष के समझौता वार्ता एवं मुख्य सचिव, बिहार द्वारा दिया गया लिखित आश्वासन को एक कागज का टुकड़ा कहकर मांगो को मानने और लागू करने से इंकार कर दिया गया। फलस्वरूप पुरे राज्य भर के राजस्व कर्मचारी अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं और विगत एक महीने से लगातार हड़ताल पर बने हुए हैं। धरना को बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शरद कुमार, बिहार राज्य भुमि सुधार जिला शाखा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार झा, जिला मंत्री श्रवण कुमार, महासंघ अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह, समाहरणालय संघ अध्यक्ष रमण कुमार, जिला मंत्री-समरेन्द्र कुमार, सूरज कुमार, शशि भूषण सिंह, रामनाथ प्रसाद, चितेन्द्र नारायण, जवाहर मुखिया, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, शिवपूजन कुमार, अमित कुमार, श्वेता श्री, मनीष कुमार, कौशल कुमार आदित्य, पिंटू कुमार रजक, मिडिया प्रभारी रघुवर प्रसाद, विनय कुमार, सत्येन्द्र कुमार, संतोष कुमार, वरूण कुमार, मणिकान्त पाल, उदय कुमार, दिलीप कुमार, मुकेश कुमार, राजीव रंजन, कमलेश कुमार, रंधीर कुमार,प्रेम राज, राजकिशोर कुमार, अली राजा, बीरेन्द्र कुमार,दीपक कुमार, बिटेश्वर प्रसाद, अनुपम कुमार, झुन्नू कुमार, गौतम कुमार चैधरी, संदीप कुमार साह, पुष्कर कुमार, बीरबल कुमार साह के साथ दसों अंचल के राजस्व कर्मचारी धरना कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



धरना-प्रदर्षन करते कर्मचारी संघ।

## जिले में पर्याप्त एलपीजी का स्टॉक उपलब्ध, तत्काल संकट की आशंका नहीं : जिला प्रशासन

**सुपौल (एनएसबी)** । विभिन्न गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों से प्राप्त सूचना के अनुसार सुपौल जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। वित्तीय वर्ष 2024-25 से ही जिले को प्रतिदिन लगभग 2600 सिलेंडर आवंटित किया जाता हैं। वर्तमान समय में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण पूरे देश में 07-03-2026 से 14.2 किलोग्राम घरेलू सिलेंडर पर 60 की वृद्धि की गई है और गैस रिफिलिंग की बुकिंग की न्यूनतम अवधि 15 दिन से बढ़ाकर 25 दिन किया गया है तथा आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम के अंतर्गत एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को भी शामिल किया गया है । एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग मोबाइल से ऑनलाइन या गैस एजेंसी पर जाकर कराई जा सकती है और प्राप्त ओटीपी के द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर का उठाव किया जा सकता है यह बहुत ही सरल और आसान प्रक्रिया है ।


गोदाम में उपलब्ध गैस।

एलपीजी गैस सिलेंडरों की कमी की अफवाहों के कारण उपभोक्ताओं में एलपीजी गैस सिलेंडर की मांग में असामान्य तेजी देखी जा रही है, जिस कारण कुछ वितरकों के पास अस्थायी रूप से स्टक खत्म हो जा रहा है जिसकी पूर्ति कुछ समय बाद ही हो जा रही है ।

वर्तमान स्टॉक और बॉटलिंग प्लांट से मिल रही आपूर्ति के आधार पर जिले में लगभग पर्याप्त एलपीजी स्टाक उपलब्ध है। तत्काल आपूर्ति संकट की आशंका नहीं है।

जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने एवं कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष सहित सभी संबंधित अधिकारी और कर्मी निरंतर उठाव वितरण की निगरानी कर रहे हैं और अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है । जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं । जिले में सिलेंडरों के उपलब्धता की स्थिति सामान्य है, घबराकर अधिक सिलेंडर लेने की आवश्यकता नहीं है।

# सुपौल में घरेलू गैस की भीषण किल्लत से अफरा-तफरी का माहौल, गैस एजेंसी के सामने उपभोक्ताओं ने किया सड़क जाम

संतोष चौहान

**सुपौल।** जिले में इन दिनों घरेलू गैस की भीषण किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं। जिले में कई जगह उपभोक्ताओं ने सड़क पर सिलेंडर रखकर सड़क जाम करके प्रदर्शन किया। ये नजारा दिखा जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस के सामने शकुन इंडेन गैस एजेंसी का , जहां सैकड़ों उपभोक्ता सुबह से गैस के लिए लंबी लाईन लगाकार गैस मिलने के इंतजार में बैठे रहे। वही समय पर गैस आपूर्ति नहीं होने से नाराज उपभोक्ताओं ने सड़क पर सिलेंडर रखकर सड़क जाम कर शहर के मुख्य मार्ग को बाधित कर दिया, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी देखने को मिली। इस बाबत सड़क जाम किए हुए उपभोक्ताओं ने बताया कि हमलोग घरेलू एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए अपना काम-काज छोड़कर अहले सुबह से ही गैस एजेंसी पहुंच गए, लेकिन यहां गैस वितरण नहीं हो पाने से हमलोग परेशान है। गैस नहीं मिलने से घर का चूल्हा बंद है, इतनी बड़ी परेशानी पर प्रशासन और सरकार जल्द से जल्द संज्ञान लेते हुए हमलोगों को गैस उपलब्ध करवाए, ताकि आम जन जीवन सामान्य हो सके। इस मामले में मीडिया द्वारा शकुन इंडेन के एजेंसी मालिक से संपर्क साधने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने मोबाइल फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझा।


सड़क पर सिलेंडर रख जाम करते उपभोक्ता।

# त्रिवेणीगंज में गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)।** उपभोक्ताओ ने एलपीजी गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा। बता दें कि आक्रोशित लोगों ने त्रिवेणीगंज-पिपरा मुख्य सड़क मार्ग पर बघला गांव के पास 327 को जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया।

सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ समय के लिए आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का आरोप है कि पिछले एक सप्ताह से गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। लोग लगातार गैस एजेंसी का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि एजेंसी में गैस उपलब्ध नहीं है।


सड़क जाम करते उपभोक्ता।

उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि एक ओर एजेंसी में गैस नहीं होने की बात कही जा रही है, वहीं दूसरी ओर बाजार में वही एल पी जी सिलेंडर कालाबाजारी के जरिए 1500 से 2000 रुपये तक में बेचा जा रहा है। लोगों का कहना है कि एजेंसी स्तर पर बड़े पैमाने पर गैस की कालाबाजारी हो रही है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्होंने 3 मार्च को गैस बुक कराया था, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला है। कई लोगों के मोबाइल पर गैस डिलीवरी का मैसेज भी आ चुका है, फिर भी उन्हें सिलेंडर नहीं दिया गया। इससे उनके घरों में चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है।

जाम कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि रात में गैस की गाड़ी एजेंसी पर आती है और सिलेंडर को कालाबाजारी में बेच दिया जाता है। लोगों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से उनके घरों में खाना बनना बंद है और बच्चों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

सड़क जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। करीब एक घंटे बाद प्रदर्शनकारियों ने 327 से जाम हटा लिया।इस दौरान लोगों ने प्रशासन से मांग की कि गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे फिर से सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

इस बाबत प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी नेहा कुमारी ने बताया कि एल पी जी गैस की किल्लत नहीं रहेगी गुरुवार से एलपीजी गैस का वितरण किया जाएगा ।

## आईसीडीएस की जिला परियोजना सहायक बेबी कुमारी की सेवा समाप्त

### लंबे समय से अनाधिकृत अनुपस्थिति के आरोप में डीएम ने की कार्रवाई

**सुपौल (एनएसबी)** । जिले में प्रशासनिक अनुशासन को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी सावन कुमार के निर्देश पर आईसीडीएस सुपौल में कार्यरत जिला परियोजना सहायक की सेवा समाप्त कर दी गई है। यह कार्रवाई लंबे समय तक बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने के कारण की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईसीडीएस जिला प्रोग्राम कार्यालय, सुपौल में कार्यरत श्रीमती बेबी कुमारी, जिला परियोजना सहायक (एनएनएम) ने 24 अक्टूबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक पुत्र और मां की देखभाल के लिए अवैतनिक अवकाश का आवेदन दिया था। इसके बाद उन्होंने 26 जनवरी 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक पुनः बच्चे की देखभाल तथा सास के साथ रहने के लिए अवैतनिक अवकाश का आवेदन दिया। कार्यालय के अनुसार 30 अप्रैल 2025 के बाद उनके द्वारा अवकाश के लिए कोई नया आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बावजूद वह लंबे समय तक कार्यालय से अनुपस्थित रहीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रोग्राम कार्यालय की ओर से पत्रांक 661 दिनांक 10 मई 2025, पत्रांक 752 दिनांक 31 मई 2025 तथा पत्रांक 927 दिनांक 28 जून 2025 के माध्यम से उन्हें कार्यालय में योगदान देने और अनधित अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण देने के लिए अंतिम अवसर दिया गया। बताया गया कि उक्त सभी पत्रों की तामिला उनके पिता के माध्यम से कराई गई, लेकिन इसके बावजूद श्रीमती बेबी कुमारी की ओर से कार्यालय में कोई जवाब या स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प (22 जनवरी 2021) के अनुसार संविदा कर्मियों को अधिकतम 30 दिन का अवैतनिक अवकाश ही दिया जा सकता है तथा बिना सूचना के 15 दिन या उससे अधिक अनुपस्थित रहने पर संबंधित पद को रिक्तघोषित किया जा सकता है। इसी प्रावधान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने श्रीमती बेबी कुमारी का नियोजन 24 अक्टूबर 2024 के प्रभाव से रद्द करते हुए उन्हें कार्यमुक्त कर दिया है। इस संबंध में आदेश जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस सुपौल की ओर से जारी किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले के संविदा कर्मियों के बीच स्पष्ट संदेश गया है कि सरकारी कार्य में लापरवाही और अनाधित अनुपस्थिति किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# ऊर्जा सचिव ने निर्मली विद्युत शक्ति उपकेंद्र का किया निरीक्षण, 31 मार्च तक मेंटेनेंस पूरा करने का निर्देश

**राघोपुर (सुपौल)(एनएसबी)** । बुधवार को बिहार सरकार के ऊर्जा विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने सुपौल जिले के विद्युत आपूर्ति प्रमंडल राघोपुर अंतर्गत निर्मली स्थित विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकेंद्र में कार्यरत सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मचारी एवं मानवबल उपस्थित रहे। ऊर्जा सचिव ने उपकेंद्र की कार्यप्रणाली, उपकरणों की स्थिति तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र में हो रही बिजली आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान ऊर्जा सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में 24 गुना 7 निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उपकेंद्र से संबंधित सभी मेंटेनेंस कार्य 31 मार्च 2026 तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर और निरंतर बिजली सेवा उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने नियमित मनिटरिंग, उपकरणों की समय-समय पर जांच तथा तकनीकी खामियों को जल्द दूर करने पर जोर दिया।


निरीक्षण करते सचिव।

इस दौरान ऊर्जा सचिव ने परिसर में एक फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया तथा अधिक से अधिक पौधारोपण करने का निर्देश दिया।

मौके पर मुख्य अभियंता, विद्युत अधीक्षण अभियंता सहरसा, वरीय प्रबंधक, विद्युत कार्यपालक अभियंता सुपौल, राघोपुर समेत अन्य स्थानीय पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## खबरें : एक नजर में

### सशस्त्र सीमा बल ने नेपाली मुद्रा एवं नेपाली शराब के साथ तीन व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**सुपौल (एनएसबी)** । 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल , बीरपुर के अंतर्गत विभिन्न सीमा चौकियों द्वारा दिनांक 11 मार्च 2026 को की गई प्रभावी कार्रवाई के दौरान नेपाली मुद्रा एवं नेपाली शराब की जब्ती करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में 45वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री गौरव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सशस्त्र सीमा बल द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर सीमा चौकी सतना के जिम्मेदारी क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 203/3 के समीप नेपाली मुद्रा की संभावित तस्करी की सूचना प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में सघन चेकिंग एवं निगरानी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लगभग 11:30 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को नेपाल से भारत की ओर आते हुए रोका गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अरविन्द कुमार दहिया, निवासी ग्राम हरिपुर, जिला सुनसरी (नेपाल) बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 2,36,210- (दो लाख छत्तीस हजार दो सौ दस) नेपाली मुद्रा बरामद की गई। बरामद राशि के संबंध में पूछताछ किए जाने पर वह कोई भी वैध दस्तावेज अथवा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं कर सका। तत्पश्चात बरामद नेपाली मुद्रा को विधिवत रूप से जब्त करते हुए आवश्यक जब्ती सूची एवं अन्य कानूनी कागजात तैयार कर कस्टम कार्यालय भीमनगर को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में सीमा चौकी बैनालीपट्टी द्वारा विशेष पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान नेपाल से भारत की ओर आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम अजीत कुमार दास, निवासी ग्राम लालगंज, जिला पूर्णिया (बिहार) राजू कुमार, निवासी ग्राम बैनालीपट्टी, जिला सुपौल (बिहार) बताया। उनके बैग की तलाशी लेने पर उसमें से दिलवाले ब्रांड की 60 बोतल नेपाली शराब (कुल 18 लीटर) बरामद की गई। तत्पश्चात आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए बरामद शराब, मोटरसाइकिल तथा दोनों व्यक्तियों को थाना बीरपुर, जिला सुपौल (बिहार) को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान सहायक उप निरीक्षक (सामान्य) संतोष कुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक (सामान्य) नंदलाल तथा अन्य बलकर्मी उपस्थित रहे। सशस्त्र सीमा बल सीमा क्षेत्र में अवैध तस्करी एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार की प्रभावी कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।


जब्त शराब व मुद्रा के साथ एसएसबी के गिरफ्त में कारोबारी।

### नगर पंचायत में 2026-27 के लिए 48.62 करोड़ की बजट ध्वनिमत से पारित, पिछले वर्ष के अनुसार 5 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

**वीरपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** नगर पंचायत के सभागार में बुधवार को नगर पंचायत वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट ध्वनिमत से पारित किया गया। जहाँ अमित बसाक ने बजट कों पेश कर पिछले कई वर्षो से नगर पंचायत के आय और व्यय की जानकारी दी। बिहार नगर पालिका विकास प्रारूप के तहत नियमावली 2013, विज्ञापन पलिसी, आवंटन व खर्च कों ध्यान में रखते हुए 52 करोड़ 21 लाख अनुमानित आवंटन बताया गया। बजट में उपबंध पिछले वर्ष 46 करोड़ का बजट था बजट में राजस्व की वसूली पर बल दिया गया । संभावित 65 लाख रूपये का होल्डिंग टैक्स का लक्ष्य रखा गया है उन्होंने बताया कि बिहार विज्ञापन नियमावली के तहत विभिन्न प्रकार के विज्ञापनो का भी टैक्स लिया जाना अनिवार्य है । नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार के प्रचार प्रसार यदि बगैर अनुमति के लगाए जा रहें है तो उनपर कार्रवाई और अर्थदंड का प्रावधान है। मोबाइल टवर से चार लाख रूपये वसूल होने की सम्भावना जताई गई वही स्टाम्प ड्यूटी से करीब एक करोड़ रूपये आने की सम्भावना, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन शुल्क से पाँच लाख, पेयजल शुल्क अंतर्गत पांच लाख समेत कुल नगर के आय और व्यय का लेखापाल जोखा दिया गया। आयोजित बजट सत्र की अध्यक्षता नगर मुख्य पार्षद सुशील कुमार ने की.। जहाँ ईओ देवर्षि रंजन, उपमुख्य पार्षद रीमा दास के साथ साथ पार्षद संगीता देवी, रत्नेश कुमार, आलोक कुमार, सुधीरा देवी, कौशल्या देवी, कमल सिंह, रंजीत कुमार सिंह और ललिता मिश्रा की उपस्थिति बनी रही इस बजट सत्र के दौरान पार्षद साधना सिंह, तनवीर आलम, अजीत गुप्ता और अंजलि प्रिया पटेल अनुपस्थित रहें। बजट के बाद पूछे जाने पर ईओ देवर्षि रंजन ने बताया कि बजट में पिछले साल की तुलना में व्यय कों बढ़ाया गया है इस साल का अनुमानित व्यय 48 करोड़ है जो पिछले साल से दो करोड़ अधिक है नगर के आमदनी के मुख्य श्रोतों में सरकार के उपक्रम है सरकार से 43 करोड़ की आमदनी के आसार है वही इसके अलावे पिछले साल नगर से आमदनी के श्रोत कों बढ़ाने की पूरी कोशिश की जाएगी।सैरात और विभागीय वसूली से आमदनी कों बढ़ाने के प्रयास किए जायेंगे होल्डिंग टैक्स 65 लाख रूपये के रूप में वसूली की जाएगी. कुल मिलाकर पिछले साल की तुलना में इस साल का बजट अच्छा है। उप मुख्य पार्षद रीमा दास ने बताया कि बजट में महिलाओं का भी खास ख्याल रखा गया है महिला के लघु उद्योग कों विकसित करने के लक्ष्य भी रखें गए है अच्छा बजट है इससे नगर का पूर्ण विकास होगा ।



बैठक में शामिल पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

## पहले राजस्व कर्मचारी अब सीओ व आरओ के हड़ताल पर जाने से कामकाज हुआ प्रभावित

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)।** सीओ आरओ के सामूहिक अवकाश और राजस्व कर्मचारी के हड़ताल पर चले जाने के बाद से अंचल कार्यालय सूना हो गया गया है सभी प्रशासनिक कार्य ठप है। चूंकि अंचल कार्यालयों में होने वाले कार्य इन्हीं अधिकारी और कर्मियों के द्वारा ही संपादित की जाती है। एक तो कई दिनों से राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर हैं वहीं दूसरी और एक बार फिर से सीओ और आरओ के अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर चले जाने से छात्रो व रैयतों की परेशानी बढ़ गई है। खासकर जमीन संबंधित कार्य दाखिल खारिज, परिमार्जन, जाति, आवासीय, आय प्रमाणपत्र बनवाने हेतु अंचल आने वाले लोग बेरंग लौटने को विवश हैं। अधिकारियों का आरोप है कि सरकार सीओ के साथ भेद-भाव कर रही है हाईकोर्ट के आदेशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है कोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि राजस्व सेवा के प्रमोट अधिकारियों को ही डीसीएलआर पद पर समायोजित किया जाए। पर वर्तमान सरकार डीसीएलआर जैसे प्रमोशन आधारित पद को समाप्त कर अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी बना कर उस पर बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को बैठाने का निर्णय किया है। पिछले महीने संघ और सरकार के साथ हुई बातचीत का कोई हल निकलने पर संघ के आहवान पर सभी अधिकारी सामूहिक अवकाश पर हैं जिससे आमलोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


सुनसान पड़ा अंचल।

## राजकीय पालिटेक्निक राघोपुर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार आयोजित

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सिमराही सेवा केंद्र के तत्वावधान में राजकीय पालिटेक्निक राघोपुर में अवसाद, तनाव, चिंता, असफलता एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने अतिथियों को शॉल एवं पौधा भेंट कर स्वागत और सम्मान किया।

सेमिनार में ब्रह्माकुमारी संस्थान की सीमावर्ती क्षेत्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रंजू दीदी, स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बविता दीदी, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षणिका बिमला दीदी तथा उमा दीदी (दिल्ली), ब्रह्माकुमार धर्मेद्र भाईजी और किशोर भाईजी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में अवसाद, तनाव और असफलता की भावना युवाओं के सामने बड़ी चुनौती बनती जा रही है। ऐसे समय में राजयोग ध्यान के माध्यम से मन को शांत, सकारात्मक और शक्तिशाली बनाया जा सकता है। सकारात्मक सोच, आत्मचिंतन और परमात्मा से योग के द्वारा व्यक्ति अपने जीवन में संतुलन, आत्मविश्वास और सफलता प्राप्त कर सकता है।


शॉल एवं पौधा भेंट कर स्वागत और सम्मान किया।


सेमिनार में मौजूद संस्थान के प्राचार्य व अन्य।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने भी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनने और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार किशोर भाई जी ने किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बीना बहन, सुमन बहन, विनय वर्धन, पंडित भोगेंद्र झा, ट्रेनर धर्मेंद्र भाई जी, पोस्टमास्टर महेंद्र भाई जी, एचओडी पुरुषोत्तम कुमार, संजय सर, अजीत सर, आशीष कुमार तथा नोडल अफिसर भानु प्रिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राजयोगिनी रंजू दीदी ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। अंत में विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने इस प्रकार के प्रेरणादायी कार्यक्रम की सराहना की।

## संक्षिप्त खबरें

### टीचर ऑफ द मंथ को डीईओ ने किया सम्मानित

**खगड़िया।** टीचर ऑफ द मंथ के तहत नया प्राथमिक विद्यालय निषाद टोला बेलदौर के शिक्षक सुमन कुमार एवं मध्य विद्यालय लड्ही अलौली की शिक्षिका सोनम पटेल को जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार गोंड ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीईओ गोंड ने कहा कि ऐसे शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की मजबूती के आधार स्तंभ होते हैं। उनके समर्पण, मेहनत और नवाचार से बच्चों की पढ़ाई का स्तर बेहतर होता है। शिक्षकों को इसी तरह लगन और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सम्मान से अन्य शिक्षक भी प्रेरित होकर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

### 25000 के इनामी अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चौथम।** तेगाछी गांव निवासी सुजीत कुमार के 24 वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार को जमुई जिले के सिकंदर चौक से गिरफ्तार किया गया। उस पर अपने ही घर में चचेरे भाई की गला काटकर हत्या करने का आरोप है। विदित हो कि मामला 2025 का है। तब इसे प्रेम प्रसंग आदि से जोड़कर देखा गया था। इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इनमें चार अभियुक्तों को चौथम पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि फरार चल रहे अभियुक्त अक्षय कुमार पर पुलिस ने 25000 इनाम की घोषणा की थी। इस मामले में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही युवक की गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित की गई, जिसमें एसटीएफ के जवान भी शामिल थे। सूचना के आधार पर युवक को जमुई जिला अंतर्गत सिकंदर चौक से गिरफ्तार कर लिया गया गया।

### कोल्ड ड्रिंक विक्रेता के साथ मारपीट कर छिनतई

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके कुम्हरेली गांव से पश्चिम पुल के निकट अज्ञात अपराधियों ने कोल्ड ड्रिंक विक्रेता के साथ मारपीट कर छिनतई कर लीा। उक्त मामले को लेकर महेशखूंट थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 निवासी पप्पू कुमार चौरसिया ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। आवेदन के अनुसार, मंगलवार को करीब 4:30 बजे मैं अपने पेप्सी सेल्समैन प्रीतम कुमार के साथ ठंडा लेकर बिक्री करने जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात युवक ठंडा खरीदने का आश्वासन देकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर मेहिनाथ नगर गांव की ओर ले गया। जब नहर के समीप पहुंचा तो अपराधियों ने मारपीट करते हुए करीब 80 हजार रुपए एवं मोबाइल ले लिया। इस दौरान लुटेरों ने कहा कि यदि थाने में आवेदन देगा तो जान से मार देंगे। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि उक्त मामला कासनगर थाना क्षेत्र में घटी है जिस कारण उक्त थाने में मामला दर्ज कराने को कहा गया है।

### बदलते मौसम के कारण डायरिया के मरीज बढ़े

**बेलदौर।** बदलते मौसम के कारण इन दिनों अस्पतालों में डायरिया मरीजों की संख्या में वृद्धि हो गयी है। मालूम हो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में बुधवार को तीन महिलाएं एवं ढाई वर्षीय बालक में डायरिया के लक्षण मिले। बेलदौर नगर पंचायत के जितेंद्र कुमार की 25 वर्षीया पत्नी क्रांति देवी एवं भैंसा डीह गांव निवासी गौरव कुमार की 17 वर्षीय पत्नी सकीना कुमारी के अलावे बेला नवाद पंचायत के मुरासी गांव निवासी ब्रजेश झा के ढाई वर्षीय पुत्र अर्णव झा को कई बार उल्टी, दस्त एवं शौच होने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। मरीजों के परिजनों ने कहा कि जब स्थिति काफी बिगड़ने लगी तो हमलोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में भर्ती कराया। इस संबंध में डॉ. अभिनव विशाल ने बताया कि मौसम परिवर्तित होने के कारण डायरिया मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। उन्होने कहा कि जिन मरीजों को भर्ती कराया गया है उनकी स्थिति ठीक है। उन्होंने मौसम के बदलाव को देखते हुए खानपान पर विषेश ध्यान देने की सलाह दी।

# मील का पत्थर साबित होगी समृद्धि यात्रा : मंडल

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जदयू की हुई बैठक



जदयू की बैठक को संबोधित करतीं जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी।

### खगड़िया की धरती पर नीतीश कुमार के भव्य और ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा और जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए चन्द्रनगर रांको स्थित नये जदयू कार्यालय के कर्पूरी सभागार में बुधवार को जदयू की बैठक हुई। अध्यक्षता जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने की जबकि मंच संचालन जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने किया।

अध्यक्षीय संबोधन में जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी ने 13 मार्च को समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का खगड़िया आगमन पर भव्य स्वागत करने और संसारपुर मैदान में उनकी जनसभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों के साथ भाग लेने की अपील कार्यकर्ताओं से की। बेलदौर विधायक पन्ना लाल सिंह पटेल ने नसीहत भरे लहजे में जदयू कार्यकर्ताओं से मिलजुलकर संगठन को मजबूत करने के साथ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को शांति सद्भावना पूर्वक सफल बनाने की दिशा में मार्गदर्शन किया। सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि खगड़िया सहित सम्पूर्ण बिहार की उन्नति, सामाजिक समरसता और विकास की निरंतर धारा को और अधिक प्रबल बनाने की दिशा में सीएम नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। जदयू प्रदेश सचिव सुमित सिंह ने कहा कि समृद्धि यात्रा जनकल्याण हेतु नवीन युग का शुभारंभ है। युग पुरुष नीतीश कुमार का खगड़िया की धरती पर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत सम्मान किया जाएगा। बैठक को जदयू के निवर्तमान कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजकुमार फोगला, जदयू नेता अरुण कुमार यादव, चंदन कश्यप, पंकज कुमार पटेल, अजय मंडल, धर्मेंद्र महतो और अनिल जयसवाल ने भी संबोधित करते हुए समृद्धि यात्रा और जनसभा को ऐतिहासिक बनाने पर बल दिया। मंच संचालन कर रहे जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा और जनसभा न केवल एक प्रशासनिक कार्यक्रम है, बल्कि जनकल्याण के विराट संकल्प का पावन समागम सिद्ध होगी। नीतीश कुमार के नेतृत्व में समृद्धि यात्रा लोक-मंगल और जनसेवा का दिव्य अभियान बनकर उभर रही है। मौके पर जदयू नेताओं एवं पदाधिकारियों में मदन मोहन मेहता, लोहा सिंह, महासचिव राजीव रंजन, प्रकोष्ठ अध्यक्षों में शहाबउद्दीन युवा जदयू जिला अध्यक्ष सावन कुमार बंटी, ललित चौधरी, चन्देश्वरी राम, विनय सिंह रोशन, डॉ. रवि कुमार, सिद्धांत सिंह छोटू, सुबोध यादव, नन्दलाल मंडल, डॉ. धीरेंद्र कुमार यादव, गणेश पटेल, गुरुदेव सिंह, सुमित कुमार, नीतीश सिंह पटेल, जयजयराम कुमार, प्रखंड अध्यक्षों में रामप्रकाश सिंह, अशोक राय, संजय सिंह कुशवाहा, मायाराम मंडल, राजनीति प्रसाद सिंह, रूपेश कुमार, प्रभात शर्मा, जीतेन्द्र पटेल, अमरेंद्र सिंह, ललन कुमार मुखिया, इम्तियाज खान, धनिक लाल दास, दिलीप कुमार सिंह, अनुज शर्मा, पंकज चौधरी, राजीव भाई पटेल, राजेश सिंह, पार्वती देवी, वन्दना भारती, प्रह्लाद सिंह, पंकज गुप्ता, कमल किशोर पटेल, शनिचर सदा, नवनीत सिंह गुड्डू यादव, वकील सिंह, नीलकमल पटेल, चन्दन कुमार, अविनाश कुमार, विराट पटेल, भविष्य सिंह, बिरन सदा, अमित कुमार गौतम, अंकित राज, अजय एवं प्रकाश सिंह सहित सैकड़ों अन्य जदयू पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के आगमन से जिले के विकास कार्यों को मिलेगी गति

### समृद्धि यात्रा की तैयारी को लेकर एनडीए की हुई बैठक


एनडीए की बैठक में मौजूद विभिन्न घटक दलों के नेता।

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 13 मार्च को प्रस्तावित समृद्धि यात्रा को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में खगड़िया परिसदन में एनडीए गठबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न दलों के विधायक और जिलाध्यक्ष शामिल हुए और मुख्यमंत्री के आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल, अलौली विधायक रामचंद्र सदा, बेलदौर विधायक पन्ना लाल पटेल, परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य,जेडीयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी, भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ भगत, लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार नाटा तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ष्ण कुमार सिंह समेत एनडीए के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खगड़िया में समृद्धि का संदेश लेकर आ रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि कार्यक्रम भव्य और ऐतिहासिक बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से जिले के विकास कार्यो को नई गति मिलेगी और कई महत्वपूर्ण योजनाओं को भी आगे बढ़ाया जाएगा। विधायक बबलू कुमार मंडल ने बताया कि बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, स्वागत की तैयारियों और विभिन्न दलों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही

# मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा से संविदा कर्मियों को भी उम्मीद

### सेवा अवधि और योगदान को ध्यान में रखते हुए नियमितीकरण की आस में हैं आईटी सहायक

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के तहत खगड़िया आगमन को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस कार्यक्रम से सामान्य प्रशासन विभाग अंतर्गत बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के तहत लोक सेवा केंद्र में विगत 15 वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मियों में भी नई उम्मीद जगी है।

जिले के प्रखंड आईटी सहायक (प्रखंड सूचना प्रौद्योगिकी सहायक) और कार्यपालक सहायक जो लंबे समय से संविदा पर कार्य कर रहे हैं, उनका कहना है कि वे सरकार की सभी योजनाओं को जमीन पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद अब तक उन्हें नियमित सेवा का लाभ नहीं मिल पाया है। कई आईटी सहायक और कार्यपालक सहायकों ने बताया कि वे वर्षों से सरकारी कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के दौरान वे उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार उनकी सेवा अवधि और योगदान को ध्यान में रखते हुए नियमितीकरण पर सकारात्मक निर्णय लेगी। संविदा कर्मियों का कहना है कि अगर सरकार उनकी मांगों पर विचार करती है, तो इससे न केवल उनके परिवारों को स्थिरता मिलेगी बल्कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी और मजबूती आएगी। अब सभी की निगाहें मुख्यमंत्री की खगड़िया यात्रा पर टिकी हैं कि क्या इस अवसर पर संविदा कर्मियों के भविष्य को लेकर कोई ठोस पहल सामने आती है।

# रेलवे के रैक प्वाइंट से उड़नेवाली धूल से लोग हो रहे बीमार

### रैक प्वाइंट को स्टेशन के पश्चिम भाग में ले जाने की उठी मांग

**खगड़िया (एनएसबी)।** शहर के बीचो बीच स्टेशन के उत्तरी भाग में रैंक प्वाइंट होने से दिन भर धूल उड़ती है जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पर रहा है। ज्ञात हो कि खगड़िया के रैक प्वाइंट पर मालगाड़ियों की 50 रैक से अधिक मक्का की लोडिंग कर देश के अन्यान्य भागों में भेजा जाता है, वहीं सीमेंट, खाद्य एवं राशन के सौ से ऊपर रैंक प्रति वर्ष खगड़िया में लगती है। शहर के सटे रहने के कारण यहां के नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डाल रहा है। आसपास के दुकानदारों को रैक के खाली होने के बाद वाहनों के आवागमन से उड़नेवाली धूल से सांस लेने में काफी कठनाई हो रही है। रैंक प्वाइंट पर गाड़ियों के लगते ही आस-पास बसे नागरिकों को काफी परेशानी होती है। पूर्वोत्तर बिहार रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति के केन्द्रीय संयोजक सुभाशचन्द्र जोशी ने कहा कि मालगाड़ी से ट्रैक्टर एवं ट्रकों पर लोडिंग एवं अनलोडिंग होने से अलग ही धूलकण उड़ते रहती है जिससे पर्यावरण पर भी खतरा होती है। धूल के कारण आस-पास के लोगों में कई प्रकार की बिमारियों बढ़ने लगी है। साथ ही बड़े बूजुर्गो को सांस लेने में काफी कठिनाई हो रही है। इसे देखते हुए वन विभाग ने एक हजार पौधों का रोपण रेल परिसर में किया है। परन्तु देख-रेख के अभाव में उसकी सुरक्षा नहीं हो पा रही है। पूर्वोत्तर बिहार रेल उपभोक्ता समिति के केन्द्रीय संयोजक सुभाष चन्द्र जोशी, सह-संयोजक अब्दुल गणी, देशबन्धु आजाद रिजवान अहमद एवं खगड़िया जिला संयोजक उमेश ठाकुर ने कहा कि स्टेशन के पश्चिमी भाग में रैंक प्वाइंट को ले जाया जाना चाहिए। इससे नागरिकों एवं रेल यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभाव को कम किया जा सकता है। जोशी ने कहा कि यदि रैंक प्वाइंट को मथुरापुर ढाला सं- 24 एवं ग्राम कुतुबपुर के बीच रैंक प्वाइंट का निर्माण किया जाय तो सैकडों रैंक, गिट्टी, छड़, बालू आदि क्की लोडिंग एवं अनलोडिंग खगड़िया में बढ़ेगी, जिससे जहां रेलवे को व्यापक पैमाने पर राजस्व की प्राप्ति होगी वहीं सैकडों मजदूरों को रोजगार के अवसर प्रतिदिन उपलब्ध होगें। उन्होने कहा कि खगड़िया स्टेशन से होकर 73 जोड़ी पेसेंजर ट्रेनें और सैकड़ों मालगाड़ियां गुजरतीं हैं। खगड़िया मुगेर गंगा ब्रिज से निकट भविष्य में लगभग 25 जोड़ी गाड़ियां प्रतिदिन एवं खगड़िया कुशेश्वर स्थान परियोजना पर भी कम से कम 10 जोड़ी गाड़ियों चलने की उम्मीद है। ऐसी स्थिति में रैक प्वाइंट के स्थान पर प्लेटफार्म नं0- 4, 5, 6 का निर्माण किये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए रेल मंत्री, स्थानीय सांसद एवं महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल हाजीपुर को भी पत्र लिखा गया है।

# 12 जिलों के शतरंज खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा



### प्रथम जयमाला देवी मेमोरियल अंतरजिला निःशुल्क रेपीड शतरंज प्रतियोगिता 15 मार्च से

**खगड़िया (एनएसबी)।** नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी खगड़िया के तत्वावधान में प्रथम जयमाला देवी मेमोरियल अंतरजिला निःशुल्क रेपीड शतरंज प्रतियोगिता 15 मार्च से श्यामलाल चन्द्रशेखर मेडिकल कॉलेज परमानन्दपुर में आयोजित की जायेगी। अकादमी के संस्थापक सचिव प्रेम कुमार यशवंत ने बताया कि पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर सहित 12 जिलों के खिलाड़ियों ने अपनी इंट्री करायी है, कुछ और जिले के खिलाड़ियों के आने की संभावना है। अकादमी के अध्यक्ष अभय कुमार बिक्की और उपाध्यक्ष विवेक भगत ने संयुक्त रूप से बताया कि अकादमी द्वारा पूर्व में आयोजित 44 निःशुल्क प्रतियोगिताओं की तरह इसबार भी निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता होगा। बाहर से आए अभिभावकों को पुष्प माला और प्रतियोगिता के प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित भी किया जायेगा। यह सम्मान उन्हें अपने बच्चे को विशेष समय देने के लिए दिया जायेगा। बच्चों के साथ अधिक समय बिताने पर वे नशे के मकड़जाल से बचेगें और देश के कुशल नागरिक बनेंगें। मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. विवेकानंद और प्रतियोगिता के डायरेक्टर नितिश नयन ने कहा कि ओपन, अंडर 19 , अंडर 15 अंडर 11 में आए प्रथम चार खिलाड़ियों को ट्रॉफी और शेष सभी को मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा। खिलाड़ियों और अभिभावकों के लिए निःशुल्क भोजन भी उपलब्ध कराया जायेगा। सहयोगी संतोष कुमार ने बताया कि निर्णायक के रुप में सीनियर नेशनल आर्बिटर जेके जवाहर, चन्द्रराज, केशव कुमार यशवंत और उमेश कुमार रहेंगे।

# राज्य स्तरीय टीएलएम में मधु कुमारी को चौथा स्थान

### इंग्लिश की शिक्षिका ने खगड़िया का नाम किया रोशन

### शिक्षिका ने अपनी इस उपलब्धि को अपनी मां को किया समर्पित

**खगड़िया (एनएसबी)।** गोगरी प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जयंती, ग्राम औता की शिक्षिका मधु कुमारी ने एससीईआरटी पटना में आयोजित राज्य स्तरीय टीएलएम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। यह खगड़िया जिले के लिए गर्व की बात है कि पहली बार जिले से किसी प्रतिभागी का चयन इंग्लिश विषय में राज्य स्तर के टीएलएम मेले में हुआ। अपने विषय के टॉप-5 टीएलएम में शिक्षिका मधु कुमारी का टीएलएम चौथे स्थान पर रही।

उनकी यह उपलब्धि लगातार मेहनत और नवाचारी शिक्षण पद्धति का परिणाम है। इससे पहले उन्होंने संकुल स्तरीय टीएलएम मेले से लेकर जिला स्तरीय टीएलएम मेले तक लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर तक अपनी जगह बनाई थी। राज्य स्तरीय मेले में उनके द्वारा तैयार किए गए टीएलएम की काफी सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम वीरकर और एससीईआरटी के उपनिदेशक संजय कुमार ने उनके टीएलएम का अवलोकन किया तथा उनके नवाचार, शिक्षण शैली और विद्यालय में हो रही गतिविधियों की खुलकर प्रशंसा की। इस अवसर पर शिक्षिका मधु कुमारी को एससीईआरटी के अधिकारियों द्वारा मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर खगड़िया जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार गोंड, डीपीओ शिवम सिंह, डायट खगड़िया के प्राचार्य मनोज यादव तथा विक्रांत भास्कर सहित शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों और शिक्षकों ने मधु कुमारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने इसे जिले के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। मधु कुमारी ने इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय परिवार के सहयोग को देते हुए विशेष रूप से अपने पिता विजेंद्र कुमार विद्यार्थी का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने इस उपलब्धि और सम्मान को अपनी माता स्वर्गीय उर्मिला विद्यार्थी को समर्पित किया, जिन्हें वे अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा मानती हैं।

# लोक कलाकार राजू राजहंस के निधन से शोक की लहर

**परबत्ता (एनएसबी)।** जय दुर्गा उपकार नाटक कला परिषद मोजाहिदपुर के लोक कलाकार एवं जदयू के प्रखंड अध्यक्ष मोजाहिदपुर निवासी सुबोध साह के छोटे भाई, कुशल वक्ता राजू राजहंस के निधन की सूचना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राजू राजहंस कला मंच पर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति और सशक्त अभिनय के लिए जाने जाते थे। नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी से दर्शकों पर गहरी छाप पड़ती थी। वे सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहते थे। सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और प्रभावशाली वक्तृत्व शैली के कारण वे क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। उनके असामयिक निधन की खबर मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। जिप सदस्य जयप्रकाश यादव, भाकपा नेता कैलाश पासवान एवं चेयरमैन प्रतिनिधि रंजीत कुमार साह एवं हमारा परबत्ता सूचना व्हाट्सएप ग्रुप के दर्जनों सदस्यों ने कहा कि राजू राजहंस का निधन परबत्ता क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके जाने से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त हो गया है। सभी ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# मां दुर्गा मंदिर परिसर में फेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ


नगर सभापति अर्चना कुमारी।

### दाननगर स्थित मंदिर परिसर में करीब 7 लाख की लागत से कराया गया विकास कार्य

**खगड़िया (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यो के साथ धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में भी लगातार पहल की जा रही है। इसी क्रम में वार्ड संख्या 15 अंतर्गत दाननगर स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में करीब सात लाख रुपये की लागत से फेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का उद्‌घाटन नगर सभापति अर्चना कुमारी ने किया।

मां दुर्गा मंदिर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। लंबे समय से मंदिर परिसर में पक्के फर्श की कमी के कारण लोगों को परेशानी होती थी। विशेषकर बरसात के दिनों में कीचड़ और जलजमाव की समस्या गंभीर हो जाती थी। अब फेवर ब्लॉक का निर्माण होने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी और मंदिर परिसर अधिक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित दिखाई देगा। उद्‌घाटन के दौरान नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र में केवल सड़क और नाला निर्माण ही नहीं, बल्कि धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों के विकास को भी प्राथमिकता दी जा रही है। मंदिर, मस्जिद, कब्रिस्तान और अन्य सार्वजनिक स्थलों का विकास समाज के सामूहिक जीवन को मजबूत करता है और लोगों की आस्था से जुड़े स्थानों को सम्मानजनक स्वरूप प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा के पावन प्रांगण में इस जनकल्याणकारी कार्य का शुभारंभ होना उनके लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद का प्रयास है कि शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएं, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और शहर का स्वरूप लगातार बेहतर हो। नगर सभापति ने बताया कि नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र में सड़क, नाला, जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट, कुआं जीर्णोद्धार, मंदिर परिसर विकास सहित कई योजनाओं पर लगातार कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में भी शहर के विभिन्न धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों के विकास के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं, ताकि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सके। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य के लिए खुशी व्यक्त करते हुए नगर सभापति अर्चना कुमारी के प्रति आभार जताया।

# संतमति प्रमिला देवी को दी गयी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि



### पौरा गांव में सामाजिक संगठन फरकिया मिशन के तत्वाधान में किया गया आयोजन

**खगड़िया (एनएसबी)।** संतमति स्मृति शेष प्रमिला देवी के श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन पौरा गांव में सामाजिक संगठन फरकिया मिशन के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्मृतिशेष प्रमिला देवी के तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर कोटि-कोटि नमन किया गया तथा 2 मिनट का मौन रखकर अश्रुपूर्ण भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर स्मृति शेष प्रमिला देवी अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा, माता तेरा नाम रहेगा, माता तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, माता तेरे अधूरे सपनों को साकार करेंगे, आदि नारे लगाए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए फरकिया मिशन के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि स्मृतिशेष संतमति प्रमिला देवी सच्चे अर्थों में संत एवं उच्च विचार की धनी, हंसमुख एवं मिलनसार गंभीर व्यक्तित्व, सामाजिक समरसता का भाव, ममता-करुणा की सागर, परोपकारी स्वभाव, मधुर व्यवहार स्वामिनी थीं।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विपिन यादव, डॉ. विनय यादव, शैलेश कुमार, दिवाकर यादव और सरपंच रंजू कुमारी ने भावभीनी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हमने एक अच्छे अभिभावक को खो दिया। उनके निधन से अपूरणीय पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक और मानसिक क्षति हुई है जिसकी निकट भविष्य में भरपाई संभव नहीं है। वे सदैव हमारे जीवन में ध्रुवतारे की तरह चमकती रहेंगी।

श्रद्धांजलि समारोह में सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश यादव, मुखिया प्रतिनिधि सुशील बिहारी, अभ्यास यादव पंसस, यशोधर यादव, इन्दू यादव, बरे यादव, उमेश यादव पैक्स अध्यक्ष, धनश्याम यादव, रणधीर यादव पूर्व सैनिक, सुरेन्द्र यादव पूर्व सरपंच, चन्द्र किशोर यादव पूर्व सरपंच इत्यादि सैकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संतमति प्रमिला देवी के उच्च, संतमत, परोपकारी, सामाजिक समरसता का विचार, जीवनी व्यक्तित्व कृतित्व से सीख लेने की जरूरत है। सूरज यादव, केदार यादव, प्रकाश यादव, ध्रुव यादव, पोयम पूजा, रूप, आरती, सोनू, नयन, कन्हैया, बादल आदि ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

# रसोई गैस आपूर्ति एवं उत्पन्न अफवाह को लेकर जिलाधिकारी ने एजेंसी के साथ बैठक

**मुंगेर (एनएसबी)।** आमजन में रसोई गैस की आपूर्ति एवं उसके गलत भंडारण को लेकर उत्पन्न अफवाहों के मद्दे नजर जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में सदर अनुमंडल अंतर्गत आने वाले सभी एजेंसी संचालक के साथ बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिले में गैस को लेकर उत्पन्न अफवाहों तथा आमजन में असमंजस की स्थिति कों दूर करने पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक सहित सभी 11 एजेंसी के संचालक उपस्थित थे।



गैस आपूर्ति को लेकर एजेंसी संचालक के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने कहा कि विगत कुछ दिनों से जिले में रसोई गैस को लेकर आमजन में कई तरह कई अफवाहें तथा भ्रान्तियाँ उत्पन्न हुई, जिस कारण आमजन गैस के अतिरिक्त भंडारण तथा कुछ एजेंसी द्वारा निर्धारित शुल्क से ज्यादा राशि वसुले जाने कई शिकायत प्राप्त हो रहीं है।

इस परिस्थिति में आप सभी एजेंसी संचालक सर्वप्रथम गोदाम से गैस डिलीवरी पर रोक लगाएं तथा उसके बदले घर घर वितरण प्रणाली को लगातार जारी रखें।

इसके अलावे अपने कार्यालय में माइकिंग सिस्टम से भी लोगों को जागरूक करें के गैस की कहीं कोई कमी नहीं है, आप सभी धैर्य रखें, आप सबों को समुचित गैस उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को सभी गैस एजेंसी के दुकानों अथवा गोदामों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति अथवा गश्ती के निदेश दिए हैं, ताकि यदि कोई उपभोक्ता अथवा आमजन गैस के गलत तरीके से भंडारण की कोशिश करें तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें।

जिलाधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि आप सभी रसोई गैस को लेकर किसी भी प्रकार कि दुविधा अथवा असमंजस न पालें। जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और न ही किसी तरह के कालाबाजारी की स्थिति आई है।

आप सभी को जिस तरह से पूर्व में विभिन्न एजेंसी द्वारा घर घर वितरण प्रणाली के माध्यम से गैस उपलब्ध कराया जाता था, वैसे हीं अभी भी नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराया जाएगा। आप सभी गैस को लेकर कोई अफवाह अथवा असमंजस में न रहें। जिला प्रशासन आपके साथ है, अपना सहयोग बनाएं रखें।

## प्रेम प्रसंग में घर से भागी युवती बरामद कोर्ट मैरेज कर रह रही थी साथ

**लखीसराय/ चानन (एनएसबी)।** चानन थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी मथुरा मांझी की पुत्री सरोजनी कुमारी (23 वर्ष, काल्पनिक नाम) के अपहरण को लेकर दर्ज कांड संख्या 15/ 26 के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

चानन थाना के पुलिस अवर निरीक्षक नीतीश कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस अनुसंधान में यह बात सामने आई कि यह मामला अपहरण का नहीं, बल्कि प्रेम प्रसंग का था। युवती का अपने ही घर के पास रहने वाले स्वजातीय युवक छोटू मांझी, पिता महेश मांझी के साथ पिछले कई महीनों से प्रेम संबंध चल रहा था।

इसी प्रेम के चलते दोनों ने सुनियोजित तरीके से घर छोड़कर भागने का फैसला किया और बाहर जाकर कोर्ट मैरेज कर ली। शादी के बाद दोनों घर से दूर ही साथ रह रहे थे। बरामदगी के बाद अनुसंधान कर्ता नीतीश कुमार द्वारा युवती को न्यायालय ले जाया गया है, जहां उसका बयान दर्ज कराया जाएगा।

## खबरें : एक नजर में

### व्यवहार न्यायालय भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर मंत्रणा कक्ष में हुई उच्चस्तरीय बैठक, दिए गए कड़े निर्देश

**लखीसराय (एनएसबी)।** आगामी 15 मार्च 2026 को बिहार राज्य के व्यवहार न्यायालयों में परिचारी, चपरासी और आदेशपाल के पदों पर होने वाली प्रारंभिक परीक्षा के सफल संचालन को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शर्मा ने बताया कि लखीसराय जिले के कुल 9 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान अनुशासन और समयबद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।



परीक्षा तैयारी को लेकर बैठक करते ।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार अगिहोत्री ने सुरक्षा व्यवस्था का खाका पेश करते हुए बताया कि केंद्रों पर मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी निगरानी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था और अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय पर विशेष जोर दिया। वहीं, जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने निर्देश दिया कि परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारी, शिक्षक, कर्मी और तकनीकी टीम के सदस्य अनिवार्य रूप से अपना पहचान पत्र धारण करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इस अवसर पर जिला अपर सत्र न्यायाधीश राजन कुमार, उप न्यायाधीश रंजीत कुमार सोनू, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बायोमेट्रिक सत्यापन और जैमर के माध्यम से परीक्षा की शुचिता बरकरार रखी जाएगी।

### आनन्द मार्गियों के लिए पूरे विश्व का आकर्षण का केन्द्र है बाबा नगर जमालपुर

#### बाबा नाम केवलम् कीर्त्तन महामन्त्र के गायन से शुरू होगा विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन, 180 देश में फैला है आनंद मार्ग का आध्यात्मिक अनुभूति

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ की ओर से अमझर कोलकाली आनन्द सम्भूति मास्टर यूनिट में विश्व मा धर्म सम्मेलन को लेकर आचार्य अवधूत की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में आगामी 13,14 ,15 मार्च को विश्व महान धर्म सम्मेलन के सफल आयोजन पर विशेष चर्चा की गई। सम्बोधित किया आनन्द मार्ग प्रचारक संघ के केन्द्रीय जनसम्पर्क सचिव आचार्य रमेंद्रानंद अवधूत एवं दिल्ली सेक्टर के जनसम्पर्क सचिव आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत ने धर्म महासम्मेलन के आयोजन के मुख्य उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा आनन्द मार्गीयों के लिए पूरे विश्व का आकर्षण का केन्द्र है बाबा नगर जमालपुर होगा। उन्होंने कहा धर्म का प्रचार ,संस्था का प्रसार ,शांति व समर्पण का पैगाम, ज्ञान कर्म भक्ति का संगम , दुनिया के नैतिकवादियों को एक मंच पर लाना ,साहस और समर्थ को बढ़ाना एवं संघर्ष और संग्राम के माध्यम से सुसामंजस्यपूर्ण सामाजिक आर्थिक व्यवस्था के द्वारा सुन्दर समाज की रचना की तैयारी ही धर्म महासम्मेलन के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। आचार्य अवधूत ने आगे कहा देश के विभिन्न राज्यों एवं समुद्र पार के अनेक देशों से हजारों आनन्द मार्गी भाई-बहन जमालपुर पहुँचकर प्रातिक छटाओं का आनन्द ले रहे हैं।विश्व के 180 से भी ज्यादा देशों से आनन्द मार्गी अपने आराध्य भगवान श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी के जन्मस्थली बाबा नगर ,जमालपुर में आध्यात्मिक अनुभूतियों का आनन्द लेने आते हैं। पूरे विश्व के आनन्द मार्गियों के लिए बाबा नगर जमालपुर आकर्षण का केन्द्र है। उन्होंने यह कहा बाबा नाम केवलम् कीर्तन और भगवान श्री श्री आनन्दमूर्ति जी के जयघोष से शुरू होगा। आनन्द मार्ग का विश्व स्तरीय धर्म महासम्मेलन 72 घंटे का बाबा नाम केवलमष अखण्ड कीर्त्तन 12 मार्च 3 बजे दिन में प्रारम्भ होगा। इस अखण्ड कीर्त्तन में अष्टाक्षरी सिद्ध महामन्त्र ष्बाबा नाम केवलम्ष का गायन किया जाएगा। इस अवसर पर आनन्द मार्ग प्रचारक संघ के पुरोधा प्रमुख एवं अध्यक्ष श्रद्धेय आचार्य विश्वदेवानन्द अवधूत तीनों दिन दोपहर एवं रात्रि में हजारों साधक साधिकाओं को आध्यात्मिक प्रवचन देंगे। पुरोधा प्रमुख जी के प्रवचन से पूर्व प्रभात संगीत का गायन और अनुवाद का कार्यक्रम होगा। मौके पर आचार्य मधुवतानन्द अवधूत,आचार्य अभिरामानन्द अवधूत,आचार्य शुभनिर्यासानन्द अवधूत,आचार्य कल्याणमित्रानंद अवधूत,आचार्य मेघदीपानंद अवधूत,आचार्य पुष्पेंद्रानंद अवधूत,आचार्य अवनिन्द्रानंद अवधूत,आचार्य रुद्रप्रकाशनंद अवधूत,आचार्य रत्नमुक्तानंद अवधूत,आचार्य सदवीरानंद अवधूत,भुक्ति प्रधान रंजीत जी थे।




धर्म सम्मेलन की जानकारी देते आचार्य अवधूत।

### लखीसराय व्यवहार न्यायालय परिसर में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 13 बेंचों का हुआ गठन

**लखीसराय (एनएसबी)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च 2026 को लखीसराय व्यवहार न्यायालय के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीसराय के सचिव विधानंद सागर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में इस लोक अदालत के सफल संचालन हेतु कुल 13 बेंचों का गठन किया गया है। इन बेंचों का नेतृत्व विभिन्न न्यायिक अधिकारियों द्वारा किया जाएगा, जिनमें बेंच संख्या 01 में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पवन कुमार झा, बेंच संख्या 02 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-तृतीय राजीव कुमार मिश्रा, बेंच संख्या 03 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-पंचम राजन कुमार, बेंच संख्या 04 में एसीज़ेएम-प्रथम रंजीत कुमार सोनू और बेंच संख्या 05 में एसीज़ेएम-03 कुमारी ज्योत्सना शामिल हैं। इसी प्रकार बेंच संख्या 06 से 13 तक का नेतृत्व क्रमशः कुंदन कुमार गुप्ता, शिप्रा कुमारी, गजाला सबीहा, फहद हुसैन, महजवी नाज, मनीष कुमार, आकांक्षा कुमारी और सुमित कुमार सुमन द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बेंच संख्या 06 रेलवे कोर्ट परिसर में कार्य करेगी और प्रत्येक बेंच में एक अधिवक्ता सदस्य को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान शमनीय आपराधिक मामले, एऩआई एक्ट की धारा 138 के मामले, विद्युत वाद, दावा वाद, मापतौल, श्रमवाद, बैंक ऋण वसूली और चालान जैसे विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा। आयोजन की सफलता के लिए अब तक कुल 3659 कोर्ट केस और लगभग 10,812 प्री-लिटिगेशन मामलों को चिन्हित किया गया है और संबंधित पक्षकारों को नोटिस भेजे जा चुके हैं। प्रशासन द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पक्षकारों की सुविधा के लिए न्यायालय परिसर में हेल्प डेस्क, मेडिकल सुविधा और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। सचिव ने अपील की है कि शमनीय वादों से संबंधित सभी पक्षकार इस अवसर का लाभ उठाएं और आपसी सहमति से अपने मामलों का त्वरित निस्तारण कराएं।

### बच्चों का कराएं बीसीजी का टीकाकरण और टीबी के खतरे से रखें दूर

**लखीसराय (एनएसबी)।** मौसम में बदलाव के साथ ही सर्दी-खांसी और बुखार समेत अन्य मौसमी बीमारियों का प्रकोप शुरू हो गया है। ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है, खासकर छोटे बच्चों की देखभाल अनिवार्य है। छोटे बच्चों, विशेषकर कुपोषित और एनीमिया पीड़ित बच्चों में टीबी की चपेट में आने की प्रबल संभावना रहती है। इससे बचाव के लिए बच्चों को बीसीजी का टीका लगवाना अत्यंत आवश्यक है। जिला संचारी रोग पदाधिकारी डा श्रीनिवास शर्मा ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो श्मायको बैक्टीरियम ट्यूबरकुलायश नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। यह बीमारी हवा के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे में फैलती है। जब टीबी का मरीज खांसता या छींकता है, तो उसके मुंह और नाक से निकलने वाली बारीक बूंदों के माध्यम से संक्रमण फैलता है। इसका सबसे अधिक प्रभाव फेफड़ों पर पड़ता है।

## रेलखंड को अपग्रेड करने को लेकर पटरी मरम्मत का कार्य शुरू

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** जमालपुर-भागलपुर-किऊल रेलखंड पर अपग्रेड करने को लेकर पटरी मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है। रेलखंड पर हाई स्पीड ट्रेन चलाने के लिए रेलवे ट्रैक अपग्रेड करने को लेकर वैसे तो यह रूटीन वर्क के तहत कार्य को पी डब्ल्यू ई के कर्मचारियों के द्वारा किया जाता रहा है पर विशेष तौर पर यह कार्य जमालपुर- भागलपुर-किऊल एवं मुंगेर रेल खंड पर किया जा रहा है। पटरी मरमती के दौरान डायमंड क्रसिंग स्लीपर के रिन्यूअल को बारीकी से देखकर कार्य को कराया जा रहा है। इधर पटरी मरमती के दौरान ट्रेनों का परिचालन प्रभावित नहीं हो इसको लेकर विशेष तौर पर इसका ख्याल रखा जा रहा है। जमालपुर-भागलपुर-किऊल रेलखंड पर भविष्य में हाई स्पीड ट्रेन चलाने की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए रेलवे लगातार ट्रैक और तकनीकी ढांचे को अपग्रेड कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जमालपुर आरआरआई के समीप दर्जनों की संख्या में पीडब्ल्यू ई के कर्मचारियों ने सेफ्टी के साथ मरम्मत कार्य करते देखे गए।



पटरी मरम्मत का कार्य करते पीडब्ल्यूई कर्मचारी।

## किऊल नदी में थम नहीं रहा अवैध बालू का खेल, दो ट्रैक्टर जब्त

**लखीसराय/ चानन (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत किऊल नदी के विभिन्न घाटों, जिनमें गोपालपुर घाट, भलुई घाट, रामपुर घाट, नगरदार घाट, मालिया घाट, धर्मपुर घाट और मोहनकुंडी घाट शामिल हैं, पर आए दिन चोरी-छिपे बालू का उठाव जारी है। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन अवैध उत्खनन पर पूर्ण विराम नहीं लग पा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की तड़के सुबह चानन थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। गुप्त सूचना के आधार पर चानन थाना पुलिस ने किऊल नदी के भलुई घाट पर छापेमारी की। पुलिस की धमक देखते ही बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो महिंद्रा ट्रैक्टर को बालू लदे टेलर सहित जब्त किया। हालांकि, पुलिस को आते देख चालक ट्रैक्टर को चालू अवस्था में ही छोड़कर फरार होने में सफल रहा। पुलिस दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना ले आई है। इस मामले में पुलिस ने कांड संख्या 40/26 दर्ज करते हुए खनिज अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस फरार चालकों और ट्रैक्टर मालिकों की पहचान करने में जुटी है। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि पुलिस की इस कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप तो है, लेकिन खनन की जड़ें इतनी गहरी हैं कि इन पर पूरी तरह लगाम लगाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।

## कारखाना से पीडब्ल्यूआई समाप्त संघर्ष मोर्चा ने जताया आक्रोश

**संयोजक पप्पू यादव ने पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिख किया विरोध, कहा महाप्रबंधक से करेगे वार्ता**

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर कारखाना के विकास को लेकर वर्षो से संघर्षरत जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा ने कारखाना से फिर एक विभाग पीडब्ल्यूआई को हटाने का विरोध किया है ।

पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि एक तरफ मोर्चा कारखाने के स्वर्णिम इतिहास के लिए संघर्ष कर रही है। वहीं दूसरी तरफ रेलवे अधिकारी कारखाना को नेस्तनाबूत करने पर तुले हैं। जिसे लेकर मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर को पत्र लिख कर विरोध जताया है।

श्री यादव ने अपने पत्र में लिखा की पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों के स्थानांतरण का विरोध करते हुए कहा की पीडब्ल्यूआई कर्मचारी को कारखाना से हटकर एईएन ओपन लाइन में स्थानांतरित किया जा रहा है। मोर्चा का मानना है की पीडब्ल्यूआई कर्मचारी जमालपुर रेल कारखाना का एक विभाग है लेकिन बेवजह पीडब्ल्यूई के सभी कर्मचारियों को कारखाना से बाहर का रास्ता दिखाते हुए इसे मालदा डिवीजन में भेज कारखाना से इस विभाग को समाप्त किया जा जबकि ऐसा नहीं है कि कारखाना से ट्रैक का कार्य समाप्त हो गया । बावजूद कर्मचारियों को ओपन लाइन में स्थानांतरण न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है । मोर्चा संयोजक ने बताया की अधिकारी अपनी खामियां छुपाने के लिए कर्मचारियों को इसका जबरदस्ती शिकार बना रहे हैं यहाँ तक की विभाग के कर्मचारियों को उपस्थिति दर्ज कराने से भी रोक दिया गया है। जिसे लेकर संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमण्डल जल्द ही महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी बात रखेगे और आन्दोलन का रूख अख्तियार करेगे।



जानकारी देते मोर्चा के नेता पप्पू यादव।

## वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश प्रसाद सिंह के निधन से विधि जगत में शोक की लहर, लखीसराय जिला विधिज्ञ संघ ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**लखीसराय (एनएसबी)।** लखीसराय जिला विधिज्ञ संघ के वरीय सदस्य, विराट स्वभाव और बहुमुखी प्रतिभा के धनी आदरणीय अधिवक्ता दिनेश प्रसाद सिंह का लंबी बीमारी के बाद लखीसराय स्थित उनके आवास पर दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से मुंगेर एवं लखीसराय न्याय मंडल सहित जिले के अधिवक्ता समाज में शोक की लहर दौड़ गई।

स्वर्गीय दिनेश प्रसाद सिंह अपने विशाल हृदय, हंसमुख और समदर्शी व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। वे मुंगेर एवं लखीसराय न्याय मंडल के एक चर्चित और सम्मानित अधिवक्ता थे। उनसे मिलने वाला प्रत्येक व्यक्ति उनके सहज, मधुर और आत्मीय व्यवहार का कायल हो जाता था। उनके साथियों का मानना है कि उनका अद्वितीय व्यक्तित्व, सौम्य व्यवहार और अधिवक्ता समाज के प्रति उनका निस्वार्थ समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से जिला विधिज्ञ संघ में एक ऐसी शून्यता उत्पन्न हुई है, जिसकी भरपाई करना अत्यंत कठिन है।

इस दुखद घड़ी में जिला विधिज्ञ संघ, लखीसराय की ओर से अधिवक्ता रजनीश कुमार सहित अन्य अधिवक्ता साथियों ने उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति दें। पूरा संघ परिवार इस कठिन समय में शोकाकुल परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है।

## रोजगार मेला में मिली नियुक्तियां, खिले चेहरे

**जमालपुर बीसैप-9 में लगाया गया था मागदर्शन मिला, 14 कंपनियों ने लिया हिस्सा, 524 ने किया आवेदन**

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर समादेष्टा कार्यालय बीसैप-9 कैंप परिसर में बुधवार को रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के बेरोजगार युवक-युवतियों को उनकी योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभात रंजन, प्रखंड परियोजना प्रबंधक पूनम कुमारी, प्रबंधक (रोजगार) रुपेश किशोर, आशियाना जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्ष फूल कुमारी देवी तथा बसेरा जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्ष नीतु देवी ने संयुक्त रूप से किया।



रोजगार मेले का उद्घाटन करते बीडीओ।

रोजगार मेले में कुल 14 कंपनियों ने भाग लिया। इस दौरान लगभग 524 युवक-युवतियों ने रोजगार के लिए अपना निबंधन कराया। कई कंपनियों ने युवाओं का साक्षात्कार भी लिया। विशेष रूप से निर्मला जाब कंसलटेंसी से जुड़ी कंपनियों ने योग्य उम्मीदवारों को सीधे नियुक्ति पत्र सौंपे और उन्हें निर्धारित तिथि पर कंपनी में उपस्थित होकर नौकरी ज्वाइन करने का निर्देश दिया। मेले में रोजगार के साथ-साथ प्रशिक्षण के अवसर भी उपलब्ध कराए गए। विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों ने युवाओं को कौशल विकास से जुड़ी जानकारी दी, ताकि वे भविष्य में बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें।

जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि जमालपुर प्रखंड में आयोजित यह रोजगार दर्शन मेला इस वित्तीय वर्ष का चौथा आयोजन है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को सीधे कंपनियों से जुड़ने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि कंपनियों के प्रतिनिधि युवाओं की योग्यता के अनुसार चयन करते हैं और उन्हें प्रशिक्षण या नौकरी के लिए अवसर प्रदान करते हैं। इस पहल से ग्रामीण युवाओं को रोजगार के प्रति जागरूकता के साथ-साथ बेहतर भविष्य की दिशा भी मिल रही है।

## तीन शराब तस्करों समेत 11 गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब बरामद



अवैध शराब मामले में गिरफ्तार ।

**लखीसराय (एनएसबी)।** मद्य निषेध थाना लखीसराय द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाकर शराब के अवैध कारोबार और सेवन के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की गई है। 10 मार्च 2026 को की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 11 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें शराब बेचने वाले तस्कर और पीने वाले दोनों शामिल हैं। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, किउल रेलवे यार्ड के समीप की गई छापेमारी में नवादा जिले के रहने वाले छोटू राज को 6 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के जखराज स्थान नहर किनारे से कन्हैया यादव को 10 लीटर चुलाई शराब के साथ और तेतरहाट थाना क्षेत्र से गीता देवी को 3 लीटर चुलाई शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। अभियान के दौरान शराब पीने वालों के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया गया। सूर्यगढ़ा के अलीनगर से जमुई निवासी मनोज मांझी, मुन्ना कुमार और अमलेश कुमार उर्फ मनीष राज को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। इसी क्षेत्र के कवैया दलपट्टी से राहुल कुमार को भी पीने के आरोप में पकड़ा गया। बड़हिया थाना क्षेत्र के गंगासराय से सुनील महतो और विजय कुमार को पुलिस ने दबोचा, जबकि डुमरी क्षेत्र से धर्मेंद्र सिंह और धीरज कुमार को शराब का सेवन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर लिया है और सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मद्य निषेध कानून के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जनगणना 2027 : लखीसराय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, आधुनिक तकनीक और डेटा सुरक्षा पर रहा जोर

**लखीसराय (एनएसबी)।** बुधवार को जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में भारत की जनगणना 2027 हेतु आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का सफलतापूर्वक समापन हो गया।

इस कार्यक्रम के अंतिम दिन जनगणना कार्य में जुटे अधिकारियों और कर्मियों को आधुनिक तकनीक, मोबाइल ऐप के संचालन और डेटा प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने जनगणना के लिए विशेष रूप से तैयार मोबाइल ऐप की विशेषताओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इसमें एचएलओ प्रश्नावली के प्रश्न संख्या 1 से 34 तक को सटीक तरीके से भरने की विधि सिखाई गई। साथ ही, डेटा के सत्यापन में पर्यवेक्षकों की भूमिका और एचएलओ पर्यवेक्षक ऐप के प्रभावी उपयोग पर भी चर्चा की गई।

सत्र में डेटा नैतिकता, गोपनीयता और सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों को प्रमुखता से रखा गया, ताकि आम नागरिकों की जानकारी सुरक्षित रहे। फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए प्रगणकों को प्रतिवादियों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और उचित आचरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए। तकनीकी सत्र में मोबाइल एवं वेब ऐप के उपयोग के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान और क्या करें और क्या न करें की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सीएमएमएस डैशबोर्ड के माध्यम से डेटा की गुणवत्ता की निगरानी और जिला व चार्ज अधिकारियों के लिए वेब पोर्टल के संचालन पर प्रस्तुतीकरण दिया गया।




बैठक करते डीएम ।

समापन संबोधन में जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने जनगणना को देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया बताया। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े ही भविष्य के नीतिगत निर्णयों का आधार बनते हैं, इसलिए सभी कर्मी इस कार्य को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपर समाहर्ता नीरज कुमार, जिला योजना पदाधिकारी आशुतोष कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी राम विनोद प्रसाद यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार और जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम सहित जिले के कई अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वीकेएसयू सीनेट में 8.69 अरब का सर्वसम्मति से घाटे का बजट पारित

**आरा(एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की सीनेट की बैठक कुलपति डॉ. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बुधवार को नूतन परिसर स्थित परीक्षा विभाग के सभागार में हुआ। बैठक की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चर्चा और प्रश्नोत्तर के बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आठ अरब 69 करोड़ 19 लाख 98 हजार 56 रुपये का घाटे का बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

बैठक की शुरूआत में छात्रा मुस्कान सिंह, प्रीति कुमारी, मेघा, अदिति और स्नेहा ने कुलगीत और राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। तत्पश्चात वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक की शुरूआत वित्त परामर्शदाता अरुण प्रसाद श्रीवास्तव ने की। उसके बाद कुलपति डॉ. शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने अपने भाषण में कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। इंटीग्रेटेड यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है, जिसके माध्यम से शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। साथ ही गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस और नेशनल अकादमिक डिपॉजिटरी के माध्यम से प्रमाणपत्रों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य जारी है। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक, प्रशासनिक और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि अकादमिक कैलेंडर के अनुसार सत्र 2024-25 को नियमित किया गया है और परीक्षा कैलेंडर का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे छात्रों को समय पर पढ़ाई और परीक्षा की सुविधा मिल रही है। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया योजना के तहत परिसर में बहुउद्देश्यीय खेल हॉल का निर्माण किया गया है। कुलपति ने बताया कि कई महाविद्यालयों ने एनएएसी की मान्यता प्राप्त कर ली है, जबकि अन्य इसके लिए प्रयासरत हैं। शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति भी की गई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और पीजी विभागों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है। भविष्य में इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य तकनीकी पाठ्यक्रम शुरू करने की भी योजना है। बैठक के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। सीनेट सदस्य देववंश सिंह, बिनोद कुमार सिंह और अमरेश चौधरी समेत कई सदस्यों ने अपने विचार रखते बहस के साथ सुझाव भी प्रस्तुत किए। हर सवालों का जवाब राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. कुंदन कुमार सिंह ने बड़ी विनम्रता के साथ दिया। बैठक में बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रसाद सिंह, कुलसचिव डॉ. रामकृष्ण ठाकुर, वित्त परामर्शदाता अरुण प्रसाद श्रीवास्तव, वित्त पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनवर इमाम, सीसीडीसी डॉ. अनुज रजक, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. शंभू शरण शर्मा सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## सीनेट की बैठक में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के विकास, शैक्षणिक व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**आरा(एनएसबी)।** वीकेएसयू की सीनेट की बैठक में विश्वविद्यालय के विकास, शैक्षणिक व्यवस्था और प्रशासनिक सुधार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न समितियों और विभागों द्वारा दी गई संस्तुतियों (सिफारिशों) पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद कई प्रस्तावों पर मुहर लगा दी गई।

बैठक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें कुलपति, प्रतिकुलपति, सीनेट सदस्य, शिक्षाविद् तथा अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता कुलपति ने की, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय को शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान और प्रशासनिक पारदर्शिता के मामले में और मजबूत बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सीनेट की बैठक विश्वविद्यालय की सर्वोच्च नीति निर्धारण प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए इसमें लिए गए निर्णयों का सीधा प्रभाव छात्रों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर पड़ता है। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों और संस्तुतियों को रखा गया। इनमें नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत, शिक्षकों की नियुक्ति, परीक्षा प्रणाली में सुधार, आधारभूत संरचना के विकास तथा वित्तीय प्रबंधन से जुड़े मुद्दे शामिल थे। चर्चा के बाद अधिकांश संस्तुतियों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इससे विश्वविद्यालय में कई नई शैक्षणिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

इसके अलावे बैठक में विश्वविद्यालय के अधीन आने वाले कॉलेजों की शैक्षणिक स्थिति की भी समीक्षा की गई। सदस्यों ने कहा कि कॉलेजों में पढ़ाई की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए नियमित निरीक्षण और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जानी चाहिए। कुछ सदस्यों ने छात्रों के हित में परीक्षा परिणाम समय पर जारी करने और डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने का सुझाव भी दिया। वित्तीय मामलों पर चर्चा के दौरान विश्वविद्यालय की आय-व्यय की स्थिति पर भी विचार किया गया। वित्त समिति की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए सदस्यों ने पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया। कई सदस्यों ने यह भी सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय को अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएँ शुरू करनी चाहिए। सीनेट बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए समय-समय पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएँगी। साथ ही विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए पुस्तकालय, प्रयोगशाला और डिजिटल संसाधनों को मजबूत किया जाएगा। बैठक के अंत में कुलपति ने सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सीनेट द्वारा पारित प्रस्तावों को जल्द ही लागू करने की दिशा में कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन निर्णयों से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशासनिक व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

## छात्र संगठन आईसा ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**आरा(एनएसबी)।** सीनेट की बैठक के दौरान छात्र संगठन आइसा के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया गया। कार्यकताओं ने जीरो माइल से मार्च निकालते हुए विश्वविद्यालय तक प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। घेराव का नेतृत्व आइसा बिहार राज्य सचिव सब्बीर कुमार, जिला सचिव विकास कुमार और अध्यक्ष सुशील कुमार कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने नई शिक्षा नीति वापस लेने, सीबीसीएस प्रणाली समाप्त करने, छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित करने और अकादमिक कैलेंडर को सख्ती से लागू करने की मांग की। इस दौरान कुछ देर तक पदाधिकारियों के साथ नोकझोंक भी हुई। बाद में आइसा प्रतिनिधियों ने अपनी 21 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन परीक्षा नियंत्रक को सौंप दिया। प्रदर्शन में चंदन दास, साहिल अरोरा, राजेश कुमार, विवेक कुमार, राजन, सियाकांत, रजनीश पासवान, सागर पासवान, हर्षिता जी और छोटी कुमारी समेत कई छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा : सुल्तानिया

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बुधवार को निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर वहां चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्य की गति,



निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण।

गुणवत्ता तथा उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा कार्य में तेजी लाकर इसे समय पर पूर्ण किया जाए, ताकि जिले के लोगों को जल्द से जल्द बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा, ताकि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त भोजपुर, अपर समाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, विशेष कार्य पदाधिकारी, सिविल सर्जन तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी उदवंतनगर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीएम ने जीरो माईल-पातर तथा जीरो माईल-असनी सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का किया निरीक्षण

**आरा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बुधवार को जीरो माईल-पातर तथा जीरो माईल-असनी सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। इसके साथ ही जीरो माइल में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आम जनता को सुगम आवागमन, जलनिकासी की बेहतर सुविधा तथा यातायात जाम से राहत मिलेगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को व्यापक लाभ होगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता,अपर समाहर्ता, निदेशक एनईपी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता बुडको, कार्यपालक अभियंता पुल निर्माण निगम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**डीएम बोलेः निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ सभी कार्य**

### महाविद्यालय और पीजी विभाग 10 अप्रैल तक मतदाता सूची करेंगे प्रकाशित

**आरा (एनएसबी)।** वीकेएसयू में छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. ओपी राय ने की। इस दौरान छात्रसंघ चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और चुनाव की तैयारियों को गति देने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी अंगीभूत महाविद्यालयों तथा स्नातकोत्तर विभागों को अपने-अपने स्तर पर मतदाता सूची तैयार कर छात्र कल्याण कार्यालय को भेजना होगा। निर्देश दिया गया है कि सभी कॉलेज और विभाग 10 अप्रैल तक मतदाता सूची प्रकाशित कर दें, ताकि आगे की चुनावी प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची के आधार पर नामांकन और अन्य प्रक्रियाएं शुरू की जाएंगी। चुनाव संचालन समिति को चुनाव की तिथि तय करने, मतदाता सूची तैयार कराने, नामांकन प्रक्रिया संचालित करने तथा मतदान और मतगणना की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाएगी। बताया जाता है कि विश्वविद्यालय के 33 वर्षों के इतिहास में छात्रसंघ चुनाव केवल एक बार ही हो पाया है। वर्ष 2018 के बाद से छात्रसंघ चुनाव नहीं हो सका था।

### इफ्तार पार्टी कर पुलिस ने दिया सद्भावना का संदेश

**कोईलवर।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर बुधवार को भोजपुर जिले के कोईलवर थाना परिसर में इफ्तार पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा मुस्लिम समुदाय के रोजेदारों , पत्रकारों ने एक साथ इफ्तार कर आपसी भाईचारा, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। इफ्तार कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीपीओ रणजीत कुमार सिंह, कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र, अंचल इंस्पेक्टर विजय कुमत भारती, बबुरा थानाध्यक्ष संजय कुमार तथा अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रसोई गैस का कोई अभाव नहीं धैर्य बनाए रखें लोग : एसडीएम

नवसंदेश ब्यूरो

**पीरो।** रसोई गैस की किल्लत के अफवाह से मची अफरातफरी के बीच पीरो के अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय ने लोगों को भरोसा दिलाया कि रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है, उन्होंने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि पहले की तरह पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस की आपूर्ति हो रही है। सभी वास्तविक उपभोक्ताओं को नियमानुसार रसोई गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने जारी अपील में कहा है कि दो-तीन दिनों से ऐसा देखा जा रहा है की घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए तमाम लोग गैस एजेंसी के ऑफिस में पहुंच जा रहे हैं। वहां भीड़भाड़ की स्थिति हो रही है और लोग वहां झगड़ा झंझट भी करने पर उतारू हो जा रहे हैं। जबकि गैस की कोई कमी नहीं है। जिन लोगों का नंबर ओटीपी के माध्यम से आ रहा है उनको गैस की डिलीवरी हो रही है। कई मामलों में ऐसा देखा जा रहा है कि गैस सिलेंडर ले जाने वाले हॉकर को भी कुछ लोग धमका करके उससे गैस ले लेने की कोशिश कर रहे हैं। यह कार्य बिल्कुल गैर कानूनी है और ऐसे लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करके उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी पीरों ने बताया कि गैस की कोई किल्लत नहीं है किंतु अभी पिछले चार दिनों से हुए नियमों के बदलाव के कारण 25 दिन पर एक गैस सिलेंडर मिलना है। इसके लिए जिन लोगों ने अपना ई केवाईसी करवाया हुआ है उन लोगों को बुकिंग के समय ओटीपी आता है। ओटीपी डाल कर बुकिंग कंफर्म करने पर सिलेंडर डिलीवरी के लिए इनवॉइस तैयार होता है। कई लोग पुरानी व्यवस्था के तहत मिस कॉल कर करके ओटीपी नहीं देख रहे हैं और यह समझ रहे हैं कि बुकिंग हो गई लेकिन ऐसा नहीं हो पाता।इसलिए पीरो के इंडेन सभी 24 हजार उपभोक्ताओं और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जा रहा है कि गैस एजेंसी के आफिस पर बिल्कुल ना जाएं। आप अपनी बुकिंग करके आपके घर में होकर गैस सिलेंडर लेकर जाएगा। अनावश्यक गैस एजेंसी के आफिस में जाकर लाइन लगाकर, भीड़ लगाकर वहां विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने की आवश्यकता नहीं है। गैस सिलेंडर की कोई किल्लत नहीं है। पहले भी इंडेन का 300 गैस सिलेंडर प्रति दिन के हिसाब से वितरण होता था और किसी को भी कोई समस्या नहीं होती थी। अभी इंडेन गैस सिलेंडर साढे चार सौ प्रतिदिन आ रहा है। किसी को भी पूर्व रूटीन के हिसाब से काम करने में गैस सिलेंडर आपूर्ति नही होने की कोई संभावना नहीं है। सभी उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर आपूर्ति होगी , बशर्ते 25 दिन के पहले बुकिंग नहीं हो पाएगी। इसलिए सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वह धैर्य रखें और अपनी बारी का इंतजार करें उनके घर जरूर सिलेंडर पहुंचेगा।

## पुरानी पुलिस लाइन जीआईएस और जापानी पीएसएस से पाँच घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**आरा (एनएसबी)।** जापानी पीएसएस और पुरानी पुलिस लाइन जीआईएस में अधिष्ठापित विद्युत उपकरणों को मेंटेनेंस हेतु 12 मार्च 2026 (गुरुवार) को सुबह 11 बजे से संध्या 4 बजे तक जापानी फार्म पीएसएस एवं पुरानी पुलिस लाइन जीआईएस से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान सिंडिकेट फीडर के पुरानी पुलिस लाइन, नाला मोड़, चौधरीयाना, सिंडिकेट, तरी मुहल्ला, आम्रपाली मार्केट, आर्य समाज एवं एम.पी.बाग के आस पास के क्षेत्र, टाउन थाना फीडर के डीईओ ऑफिस, एसपी ऑफिस, नगर निगम, सिविल कोर्ट, एमपी बाग, बाबु बाजार, टाउन थाना, शाहिद भवन, महावीर टोला, पार्क-भय्यू आदी के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पकड़ी फीडर के डॉ. ईशा, मदन जी के हाता, मालती हॉस्पिटल, सदर एसडीओ आवास के आस पास के क्षेत्र, मौलाबाग फीडर के गायत्री मंदीर आदि आस पास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## पूर्व के विवाद को ले हथियारबंद बदमाश ने छपरा निवासी युवक को मारी गोली

**आरा (एनएसबी)।** जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट के समीप बुधवार की शाम पूर्व के विवाद मे. हथियारबंद बदमाश ने छपरा निवासी युवक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार जख्मी सारण (छपरा) जिले के छपरा नगर थाना क्षेत्र के छपरा नगर निवासी शैलेंद्र कुमार राय का 20 वर्षीय पुत्र अभिषेक यादव है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई। इधर, छपरा निवासी जख्मी युवक के दोस्त विवेक तिवारी ने बताया कि उनके बेटे का छठी समारोह गत 18 फरवरी को सिन्हा गांव ससुराल में हुआ था, जिसमें वह भी आया था और वहां उत्तम सिंह नामक व्यक्ति भी आया था, जो उनके साला का दोस्त है। छट्ठी के दौरान उत्तम सिंह से उसका विवाद हुआ था। हालांकि उस दिन बात खत्म हो गई थी। उसने बताया कि सिन्हा निवासी लड़की से उसने लव मैरिज की है। जिसको लेकर उसकी पत्नी और ससुराल वालों द्वारा उसके ऊपर दहेज की मांग को लेकर आरा महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उसी को लेकर महिला थाना पुलिस द्वारा उसे थाना में बुलाया गया था। जिसको लेकर वह अपने दोस्त अभिषेक यादव के साथ आया था। बुधवार की शाम जब महुली घाट के समीप था। तभी उत्तम सिंह वहां आ धमका और उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दौरान वह बाल-बाल बच गया। लेकिन फायरिंग के दौरान उसके दोस्त अभिषेक यादव को पर में गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

**जख्मी का सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज**

**घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटी पुलिस**

वहीं दूसरी तरफ जख्मी अभिषेक यादव के दोस्त विवेक तिवारी ने सिन्हा थाना क्षेत्र के मरहा गांव निवासी उत्तम सिंह पर 18 फरवरी को हुए विवाद को लेकर खुद पर तीन से चार फायरिंग करने एवं फायरिंग के दौरान गोली लगने से अपने दोस्त अभिषेक यादव को जख्मी होने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। जबकि इलाज कर रहे ऑर्थो सर्जन डॉ. अमन सिंह ने बताया कि अभिषेक यादव नामक युवक जो छपरा के रहने वाले हैं। गोली से जख्मी हालत में आए थे। गोली उनके दाहिने पैर में लगी है। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है और डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है। हालांकि अभी उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा।

## टीएसआई महिला कॉलेज में प्रो. डॉ. सुनीता राय को विदाई



**आरा (एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय (टीएसआई) में बुधवार को अवकाश प्राप्त प्रभारी प्राचार्या प्रो. डॉ. सुनीता राय के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह की उपस्थिति और मार्गदर्शन में कॉलेज के गैलरी स्थित सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान शिक्षकों एवं कर्मचारियों की ओर से प्रो. डॉ. सुनीता राय को 51 हजार रुपये का चेक भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रो. डॉ. सुनीता राय के कार्यकाल में महाविद्यालय ने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, उनके प्रयासों से कॉलेज को नई पहचान मिली और कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुईं। उन्होंने कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अग्रणी संबद्ध डिग्री कॉलेजों में शामिल हुआ है। कार्यक्रम में प्रख्यात चिकित्सक डॉ. गायत्री सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्या प्रो. डॉ. सियामती राय ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिकाएं प्रो. डॉ. अनुभा सिंह, प्रो. सुमन सिंह, प्रो. इन्द्राणी सिंह, प्रो. निभा परमार, प्रो. रागिनी कुमारी, प्रो. उर्मिला सिंह, प्रो. उमा कांति शुक्ला, प्रो. सीमा सिंह, प्रो. अंजू कुमारी समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

**समय पर बिजली बिल का भुगतान कर उपभोक्ता निभाएँ अपनी जिम्मेदारी : महाप्रबंधक एसबीपीडीसीएल**

# बकाया वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश

**आरा (एनएसबी)।** एसबीपीडीसीएल के महाप्रबंधक (राजस्व), पटना अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में 11 मार्च 2026 को विद्युत आपूर्ति अंचल, भोजपुर में राजस्व से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बिलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाना, राजस्व संग्रहण में वृद्धि करना, लंबित बकाया की वसूली में तेजी लाना, स्मार्ट मीटरिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना तथा विद्युत चोरी के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करना था। बैठक में विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल-भोजपुर एवं एसटीएफ अंचल-भोजपुर, वरीय प्रबंधक (राजस्व), विद्युत आपूर्ति प्रमंडल आरा, जगदीशपुर एवं बक्सर के कार्यपालक विद्युत अभियंता, लेखा पदाधिकारी, सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त एडवांस्ड मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर सेवा प्रदाता एवं बिलिंग एजेंसी के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया।

बैठक के दौरान विभिन्न प्रमंडलों एवं सेक्शनों में बिलिंग कार्य की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कुछ क्षेत्रों में बिलिंग की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। इस पर महाप्रबंधक (राजस्व) ने बिलिंग एजेंसी को निर्देश दिया कि सभी क्षेत्रों में बिलिंग कार्य को समयबद्ध, सटीक एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को सही एवं स्पष्ट विद्युत विपत्र प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य में लागू की जा रही ओसीआर आधारित बिलिंग प्रणाली के माध्यम से बिलिंग प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाया जा रहा है, जिससे बिलिंग की शुद्धता में सुधार होगा और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**राजस्व वसूली, बिलिंग व्यवस्था, स्मार्ट मीटरिंग एवं प्रवर्तन कार्यों की हुई समीक्षा**

**विद्युत चोरी एवं अनधिकृत उपभोग पर सख्त कार्रवाई**

राजस्व संग्रहण की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ क्षेत्रों में भुगतान प्रतिशत अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। इस पर सभी प्रमंडलों एवं सेक्शनों को निर्देश दिया गया कि विशेष अभियान चलाकर भुगतान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की जाए। महाप्रबंधक (राजस्व) ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 20 हजार से अधिक तथा शहरी क्षेत्रों में 5 हजार से अधिक बकाया रखने वाले ऐसे उपभोक्ताओं, जो भुगतान करने में सक्षम होने के बावजूद बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार विद्युत आपूर्ति विच्छेदन सहित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा बकाया वसूली की प्रक्रिया को तेज किया जाए।

राजस्व संग्रहण को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से राजस्व वसूली शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से प्रतिदिन राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त माइकिंग, जन-जागरूकता अभियान एवं अन्य प्रचार-प्रसार माध्यमों के द्वारा उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल भुगतान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बैठक में विद्युत चोरी एवं अनधिकृत ऊर्जा उपभोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रवर्तन टीम द्वारा नियमित जांच अभियान चलाया जाए तथा विद्युत चोरी के मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से कृषि उपभोक्ताओं के विद्युत उपयोग की नियमित जांच करने तथा अनधिकृत ऊर्जा उपभोग पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में स्मार्ट मीटरिंग एवं एडवांस्ड मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया गया कि स्मार्ट मीटरों की स्थापना की गति को तेज किया जाए तथा दोषपूर्ण मीटरों को शीघ्र प्रतिस्थापित किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को वास्तविक विद्युत उपभोग के आधार पर सटीक एवं पारदर्शी बिलिंग उपलब्ध हो सके।